प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

किसी का अच्छा ना कर सको
तो बुरा भी मत करना
क्योंकि दुनिया कमजोर है
लेकिन दुनिया बनाने वाला नहीं!!

श्रीमद् भगवद् गीता

www.purvanchalsurya.com

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची ➢दिल्ली➢देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306



10

वर्ष - 17 | अंक 269 | दैनिक | रांची | मंगलवार 14 मई 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

## 10 राज्यों की 96 सीटों पर शाम 5 बजे तक 62.31 फीसदी वोटिंग

- आंध्र में विधायक -वोटर ने एक-दूसरे को थप्पड़ मारे, कांग्रेस प्रत्याशी के भाई ने शख्स को लात मारी
- बंगाल में सील की जा रही थीं ईवीएम



**नई दिल्ली।** सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों की 96 सीटों पर वोटिंग चल रही है। इस चरण में एक हजार 717 उम्मीदवार चुनावी मैदान में किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें पांच केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता भी शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की सभी 25 सीटों पर मतदान है। वहीं उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर वोटिंग है। इसी तरह तेलंगाना की 17, महाराष्ट्र की 11, एमपी की आठ, पश्चिम बंगाल की आठ, बिहार की पांच, झारखंड और ओडिशा की चार-चार व जम्मू कश्मीर की एक सीट पर मतदान है। बीरभूम में चौथे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद ईवीएम मशीनों को सील किया जा रहा है।

### झारखंड में 63.14 प्रतिशत मतदान

### चुनाव के बीच कांग्रेस विधायक पर FIR, बूथ के बाहर सभा करने का आरोप



**खूंटी /लोहरदगा /पलामू ,एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को झारखंड के सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। वोटिंग सुबह 7 बजे से शुरू हो गई है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित मौजूदा सांसद गीता कोड़ा, बीडी राम सहित कुल 45 प्रत्याशी मैदान में हैं। सिंहभूम में कुल 14, खूंटी में सात, लोहरदगा में 15, पलामू में कुल नौ प्रत्याशी चुनावी रण में ताल ठोक रहे हैं।झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं। आज जिन चार सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, ये सभी आरक्षित हैं। पलामू सीट अनुसूचित जाति और अन्य तीन अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इन सीटों पर इंडिया गठबंधन समर्थित प्रत्याशियों और भाजपा के बीच आमने-सामने की लड़ाई है। हालांकि लोहरदगा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला भी बन गया है। झारखंड की चार सीटों पर हुए मतदान का अनुमानित आंकड़ा आया है। शाम पांच बजे जारी अपडेट के अनुसार, झारखंड में कुल 63.14 प्रतिशत मतदान हुआ है। लोकसभा क्षेत्रवार बात करें तो खूंटी में 65.82 प्रतिशत, लोहरदगा संसदीय सीट के लिए 62.60 प्रतिशत, पलामू सीट पर 59.99 प्रतिशत और सिंहभूम संसदीय क्षेत्र में 66.11 प्रतिशत मतदान हुआ है। हालांकि देर शाम तक इस आंकड़े में बदलाव हो सकता है।

## पीएम ने दो तरह के जवान बनाए, गरीब और अमीर

- गरीब को अग्निवीर नाम दिया, जिसे शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा

**रायबरेली (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने रायबरेली में कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो तरह के जवान बनाए हैं। एक- जो गरीबों का बेटा होगा, दलित, आदिवासियों, पिछड़ों का बेटा होगा, दूसरा- अमीर घर का बेटा होगा। गरीब घर के बेटे को उन्होंने अग्निवीर नाम दिया है। उससे कहा है कि तुम्हारी जान जाएगी तो तुम्हें शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। तुम्हें पेंशन और केंटीन की सुविधाएं भी नहीं मिलेंगी। अगर तुम शहीद हुए तो भारत सरकार तुम्हारे परिवार की रक्षा नहीं करेगी। अगर आप अग्निवीर नहीं हो, अगर आप सीनियर अफसर या चार में से एक हो तो आपको पेंशन मिलेगी, शहीद का दर्जा मिलेगा, मेडल मिलेगा, सरकार अंतिम समय तक आपके परिवार की रक्षा करेगी।



## जयपुर के 56 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

- जयपुर ब्लास्ट की बरसी पर सुबह-सुबह स्कूलों के प्रिंसिपल को आया मेल

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर ब्लास्ट की बरसी पर यहां (जयपुर कमिश्नरेट) के 56 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। अज्ञात व्यक्ति ने सभी स्कूल के प्रिंसिपल को सुबह-सुबह मेल के जरिए स्कूल की बिल्डिंग में बम



होने की सूचना दी। आनन-फानन में सारे स्कूल को खाली करवाया गया।
जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा है। सभी स्कूलों से बच्चों को बाहर निकाला गया है। पुलिस मेल करने वाले व्यक्ति की ईमेल आईडी की जानकारी निकाल रही है। एक दिन पहले जयपुर समेत देश के 12 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। उधर, लखनऊ के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।

## दिल्ली सीएम हाउस में स्वाति मालीवाल से मारपीट का आरोप

### केजरीवाल के पीए ने पीटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से सोमवार को दिल्ली सीएम हाउस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार ने मारपीट की। यह दावा भाजपा के आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने किया है। उन्होंने कहा कि आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ सीएम केजरीवाल के पीए विभव



कुमार ने मारपीट की है। ये घटना सीएम हाउस में हुई, लेकिन कोई आधिकारिक रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। दोपहर 4 बजे तक ना दिल्ली महिला आयोग ना आप पार्टी ने इस घटना की पुष्टि की।

**पुलिस ने कहा- मैडम थाने आई थीं, लेकिन शिकायत नहीं की-** डीसीपी (नॉर्थ) मनोज मीना ने बताया, हमें सुबह 9 :34 बजे एक पीसीआर कॉल मिली जिसमें कॉल करने वाले ने कहा कि उसके साथ सीएम आवास के अंदर मारपीट की गई है। उसके बाद स्थानीय पुलिस और एसएचओ ने कॉल का जवाब दिया। कुछ समय बाद, सांसद स्वाति मालीवाल पुलिस स्टेशन सिविल लाइन्स आईं। इस मामले में उनकी ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है।

### पीएम ने पटना साहिब गुरुद्वारे में बनाया खाना,रोटी बेली

## लंगर में बैठे लोगों को परोसा भी; अरदास लगाई, माथा टेका



**पटना (एजेंसी)।** बिहार दौरे के दूसरे दिन सोमवार को पीएम मोदी पटना सिटी के तख्त श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारे पहुंचे। पीएम ने यहां माथा टेका और अरदास की। यहां प्रसाद खाने के बाद पीएम लंगर वाले एरिया में गए। वहां उन्होंने खाना बनाया। प्रधानमंत्री ने रोटियां भी बेलीं। साथी ही लंगर में लोगों को अपने हाथ से खाना परोसा। पीएम सिर पर पगड़ी पहने हुए थे। वे गुरुद्वारे में करीब 20 मिनट रुके। उनके साथ रविशंकर प्रसाद और अश्विनी चौबे भी थे। यह पहला मौका है, जब कोई पीएम पटना साहिब गुरुद्वारे पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पटना सिटी में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पीएम के कार्यक्रम को लेकर सिख समुदाय के लोगों में काफी उत्साह दिखा।

### बिहार में मोदी का इंडिया गठबंधन पर पलटवार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और उसके नेताओं को ''कायर'' बताया जो ''पाकिस्तान की परमाणु शक्ति से डरे हुए'' हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) उम्मीदवार के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, मोदी ने कहा, ''देश का चुनाव है, ये हिंदुस्तान का भविष्य तय करने का चुनाव है, ये चुनाव देश का नेतृत्व चुनने का चुनाव है। देश, कांग्रेस वाली कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता।

'इंडिया' गठबंधन में शामिल नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला का नाम लिए बिना उनके हालिया एक बयान की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा, ''ये 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के कैसे बयान आ रहे हैं। ये लोग इतने डरे हुए हैं कि इनको रात में सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखायी देता है। कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं।

## ईरान का चाबहार पोर्ट लीज पर लेगा भारत

### 10 साल के लिए समझौता, इससे अफगान-सेंट्रल एशिया में व्यापार के लिए पाकिस्तान की जरूरत खत्म होगी

**तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिका और पश्चिमी देशों की पाबंदियों के बीच ईरान के चाबहार पोर्ट को लेकर भारत एक बड़ी डील करने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत रणनीतिक और व्यापारिक रूप से अहम चाबहार पोर्ट को 10 साल के लिए लीज पर लेगा। इसके बाद पोर्ट का पूरा मैनेजमेंट भारत के पास होगा। भारत को इसके जरिए अफगानिस्तान और सेंट्रल एशिया से व्यापार करने के लिए नया रूट मिल जाएगा। विदेश मंत्री ने एस जयशंकर ने सोमवार (12 मई) को बताया कि केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को चाबहार पोर्ट की डील के लिए ईरान भेजा गया है। सोनोवाल के दौरे से ईरान चाबहार पोर्ट के मैनेजमेंट से जुड़े समझौते को अंतिम रूप देने वाला है। भारत और ईरान दो दशक से चाबहार पर काम कर रहे हैं।चाबहार पोर्ट सीधा ओमान की खाड़ी से जुड़ता है। यह पोर्ट भारत और अफगानिस्तान को व्यापार के लिए वैकल्पिक रास्ता मुहैया कराता है। जिससे पाकिस्तान की जरूरत खत्म हो जाएगी। चाबहार पोर्ट पूरा होने से भारत को ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के साथ सीधे व्यापार का रास्ता मिलेगा।



### क्या है चाबहार पोर्ट और भारत के लिए क्यों जरूरी है

भारत दुनियाभर में अपने व्यापार को बढ़ाना चाहता है। चाहबार पोर्ट इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। भारत इस पोर्ट की मदद से ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के साथ सीधे व्यापार कर सकता है। ईरान और भारत ने 2018 में चाबहार पोर्ट तैयार करने का समझौता किया था।
पहले भारत से अफगानिस्तान कोई भी माल भेजने के लिए उसे पाकिस्तान से गुजरना होता था। हालांकि, दोनों देशों में सीमा विवाद के चलते भारत को पाकिस्तान के अलावा भी एक विकल्प की तलाश थी। चाबहार बंदरगाह के विकास के बाद से अफगानिस्तान माल भेजने का यह सबसे अच्छा रास्ता है। भारत अफगानिस्तान को गेहूं भी इस रास्ते से भेज रहा है। अफगानिस्तान के अलावा यह पोर्ट भारत के लिए मध्य एशियाई देशों के भी रास्ते खोलेगा। इन देशों से गैस और तेल भी इस पोर्ट के जरिए लाया जा सकता है।



### भगवा रंग में रंगी वाराणसी

- रोड शो में पीएम मोदी का हुआ भव्य स्वागत

**वाराणसी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंच चुके थे। पीएम मोदी बनारस में रोड शो कर रहे हैं। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने रोड शो से पहले महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पीएम मोदी का रोड शो बीएचयू गेट से शुरू हुआ है। पीएम मोदी आज यानी मंगलवार को तीसरी बार बनारस से नामांकन करेंगे।

## मप्र : कार से टक्कर के बाद बस से भिड़ा मिलिट्री ट्रक

### राजगढ़ में कार के ओवरटेक करने के दौरान हादसा; 3 की मौत, 14 घायल

**राजगढ़ (एजेंसी)।** राजगढ़ में सेना के ट्रक, यात्री बस और कार की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में सेना के एक जवान समेत 3 लोगों की मौत हो गई। 14 घायल भोपाल के अस्पतालों में भर्ती हैं। हादसा सोमवार सुबह करीब 10 बजे राजगढ़ जिला मुख्यालय से 110 किमी दूर पीलूखेड़ी गांव के पास हुआ। एसडीओपी उपेंद्र भाटी ने बताया कि सेना का ट्रक और कार भोपाल से ब्यावरा की ओर आ रहे थे। कार ने ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान कार का अगला हिस्सा ट्रक के अगले हिस्से से जा टकराया।



### सोनिया गांधी बोलीं-

## आज महिलाओं को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है, कांग्रेस का हाथ आपके साथ है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनावों के चौथे चरण के लिए सोमवार को वोट डाले गए। इस बीच यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने एक वीडियो मैसेज जारी किया है।



इसमें उन्होंने कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना के बारे में बताया है।
सोनिया ने कहा स्वतंत्रता की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत बनाने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है, लेकिन आज महिलाओं को भयंकर महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। उनकी मेहनत और तपस्या के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस एक क्रांतिकारी कदम उठा रही है।

## ब्लड चढ़ाने से गर्भवती और दो नवजात की मौत

- तबीयत बिगड़ने पर दो महिलाएं जयपुर में भर्ती, संक्रमित ब्लड चढ़ाने की आशंका

**जयपुर (एजेंसी)।** ब्लड चढ़ाने से एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। दो अन्य प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ गई। मामला नीमकाथाना जिला अस्पताल का है। शनिवार की रात तीन गर्भवती महिलाओं को भर्ती कराया गया है। रविवार रात ब्लड चढ़ाने के बाद तीनों गर्भवती महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई। एक महिला को जयपुर के जनाना अस्पताल रेफर किया गया, वहीं दो अन्य महिलाओं को परिजनों ने संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान जनाना अस्पताल में भर्ती प्रसूता की मौत हो गई। जबकि निजी अस्पताल में भर्ती दूसरी प्रसूता ने मृत बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद परिजनों ने उच्चाधिकारियों को शिकायत की। सूचना पर सीएमएचओ डॉ. भूपेंद्र सिंह और अस्पताल के पीएमओ डॉ. कमल सिंह शेखावत रविवार रात 9 बजे ब्लड बैंक पहुंचे और रिकॉर्ड जब्त कर जांच शुरू की।

**अचानक मौसम ने करवट बदली**

## मुंबई में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश

### कई इलाकों में अंधेरा छाया; घाटकोपर में बिलबोर्ड गिरने से 3 की मौत, 35 लोग जख्मी



**नई दिल्ली/मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई में सोमवार 13 मई को दोपहर 3 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। धूल भरी आंधी के बाद बारिश भी शुरू हो गई। तेज हवा और आंधी से दिन में ही रात सा नजारा दिखने लगा। अंधेरा छा गया। घाटकोपर में बिलबोर्ड गिरने से 3 की मौत और 35 लोग जख्मी हो गए।

मुंबई एयरपोर्ट पर ऑपरेशन पर असर पड़ा। कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को डायवर्ट किया गया, जबकि कुछ के समय में बदलाव किया गया। उधर, मेट्रो, लोकल रेल सर्विस भी प्रभावित हुई। हालांकि, दो घंटे बाद फिर से सेवाएं शुरू हो गईं।

मुंबई के घाटकोपर, बांद्रा, कुर्ला, धारावी, दादर, माहिम, मुलुंड और विक्रोली में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इनके अलावा, मुंबई के उपनगर ठाणे, अबंरनाथ, बदलापुर, कल्याण और उल्लासनगर में भी धूल भरी आंधी चली। यहां 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।

मौसम विभाग ने बताया कि अगले दो दिन ऐसा ही मौसम रह सकता है। पालघर और ठाणे जिलों में अलग-अलग स्थानों पर 50-60 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है। कुछ जगहों पर तेज हवाओं के साथ बिजली गिर सकती है।

### वडाला में मेंटल पार्किंग टॉवर, घाटकोपर में बिलबोर्ड गिरा

तेज आंधी की वजह से वडाला में अंडर-कंस्ट्रक्शन मेटल पार्किंग टावर गिर गया। इसकी चपेट में कई वाहन आ गए। उधर, घाटकोपर में एक बिलबोर्ड गिरने से 35 लोगों के जख्मी होने की खबर है। वहीं, 100 से ज्यादा लोग फंस गए थे। बीएमसी के अफसरों ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। नवी मुंबई के एरोली, घनसोली और वाशी के कई इलाकों में पेड़ गिरने की खबर है।

### मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 5 दिन तक बारिश का अलर्ट

वहीं, देश में आंधी-बारिश और ओले का दौर जारी है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 5 दिन तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों के कई जिलों में ओले भी गिर सकते हैं। राजस्थान में 16 मई तक बरसात का दौर बना रहेगा।

# स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत 'हजारीबाग मतोत्सव' का आयोजन,कई मनमोहक कार्यक्रम की हुई प्रस्तुति

- जिला निर्वाचन पदाधिकारी समेत कई अधिकारियों ने उठाया लुत्फ
- सम्मिलित हुए सभी प्रतिभागी हुए सम्मानित



**प्रतिनिधि,हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित हो इसको लेकर जिला निर्वाचन विभाग के स्वीप कोषांग के द्वारा ÷हजारीबाग मतोत्सव÷ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मनोरंजक तरीके से मतदाताओं में मतदान के प्रति सकारात्मक सोच जागृत कर वोट प्रतिशत को बढ़ाना है। ÷हजारीबाग मतोत्सव÷कार्यक्रम इसी कड़ी का एक हिस्सा है।इस कार्यक्रम में अनेकों मनमोहक प्रस्तुति के द्वारा लोगो को झुमाया और जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विधार्थियों द्वारा गायन,नृत्य,संगीत, बांसुरी वादन, मतदाता जागरूकता संबंधी प्ले,कांटेस्ट,फैशन शो आदि की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों ने हर प्रस्तुति का भरपूर लुत्फ उठाया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से मतदान के प्रति जनजागरुकता जगाना है। उन्होंने सभी से 20 मई को घरों से निकल कर मतदान देने की अपील की। इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित,उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी,भू अर्जन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी,जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक की मौजूदगी रहीं।

भाजपा का जनसंपर्क अभियानः

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए राष्ट्र हित सर्वोपरिः संजय सेठ

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने सोमवार को सुखदेव नगर मंडल, जोन्हा,सिल्ली, राहे, धुर्वा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान एवं बैठक आयोजित की।

इस अवसर पर श्री सेठ ने अपने संबोधन में कहा यह चुनाव देश का चुनाव है। यह चुनाव भारत का भविष्य तय करने का चुनाव है। यह चुनाव देश को एक सशक्त नेतृत्व देने का चुनाव है। एक सशक्त व्यक्ति को हम देश की बागडोर दे सकें, इसका निर्णय करने का चुनाव है।





उन्होंने कहा कि झारखंड में नक्सलवाद चरम पर है। कानून व्यवस्था चरमरा गई है। यहां की बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं है।आए दिन बलात्कार की घटनाएं हो रही है। आलम यह है कि शाम होते ही बहन-बेटियां घर से बाहर निकलने से डरती है। छिनतई की घटनाएं बढ़ गई है। महिलाएं सड़क पर आभूषण पहनकर नहीं निकल सकती। शासन और प्रशासन का डर अपराधियों में खत्म हो गया है। जब रघुवर दास की भाजपा सरकार थी तो झारखंड में नक्सलवाद खत्म हो गया था। महिलाएं 24 घंटे कहीं भी आ जा सकती थी। नक्सली झारखंड छोड़ कर चले गए थे, व्यापारी हो या ग्रामीण ,उद्योगपति, हो या आम लोग सभी बिना डर के अपना व्यापार करते थे। परंतु आज राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था यहां के लोगों के लिए श्राप बन गया है। इसलिए झारखंड को बचाने के लिए झारखंड के विकास के लिए मोदी जी को और सशक्त बनाने के लिए 13 फूल और एक फल की माला नरेंद्र मोदी जी को समर्पित करना होगा। इस लिए 25 तारीख को राष्ट्रीय हित में मतदान करें। इस अवसर पर रांची के विधायक सीपी सिंह,सत्यनारायण सिंह,रमेश सिंह,ललित ओझा, संजय जायसवाल, डॉ भीम प्रभाकर, डॉ अभिषेक रामाधीन,अनीता वर्मा ,मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे, हरेंद्र सिंह, राधेश्याम सिंह, राजू सिंह ,मंजू चौरसिया, आशा शर्मा, संजीव चौधरी, सही सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**महिला मोर्चा ने चलाया जनसंपर्क अभियान :**महिला मोर्चा के द्वारा सोमवार को रांची के विभिन्न क्षेत्रों में पिस्का मोड़, कांके ,बरियातू, पुरानी रांची में जनसंपर्क अभियान चलाया। घर-घर जाकर मोदी के द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी गई एवं भाजपा के पक्ष में रांची के लोकसभा सांसद संजय सेठ को कमल निशान पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की गई। जनसंपर्क अभियान में नीति सेठ, गार्गी मलकानी ,कुमुद झा, नेहा सिंह ,रवि मेहता ,मीरा सिंह, कुणाल जायसवाल, सीता देवी ,जय श्री, सुनीता कश्यप, रीता राय सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

**नामकुम में ऐश्वर्या सेठ के नेतृत्व में चला जनसंपर्क अभियान :** ऐश्वर्या सेठ के नेतृत्व में सोमवार को नामकुम के लाल खटंगा, कोचबोगा , तुंबागुटु, अमेठिया नगर, नामकुम में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। लोगों को नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। मोदी की गारंटी सभी लोगों को प्रधानमंत्री आवास ,गैस चूल्हा सिलेंडर ,शौचालय ,जनधन खाता ,और गरीबों को 5 साल तक प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज मुफ्त में, आयुष्मान भारत, विश्वकर्मा योजना, लखपति दीदी ,ऐसी कई योजनाओं के बारे में लोगों को बताया जा रहा है। जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल सके और विकसित भारत बनाने के लिए लोगों से राष्ट्रहित के निर्माण में भाजपा के पक्ष में रांची के प्रत्याशी संजय सेठ को कमल छाप पर बटन दबाकर विजय बनाने की अपील लोगों से की गई। इस अवसर पर रितेश उरांव, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, नीरज कुमार, गोरखनाथ सिंह, गोपाल चौधरी, राजेंद्र ठाकुर, धनंजय पांडे, सनी कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**डोरंडा में भाजपा मंडल कार्यालय का उद्घाटनः** डोरंडा में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी, गोंदा मंडल कार्यालय का उद्घाटन हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, छत्तीसगढ़ (रायपुर) के विधायक राय मुनि भगत द्वारा हुआ।

इस अवसर पर नवीन जायसवाल ने कहा विकसित भारत और 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतो के मूल मंत्र पर काम करना होगा। 25 तारीख को पहले मतदान फिर जलपान के साथ सबसे पहले अपने बूथों पर जाकर राष्ट्र के निर्माण के लिए भाजपा के पक्ष में संजय सेठ के चुनाव चिन्ह कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएं। 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम सबों को मतदान करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सीमा शर्मा,रमाकांत महतो, बलराम सिंह ,पप्पू वर्मा , केके गुप्ता, काजल प्रधान ,जय मसीह तिग्गा, रोहित शारदा ,पियूष विजयवर्गीय, नम्रता सोनी, रेखा देवी, आयुष गुप्ता, पंकज ,अनीता छेत्री ,अजय गिरी, नवरत्न वाली, मनोज कुमार, सुरेश प्रसाद, बजरंग प्रसाद गुप्ता, रिंकू तमांग ,निर्मला देवी ,रजनी आनंद, सुशीला तिग्गा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महज़बीन नाज़ ने 88.2 फीसदी अंक लाकर किया नाम रोशन

## भाई अब्दुल समद सादिक भी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण





**प्रतिनिधि, हजारीबाग।** सीबीएसई की ओर से 10वीं बोर्ड का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया। कटकमसांडी रोड अतिया निवासी मोहम्मद खुर्शीद आलम की पुत्री महज़बीन नाज़ ने 88.2 फीसदी अंक हासिल कर परिवार, क्षेत्र और अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। महज़बीन को गणित में 93, हिंदी में 91, समाजिक विज्ञान में 89, विज्ञान में 85, अंग्रेजी में 83 और आईटी में 88 अंक प्राप्त हुए हैं। एडुका वैली पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शहबाज़ खान ने कहा कि महज़बीन नाज़ मेधावी छात्रा है। पढ़ाई में रूचि और नई-नई चीजें सीखने का जज़्बा उसकी इस कामयाबी की बड़ी वजह है। वहीं निदेशक शगुफ्ता नाज़ ने महज़बीन को उसके बेहतर परिणाम के लिए बधाई दी है। बताते चलें कि हाल ही में झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से जारी परीक्षा परिणाम में महज़बीन के भाई व मोहम्मद खुर्शीद आलम के पुत्र अब्दुल समद सादिक ने भी 71 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया था। समद को हिंदी में 83, अंग्रेजी में 80, संस्कृत में 72, विज्ञान में 64 और गणित में 56 अंक मिले थे। महज़बीन नाज़ व अब्दुल समद सादिक ने अपने-अपने इस सफलता का श्रेय माता शमीमा खातून, पिता मोहम्मद खुर्शीद आलम, चेयरमैन शाहिद खान, प्राचार्य शहबाज़ खान, निदेशक शगुफ्ता नाज़, शिक्षक तलहा मुदस्सिर, निलोफर रज़ा, नज़्मा खातून, स्वामी नाथन चंद्रा सहित सभी शिक्षकों को दी है। साथ ही दोनों भाई-बहनों ने कहा कि बड़ी बहन माहपारा नाज़ व भाई नदीम सरवर सभी विषयों की तैयारी करने में बहुत मदद की। महज़बीन नाज़ व अब्दुल समद सादिक की सफलता पर स्कूल के सभी शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बच्चों के साथ मदर्स डे का आयोजित



पूर्वांचल सूर्य संवाददाता

**रांची।** हेल्पिंग एंड केयरिंग हैंड संस्था की ओर से सोमवार को सुनेश्वरी देवी की याद में निवारण पुर स्थित आदिम जाति सेवा मंडल अनाथ आश्रम और आंचल शिशु आश्रम, बड़ा तालाब के स्पैशल बच्चों के साथ मदर्स डे धूम धाम से मनाया गया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हेल्पिंग एंड केयरिंग हैंड फाऊंडेशन के संस्थापक वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे ने अपनी माता सुनेश्वरी देवी जी कि याद में सभी स्पेशल बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री,भोजन सामग्री एवं बच्चों के बीच उचित उपहार का भी वितरण किया।

स्पेशल बच्चों के बीच ड्राइविंग कॉपी,कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर, फरूटी, चॉकलेट आदि कई सामग्री का वितरण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मां से बड़ा कोई धन नहीं है।मां का दायित्व बहुत ही बड़ा होता हैं। उसको घर, परिवार, समाज, राष्ट्र सबके लिए सोचना पड़ता है।

जो मां बच्चों को अच्छे संस्कार देती है वह मां बच्चों एवं परिवार का सुख और समृद्धि का कारण बनती है।

हमें हमेशा अपनी मां का आदर और सम्म।न अवश्य करना चाहिए। क्योंकि मां ही हमारी जननी होती है एवं मां के आशीर्वाद से हमें जीवन में सुख और समृद्धि कि प्राप्ति होती है।

स्पेशल बच्चों के बीच संस्था के सदस्यों ने कुछ पल भी व्यतीत किया।

मौके पर बच्चे काफी उत्साहित दिखे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी,आदिम जाति सेवा मण्डल अनाथ आश्रम के सुमुर मुंडा, आंचल शिशु आश्रम के सुशील कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

यह जानकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने दी।

# श्रमिकों को मिलेगा 25 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज का लाभ - यशस्विनी सहाय

## मोदी सरकार के झूठे वादे और जुमले से ऊब चुकी है जनता - सुबोधकांत सहाय

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो



**रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा है कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो श्रमिकों के लिए 25 लाख रुपए तक की हेल्थ केयर योजना शुरू की जाएगी। जिसके तहत श्रमिकों का इलाज मुफ्त होगा।

सुश्री सहाय ने सोमवार को रांची संसदीय क्षेत्र के विभिन्न मुहल्लों में लोगों से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने सोमवार को जगह-जगह पदयात्रा, जनसंपर्क और चुनावी बैठक कर लोगों से समर्थन मांगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों के बारे में सोचती है। लेकिन हमारे नेता राहुल गांधी गरीबों और आम लोगों के बारे में चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने श्रमिक न्याय योजना के तहत श्रमिकों के विकास और उत्थान की योजना बनाई है। जिसमें श्रमिकों के लिए 25 लाख रुपए का हेल्थ केयर योजना है। इस योजना के तहत बीमारी की स्थिति में श्रमिकों का अस्पताल में मुफ्त इलाज किया जाएगा। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए भी दुर्घटना और जीवन बीमा योजना शुरू की जाएगी, ताकि उनका और उनके परिवार का भविष्य सुरक्षित हो सके।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो सरकारी कार्यों में कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम मजदूरी बंद कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सभी वर्गों के हितों के लिए कई योजनाएं तैयार की है। ताकि मोदी सरकार की गलत नीतियों से परेशान जनता को मदद पहुंचाया जा सके।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि देश की जनता मोदी सरकार की झूठ और जुमले से ऊब चुकी है। अप्रत्याशित महंगाई और बेरोजगारी से परेशान जनता का ध्यान भटकाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी अपने चुनावी भाषणों में इधर-उधर की बातें करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की झूठ अब चलने वाली नहीं है। देश की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है और इसी पर वोट कर रही है। देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इसके बाद जनता को मोदी सरकार की महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने लोगों से अपील किया कि कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को वोट देकर भारी मतों से विजय बनाएं।

**इन स्थानों पर चलाया गया जनसंपर्क अभियान :** कांग्रेस प्रत्याशी ने हेसल के देवी मंडप, नायक चौक, ओझा मार्केट, जनक नगर, मोरहाबादी के टैगोर हिल व कुसुम विहार, जगन्नाथपुर में मौसी बाड़ी, कुटे, इंदिरा नगर कुष्ठ आश्रम, कांके के इचापीड़ी, पिठोरिया, सुकुरहूटू, हाई कोर्ट परिसर, कटहल मोड, तिलता, कांठीटाड़, बरगवा, अखरा मैदान करमटोली, न्यू एरिया मोरहाबादी, सरना अखरा पहाड़ी टोला, चूना भट्ठा और खादगढ़ा आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिल्ली में किया जनसंपर्क

## इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी को जिताने की अपील



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,रांची/सिल्ली।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को रांची संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली प्रखंड के कोचों पंचायत में जनसंपर्क कर रांची संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व कर रहे पार्टी के कार्यकर्ता संजय झा ने कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय गारंटी कार्ड लोगों के बीच वितरित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियां जनहित, राज्यहित और देश हित में है। भाजपा की जन विरोधी नीतियों से जनता परेशान है।

जनसंपर्क अभियान में पशुपति लोहरा, मधुहरि मुख्तियार, लक्ष्मीकांत पातर, लंकेश्वर लोहरा, संजय महतो, मुन्ना लोहरा, यशोदा देवी, सुमित्रा कुमारी, धरणीधर महतो, अमित कुमार लाहा, पिनाकी रंजन बनर्जी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# रिकॉर्ड मतों से जीतेंगी कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय - सुरेंद्र सिंह

**विशेष संवाददाता ,रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा है कि इस बार लोकसभा चुनाव में पूरे झारखंड में इंडिया गठबंधन का परचम लहराएगा। श्री सिंह ने रविवार को राजधानी में पत्रकारों से कहा कि रांची संसदीय सीट से कांग्रेस की युवा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को जनसंपर्क अभियान के दौरान व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। मतदाताओं का रुझान इंडिया गठबंधन की ओर है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव के पूर्व भाजपा ने जनता से जितने वादे किए, पूरे नहीं हुए। इसलिए जनता का भाजपा से मोह भंग हो गया है। भाजपा की जन विरोधी नीतियों से जनता त्रस्त है। श्री सिंह ने कहा कि रांची संसदीय क्षेत्र का पिछले पांच साल से अपेक्षित विकास नहीं हो सका, इसकी मुख्य वजह भाजपा सांसद की उदासीनता रही। उन्होंने रांची संसदीय क्षेत्र की जनता से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

# आकांक्षा परीक्षा में हाई स्कूल गरी कलां के छात्र ने लहराया परचम




**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उच्च विद्यालय गरींकलाँ का होनहारनमेधावी एवं सफल छात्र रितिक कुमार राणा पिता बालमुकुंद राणा ग्राम पतरा खुर्द निवासी ने झारखंड सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित आकांक्षा परीक्षा में सफलता हासिल किया। रितिक कुमार राणा केरेडारी प्रखंड में प्रथम स्थान एवं हजारीबाग जिला में चौथा स्थान और पूरे झारखंड में 227 सफल छात्र-छात्राओं में रितिक 60वां स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता पर रितिक ने उच्च विद्यालय गरींकलाँ का नाम रोशन किया साथ ही साथ केरेडारी प्रखंड एवं हजारीबाग जिला का भी नाम रोशन किया। अपने सफलता का श्रेय रितिक ने अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को दिया है। बता दे कि आकांक्षा परीक्षा के माध्यम से छात्र-छात्राओं को मेडिकल इंजीनियरिंग और क्लाइंट की परीक्षा देनी पड़ती है ,जिसमें रितिक इंजीनियर सेक्टर को पसंद किया और उसमें बहुत अच्छी कामयाबी हासिल किया । इस मौके पर उपस्थित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम जीवन महतो एवं उपस्थित सभी शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर रितिक का अभिवादन किया और उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं। रितिक का उद्देश्य भारत का ही नहीं विश्व का एक सफल इंजीनियर बनना है । इस मौके पर उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर मो नजामुद्दीन सुनीता कुमारी प्रमोद कुमार पांडे उपेंद्र कुमार पटेल लक्ष्मण कुमार राणा कुसुम कुमारी प्रियंका कुमारी मिश्रा सहदेव सिंह मिथिलेश कुमार प्रमोद कुमार धनेश्वर कुमार सुरेंद्र विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सीबीएसई की 12वीं के परीक्षा परिणाम में अनमोल मिश्रा ने पाई उत्कृष्ट सफलता



**प्रतिनिधि,गोला(रामगढ़)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड(सीबीएसई) द्वारा संचालित सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (12वीं) का परिणाम सोमवार को जारी कर दिया गया। इस परीक्षा परिणाम में हरिहर साहु बालिका उच्च विद्यालय, गोला की प्रधानाध्यापिका रेणु कुमारी के पुत्र अनमोल मिश्रा ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। अनमोल को कूल प्राप्तांक का 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। अनमोल मिश्रा डीएवी पब्लिक स्कूल स्कूल रजरप्पा प्रोजेक्ट में अध्ययनरत है। उसकी रुचि सिविल सर्विसेज की ओर है। उसकी इस सफलता पर गोला मंडल सांसद प्रतिनिधि सह उपप्रमुख विजय ओझा, माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज के सचिव सुजीत सिन्हा, अनुप ओझा, विकास मणि पाठक, सौरभ सिन्हा ÷लक्की÷, स्नेहा सिन्हा, दिव्या ओझा, भाव्या ओझा, आव्या ओझा सहित अनेकों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे का कांग्रेस नेताओं ने एयरपोर्ट पर किया भव्य स्वागत

- इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को दिया आशीर्वाद
- पार्टी के पांच न्याय गारंटी कार्ड को जन–जन तक पहुंचाने का निर्देश



**पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो,रांची।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सोमवार को कांग्रेसियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्री खड़गे ने सुश्री सहाय को जीत का आशीर्वाद दिया। वहीं, पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के पांच न्याय गारंटी कार्ड को डोर टू डोर कैंपेन के तहत जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर,पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, रांची संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू, सुरेंद्र सिंह, मेहुल प्रसाद, आरुषि वंदना, इंद्रजीत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। विदित हो कि श्री खड़गे हजारीबाग संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बरही में सोमवार को आयोजित जनसभा में भाग लेने के लिए रांची पहुंचे थे। रांची एयरपोर्ट से श्री खड़गे बरही के लिए प्रस्थान कर गए।

# सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट की बहन वर्षा रानी 10वीं में 96 प्रतिशत लाकर सीबीएसई परीक्षा में बनी विद्यालय टॉपर




**प्रतिनिधि, रजरप्पा।** सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। 10वीं कक्षा के परिणाम में विद्यालय की बहन वर्षा रानी 96 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय की टॉपर बनी। जबकि सौम्या मिश्रा 87,सोनल चंद्रा 86,आशीष कुमार 85,रिया गुप्ता 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में कुल 98 भैया-बहन सम्मिलित हुए थे जिसमें शत प्रतिशत उतीर्ण हुए। वही सीबीएसई द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा में भैया आयुष कुमार भगत ने बारहवीं विज्ञान संकाय में 76.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने,बहन प्राची सिंह 75 प्रतिशत लाकर द्वितीय टॉपर जबकि बहन श्रुति कुमारी 72 प्रतिशत लेकर तृतीय टॉपर बनी। कला संकाय में बहन प्रियंका कुमारी 77.4 प्रतिशत लाकर प्रथम टॉपर,बहन निशु पांडा 66.2 प्रतिशत अंक प्राप्तकर विद्यालय में द्वितीय एवं बहन आँचल कुमारी 64.2 प्रतिशत लेकर तृतीय टॉपर बनकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विज्ञान एवं कला दोनों संकाय में इस वर्ष शत प्रतिशत विद्यार्थी सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा में सफल हुए। उनकी सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद सहित विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष उपेंद्र नारायण प्रसाद सचिव गोपाल नायक, सह सचिव सुधाकर सिंह मुंडा, कोषाध्यक्ष आशीष झा, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी एवं सुनील कुमार सिन्हा ने सभी सफल भैया-बहनों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की तथा उनकी सफलता को शिक्षकों एवं अभिभावकों के परिश्रम का परिणाम बताया।

# लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखना जरूरी- भूलन दुबे



**प्रतिनिधि,साहिबगंज।** भूतपूर्व सैनिक एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सह झारखंड वेटरन्स इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष भूलन दुबे ने राजमहल संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से मतदान के दिन मतदान करने कि अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदान एक ऐसा अधिकार है, जो समाज के गरीबों एवं अमीरों यानी सबके लिए समान है। इसीलिए हम सभी को अपने मत की गरिमा को समझते हुए अपने मत का उपयोग अवश्य करना चाहिए, क्योंकि हमारा एकङ्कएक वोट अनमोल है। उन्होंने कहा कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है और हमें मजबूत राष्ट्र व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए बिना किसी डर और लालच के मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान करने की बात कही।

भूलन दुबे ने मतदाताओं से उम्मीदवारों के आपसी हितों को ना देखते हुए एक अच्छे ईमानदार और अपने क्षेत्र के विकास करने वाले उम्मीदवार को ही वोट देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को आगे आकर अपने अच्छे भविष्य के लिए वोट जरूर करना होगा, क्योंकि यही आपका एक वोट किसी भी प्रत्याशी को उसके लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बहुत कीमती साबित होगी। उन्होंने आगे कहा कि मानवाधिकार के तहत वोट डालने का जो अधिकार हमें दिया गया है, वह बहुत महत्वपूर्ण है। आज के जीवन शैली में सभी लोग इतने अस्तङ्कव्यस्त हैं कि किसी के पास कोई अलग कार्य करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है, लेकिन लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी को अपनेङ्कअपने बूथ पर कुछ समय निकाल कर मतदान हेतु अवश्य जाना चाहिए। बता दें कि राजमहल संसदीय क्षेत्र के लिए आखिरी चरण में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे, जो एक जून सुनिश्चित हुआ है।

# शिवलाल महतो ने किया प्रेस वार्ता

## कहा,इस बार के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग से रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे मनीष जायसवाल



**प्रतिनिधि,रामगढ़।** होटल ला मेरिटल में सोमवार को भाजपा नेता शिवलाल महतो ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा की मैं 11 मई को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुआ हूं और लगातार पार्टी की मजबूती के लिए कार्य कर रहा हूं। भाजपा में शामिल होने के संबंध में उन्होंने कहा की मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीति और सिद्धांतों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुआ हूं। कहा की प्रधानमंत्री ने कई ठोस निर्णय लिया है। जिससे देश सशक्त हुआ है। कहा की प्रधानमंत्री के नोटबंदी, कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करना महत्वपूर्ण निर्णय रहे हैं। कहा की इन निर्णयों का देश को सशक्त बनाने में अहम योगदान है। बताया की मैंने वर्ष 2009 में जेएमएम से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और लोगों का अच्छा समर्थन मुझे मिला था। बताया की मैं विस्थापन के मुद्दे पर सघर्ष करता आया हूं और विस्थापन के शिकार लोगों की मैं आगे भी मदद करता रहुंगा। उन्होंने कहा की मैं अपनी शक्ति और अपना प्रभाव हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को विजय बनाने में लगाउंगा। कहा की झारखंड में अबतक जितनी भी राज्य सरकारें हुई हैं उनमें सबसे निक्कमी और भ्रष्ट वर्तमान राज्य सरकार है। कहा की आलमगीर आलम के चपरासी के पास से 35 करोड़ रूपए बरामद होना बताता है की राज्य में भष्टाचार किस कदर हावी है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा की इस बार के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगा। वहीं, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी अनिल टाईगर ने कहा की मैंने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए देखा है की इस बार के लोकसभा चुनाव में पूरे विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में लहर चल रही है। कहा की विधानसभा क्षेत्र के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशहित में किये गए कार्यों से बेहद प्रभावित हैं और उन्होंने इस बार के लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को मत देने का निर्णय ले लिया है। कहा की इस बार के लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल विछ्ले रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए रिकॉर्ड मतों से विजय होंगे। मौके पर भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री विशाल बाल्मिकी, रंजीत पांडे, विजय जायसवाल, बसुध तिवारी, प्रो आलोक सिंह, राजीव पामदत्त, ब्रजेश पाठक, प्रवीण कुमार सोनू, वरुण सिंह विनोद मिश्रा मोहन पांडे जगदीश शर्मा कमल नाथ चौधरी तरुण साव नीतीश कुमार धीरज साव शिव कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

# चुनावी सभा की तैयारी को लेकर भाजपा की हुई बैठक

**प्रतिनिधि,रामगढ़।** भाजपा जिला चुनाव कार्यालय रामगढ़ में कैंट मंडल की बैठक हुई। क्षेत्र में जनसभा करने पर विचार विमर्श किए। बैठक की अध्यक्षता कैट मंडल के अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कैंट मंडल प्रभारी रंजीत पांडेय उपस्थित हुए। जनसभा कार्यक्रम के लिए वार्ड नंबर 5 और 6 चयनत किया गया। बैठक में सभी वार्डों के प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक सभी बुथअध्यक्ष उपस्थित थे।बैठक में कार्यक्रम स्थल का चयन किया गया। वार्ड नंबर 5 में संजीत सिंह पूर्व वार्ड सदस्य ममता गढा छोटकी मुर्राम मरई टांड़ में तथा वार्ड नंबर 6 में पूर्व वार्ड सदस्य पूर्णी देवी के घर के पास रखने का निर्णय लिया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी बुथ अध्यक्ष को अपने बूथ कमेटी के साथ उपस्थित रहने का आवाहन किया गया है।बैठक में महेंद्र प्रजापति, मोहन पांडेय,संतोष शाह, सुशांत पांडेय, ऋषिकेश सिंह, अजीत गुप्ता, मिथिलेश मंडल,सुरेंद्र कुमार शर्मा, वरुण सिंह , सत्यजीत चौधरी, सत्यजीत सिंह, अरविंद सिंह, संजय श्रीवास्तव, अविनाश सिंह, बृजेश पाठक, सुजीत छाबड़ा, निकेता चक्रवर्ती, जगदीश शर्मा, रंजीता देवी, ईश्वर पासवान आदि लोग उपस्थित थे ।

# सिमरिया विधायक ने पत्थलगडा प्रखण्ड में जनसंपर्क अभियान चलाया

**प्रतिनिधि,चतरा / पत्थलगडा।** भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने सोमवार को पत्थलगडा प्रखण्ड में जनसंपर्क अभीयान चलाया। इस दौरान उन्होनें प्रखण्ड क्षेत्र के नोनगांव, गोपिपुर, लेम्बोइया, तेतरिया, सिंघानी, पत्थलगडा, अनगड़ा, कुब्बा, बेलहर, चौथा, नावाडीह आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात किया। विधायक श्री दास ने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने विगत 10 वर्षों में कई ऐसे जनउपयोगी काम किए हैं जो पहले के सरकारों ने नहीं किया। प्रधानमंत्री मोदी जी ने आदिवासियों, गरीबों, महिलाओं,



युवाओं कि चिन्ता करने वाले भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल फूल छाप पर बटन दबाकर चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने का आग्रह किया। मौके पर मण्डल अध्यक्ष सतीश दांगी, जिला मंत्री सुनीता देवी, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष प्रमिला देवी, उपाध्यक्ष दिनेश्वर दांगी, आदित्या राणा, सुरेश राम, कृष्णा साव, बिरोचन गिरी, तिलेश्वर राणा समेत कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# भाजपा चुनावी कार्यालय का फीता काटकर हुआ उद्घाटन



**प्रतिनिधि,बालूमाथ।** भारतीय जनता पार्टी चतरा लोकसभा कार्यालय का विधिवत पूजा अर्चना फीता काटते हुए सोमवार को शहीद चौक स्थित होंडा शोरूम के समीप अतिथियों द्वारा किया गया। उद्घाटन के मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामजी सिंह, रामजतन साहू,गिरधारी यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि चुनावी कार्यालय खुलने से कार्यकर्ताओं को गांव में जनसंपर्क अभियान चलाने के लिए सहूलियत मिलेगी।भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह इस बार ग्रामीणों के आशीर्वाद से विजय होंगे। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा,ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू,प्रेम गुप्ता,अमित कुमार,रामकुमार साव,रामेश्वर गुप्ता,विजय यादव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तुलसी भवन में कविवर रवींद्रनाथ ठाकुर एवं सुमित्रानंदन पंत की जयंती मनी



## साहित्यकारों ने 100 प्रतिशत मतदान के लिए जनजागरण करने का निश्चय किया

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**जमशेदपुर।** साहित्य समिति, तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में सोमवार को छायावाद के चार स्तम्भों में से एक साहित्यकार सुमित्रा नन्दन पंत एवं विश्व विख्यात कवि रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में स्थानीय साहित्यकारों ने 100 प्रतिशत मतदान के लिये जनता को शिक्षित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका तथा संचालन साहित्य-समिति की सदस्य निवेदिता श्रीवास्तव ने किया । इस अवसर पर स्वागत वक्तव्य तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन साहित्य समिति के वसंत जमशेदपुरी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती माता के साथ कवि द्वय के चित्रों पर पुष्पार्पण कर किया गया। तत्पश्चात् कार्यक्रम में डॉ0 वीणा पाण्डेय भारती के सरस्वती वंदना के बाद रीना सिन्हा %सलोनी% द्वारा साहित्यकार सुमित्रा नन्दन पंत तथा राजेन्द्र साह राज% द्वारा कवि रविन्द्रनाथ टैगोर का साहित्यिक जीवन परिचय प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम के अगले सत्र में काव्य कलश के अन्तर्गत उपस्थित शहर के 34 नामचीन कवियों ने स्वरचित काव्य पाठ किया । जिनमें सर्वश्री / श्रीमती डॉ0 रागिनी भूषण , नीता सागर चौधरी, वीणा कुमारी नंदिनी, अजय प्रजापति, मंजु कुमारी, यमुना तिवारी व्यथित , अनिता निधि, शीतल प्र. दूबे, माधुरी मिश्रा, निर्मला राव, माधवी उपाध्याय, राजेन्द्र साह राज, डॉ0 वीणा पाण्डेय भारती , रीना सिन्हा, बलबिन्दर सिंह , सुरेश चन्द्र झा, प्रतिभा प्रसाद %कुमकुम%, रीना गुप्ता, भंजदेव देवेन्द्र कुमार %व्यथित%, ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र , कैलाश नाथ शर्मा %गाजीपुरी%, रंदी सत्यनारायण राव , पूनम सिंह, शकुन्तला शर्मा, अनुराग अग्निहोत्री , जय प्रकाश पाण्डेय, अरविन्द कुमार तिवारी , डॉ0 संजय पाठक %सनेही% , जितेश तिवारी तथा निवेदिता श्रीवास्तव प्रमुख रहे । जबकि संस्थान के मानद महासचिव डॉ0 प्रसेनजित तिवारी एवं साहित्य समिति के सचिव डॉ0 अजय कुमार ओझा की उपस्थिति सराहनीय रही । कार्यक्रम के अंत में सामुहिक राष्ट्रगान हुआ।

## पटमदा में आंधी-पानी से कई घरों के छप्पर उड़े, पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे विधायक मंगल कालिंदी

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**पटमदा।** सोमवार की शाम आई तेज आंधी एवं वर्षा के कारण पटमदा एवं बोडाम क्षेत्र में कई घरों के छप्पर उड़ गए एवं जो झोपड़ियां नष्ट हो गई। इसी तरह दो दिन पहले भी बोड़ाम थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत डांगरडीह गांव निवासी हलधर कुंभकार का घर में लगे टीना के छावनी आंधी तूफान में नष्ट हो गया था। जिससे वह बेघर हो गए है। कार्यकर्ताओं के माध्यम से जानकारी मिलने पर सोमवार को पीड़ित परिवार से मिलने जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी डांगरडीह गांव पहुंचे। पीड़ित हलधर से जानकारी लेने के बाद विधायक ने बोड़ाम बीडीओ नाजिया अफरोज को मामलें की जानकारी देते हुए आपदा प्रबंधन विभाग से पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि दिलाने का निर्देश दिया। विधायक ने बताया कि बीडीओ ने क्षति का आकलन करने के लिए गांव में कर्मचारी को भेजा था।

# गर्मी से निजात के लिए बागबेड़ा में जगह जगह स्थापित किया गया प्याऊ

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल युवा मंच एवं तुलसी भवन के संयुक्त तत्वावधान में जल दान महा अभियान के तहत बागबेडा कॉलोनी रोड नंबर एक स्थित श्री कृष्णा पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में स्टैंड, स्टील का ग्लास, मग सहित दो सेट घड़ा दिया गया है। इसके अलावे पक्षी को पानी पीने के लिए चार सिकोरा एवं फलदार वृक्ष भी दिया गया है। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री कृष्णा पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल के सचिव हरि बल्लभ सिंह आरसी मौजूद रहे। उनके हाथों से घड़ा एवं सिकोरा में पानी भरवा कर एवं वृक्षारोपण कर पीने का पानी के कार्य को शुभारंभ करवाया गया। पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने बताया कि बागबेड़ा कॉलोनी कुंवर सिंह मैदान, शहीद मैदान, चित्रगुप्त पूजा मैदान, गणेश पूजा मैदान, दुर्गा पूजा मैदान, पोस्तोनगर साई मंदिर के समीप सहित कुल 10 स्थानों पर घडा का सेट रखा गया एवं वृक्षारोपण किया गया। मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापिका कृष्णा पांडे, उप प्रधानाध्यापिका सरोज सिंह एवं सदस्य कृष्णानंद चौधरी के अलावे उप मुखिया संतोष ठाकुर, वार्ड सदस्य सीमा पांडे, उमेश पांडे, प्रतिनिधि अरविंद पांडे, समाजसेवी भोला झा एवं स्कूल के प्रधानाध्यापिका कृष्णा पांडे, उप प्रधानाध्यापिका सरोज सिंह, एकाउंटेंट विवेक पांडे सहित स्कूल के 30 शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## भाजपा बर्मामाइंस मंडल ने विभिन्न बस्तियों में चलाया जनसंपर्क अभियान

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी बर्मामाइंस मंडल की ओर से सोमवार को रघुवर नगर बस्ती, लोंग टोंग बस्ती एवं पूंज बस्ती में भाजपा के मंडल अध्यक्ष दीपक झा एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के पक्ष में वोट डालने की अपील की गयी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से तीसरी बार विजयी बनाने की अपील विभिन्न बस्तियों के लोगों से की गई। कार्यक्रम में राम बाबू तिवारी, सूरज सिंह, मधु तांती, कैलाशपति मिश्र, राम दुलारी, हीरा देवी, राज कौर, शशि सिंह, रितेश झा, रविजेंन्ट सिंह, रविन्द्र चौधरी, शेखर खा, सागर गुप्ता, उज्ज्वल राय, उमेश लाल, विनोद झा, धर्म नाग समेत अन्य सदस्य शामिल रहे।

# आचार संहिता में भी देशी शराब की बिक्री हो रही है जोरों पर, लगाम लगाने में प्रशासन है विफल

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,पाकुड़।** इन दोनों पाकुड़ सदर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से निर्मित देसी शराब की बिक्री जोरों पर है। लोकसभा चुनाव में आचार संहिता लागू होने के बाद भी अवैध देशी शराब की बिक्री पर लगाम नहीं लग पा रही है। बात कर रहे हैं सदर प्रखंड के ही मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपीनाथपुर गांव की। ये गांव बंगाल से सटा होने के कारण अवैध दारू का धंधा चरम पर होता है। सूत्रों की माने तो गांव के ही प्रकाश मंडल, श्यामल मंडल, और युवराज राजवंशी द्वारा अवैध रूप से निर्मित देसी दारू पाकुड़ शहर से सटे हुए क्षेत्र चापाडांगा, बलियाडांगा, किताझोर , हीरानंदपुर और तलवाडांगा से इन लोगों के द्वारा थोक भाव से दारु खरीद कर लाते हैं और गांव में स्थित बागान में दारू को अवैध रूप से बेचा जाता है। बंगाल से सटा हुआ क्षेत्र होने के कारण इनकी बिक्री धड़ल्ले और निडर होकर की जाती है। हरिगंज, हरिहरा और सिमाई क्षेत्र बंगाल के कृष्णनगर गांव सहित कई गांवों के लोग दारु पीने इस क्षेत्र में आते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि दारू का अवैध बिक्री स्थल से कुछ ही दूरी पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय स्थित है जहां बच्चे विद्यालय जाकर पढ़ाई लिखाई करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण और प्रत्येक घर में शौचालय न होने के कारण अधिकतर महिला, पुरुष, बाल - बच्चे शौच के लिए खेत जाते हैं और तो और खेत से सब्जियां तोड़ने के लिए भी जाते हैं, लेकिन अवैध दारू की बिक्री होने से खासकर महिलाएं खेत तरफ जाना संकोच करती है और अपने आप को भयभीत महसूस करती है। गांव के ही एक समाजसेवी सह जिला परिषद सदस्य पिंकी मंडल ने भी अवैध देसी दारू अड्डा को बंद करने के लिए कई प्रयास किया। इन्हे जान से मारने की धमकी भी मिल रही है। वहीं उत्पाद अवर निरीक्षक सनी तिर्की ने बताया कि कुछ दिन पूर्व इस क्षेत्र से अवैध दारू बिक्री करने पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था और उसे जेल भेजा गया था फिर भी अगर इस तरह की कोई सूचना उन्हें मिलती है तो कड़ी कार्रवाई उन पर की जाएगी और अवैध शराब बिक्री पर अतिशीघ्र पाबंदी लगाई जाएगी।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने घर-घर जाकर मतदाताओं से वोटर पर्ची वितरण की ली जानकारी

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**जमशेदपुर।** मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप) वितरण कार्य में तेजी लाने एवं शत प्रतिशत मतदाताओं के बीच वितरण सुनिश्चित कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने जमशेदपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर वितरण कार्य का जायजा लिया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सिदगोड़ा, एग्रिको, भालूबासा आदि क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं से मतदाता सूचना पर्ची वितरण कार्य की जानकारी ली। साथ ही सभी एआरओ, एईआरओ को निर्देश दिया कि एक-एक मतदाता तक मतदाता सूचना पर्ची का वितरण सुनिश्चित करें।

गौरतलब है कि 07 मई से शुरू मतदाता सूचना पर्ची वितरण कार्य को 13 मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित किया गया है । जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्वयं इस कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं । उन्होने कहा कि इस कार्य में कोई लापरवाही नहीं बरती जाए, बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची उपलब्ध करायेंगे। साथ ही मतदाताओं को आगामी 25 मई को मतदान के लिए प्रेरित करें। जिले में 1887 मतदान केन्द्रों से जुड़े बूथ लेवल ऑफिसर मतदाता सूचना पर्ची के साथ रंगीन वोटर गाइड भी मतदाताओं को उपलब्ध करा रहे हैं जिसमें चित्रों के माध्यम से मतदाता ईवीएम से कैसे अपना मतदान करें तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जा रही सुविधा जैसे सक्षम-ईसीआई एप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, अपने अभ्यर्थी को जाने (नो योर कैन्डिडेट) ऐप तथा सी-विजिल ऐप की जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही पंजीकरण, मतदान, दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को घर से मतदान तथा डाक मतपत्र की सुविधा के बारे में भी बताया गया है।

# मोदी सरकार ने झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया -मंगल कालिंदी

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**पतमदा।** जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वह कोयला रॉयल्टी और केंद्रीय योजना के लाभ के रूप में झारखंड का 136 हजार करोड़ रुपये की रॉयल्टी पर कुंडली मारकर बैठी है। अगर यह पैसा केंद्र सरकार दे दे तो राज्य के विकास को और गति मिलेगी और राज्य में जो विकास कार्य अधूरे पड़े हुए हैं वह भी पूरे हो जाएंगे। कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बीजेपी वालों को झारखंडियों का पैसा हड़पने नहीं देगी। झारखंड की जनता ने पिछले चुनाव में भाजपा के 12 सांसदों को चुनाव जीता कर दिल्ली भेजा था, लेकिन उन 12 में से किसी एक सांसद ने भी इस विषय में आवाज नहीं उठाई। इससे यह साबित होता है कि उन्हें झारखंड और झारखंड वासियों की कोई फिक्र नहीं। एक तरफ हेमंत सोरेन ने झारखंडियों का बकाया पैसा केंद्र सरकार से मांगा तो उन्हें जेल में डालने का काम किया गया। इस चुनाव में झारखंड की जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। मोदी सरकार गरीबों की नहीं अमीरों और पूंजीपतियों की सरकार है।

# सिंहभूम संसदीय सीट पर ओवरऑल 67 प्रतिशत हुआ मतदान

## गीता-जोबा समेत सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद

पूर्वांचल सूर्य प्रतनिधि

**चाईबासा /जगन्नाथपुर।** सिंहभूम संसदीय सीट पर सोमवार को मतदान संपन्न हो गया। जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र में पड़े वोट के आधार पर औसतन 67त्न मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे अधिक चाईबासा विधानसभा क्षेत्र में मतदान हुआ। यहां 70.12 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि मझगांव विधानसभा क्षेत्र में 67.85 प्रतिशत, जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 67.2 मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र में 63.56 प्रतिशत तथा चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में 65.98 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव संपन्न होने के साथ ही भाजपा की प्रत्याशी जीता कोड़ा एवं इंडिया गठबंधन की झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी जोबा माझी समेत सभी अन्य प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। दूसरी और देर शाम तक दूरस्थ क्षेत्रों से ई वी एम लाने का दौर जारी रहा।

**जगन्नाथपुर में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान :** जगन्नाथपुर के प्रखंड कार्यालय समिति प्रखंड संसाधन केंद्र भवन बूथ में मतदान का उत्सव देखने को मिली 11 बजे तक यहां लगभग 50त्न मतदान हो गई। इस मतदान केंद्र में युवा तो युवा महिलाएं तथा 99 वर्षीय महिला भी



मतदान देने आई जिसे व्हीलचेयर में पुलिस प्रशासन के द्वारा मतदान केंद्र तक ले जाया गया।वही इस मौके पर जगन्नाथपुर अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा ने भी मतदान किया।इस मतदान केंद्र में बहुत से ऐसे युवा जो पहली बार मतदान करने आए तथा अन्य बुजुर्ग युवा महिला सभी लोगो ने बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा लिया। इस मतदान केंद्र में कुल 728 वाटर है जिसमे 11 बजे तक 320 वोट हुई।

**जगन्नाथपुर में मधु-गीता कोड़ा व सोनाराम सिंकु ने डाला वोट :** जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु ने जगन्नाथपुर प्रखंड के बूथ संख्या 126 के लालिसिरिंग में अपना मतदान किया। विधायक सोनाराम सिंकु को ब्रुथ संख्या 126 का पहले मतदाता रहे। 126 बूथ संख्या के प्रथम मतदाता होने के उपलक्ष में विधायक सोनाराम सिंकु को सर्टिफिकेट दी गई। विधायक सोनाराम सिंकु ने मतदान के पश्चात सभी लोगों से मतदान करने कि तथा मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील किया। वहीं जगन्नाथपुर के पताहातु में बूथ संख्या 156 में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा एवं पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने मतदान किया। मतदान के पश्चात दोनों पति-पत्नी ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील की। वोट के पश्चात सांसद प्रत्याशी गीता कोड़ा ने मीडिया से कहा कि अभी क्षेत्र में रोजगार शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में विकास कार्य और भी करनी है।

**मतदाताओं की उमड़ी भीड़ :** जगन्नाथपुर प्रखंड के निश्चिंतापुर विद्यालय में एक साथ तीन बूथ होने से मतदाताओ की भीड़ देखने को मिली। निश्चिंतपुर के विद्यालय में बूथ संख्या 158 159 एवं 160 यह तीनों ब्रुथ एक ही जगह पर होने से बूथ पर भीड़ उमड़ी। वहीं जगन्नाथपुर प्रखंड के तोड़गहातु में 139 एवं 140 बूथ संख्या में भीड़ देखने को मिली। मतदाता मतदान करने के लिए कतार में काफी देर खड़े रहे। इस दौरान जगन्नाथपुर क्षेत्र के कई बूथ में गर्मी की वजह से कई महिलाएं चक्कर आने से गिर गई । वही तोंड़गहातु में देखने को मिला जहां सुखमति लागुरी नामक वोट देने आई महिला को चक्कर आने से गिर गई। इसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा उसे प्राथमिक उपचार ब्रुथ मे ही किया गया।

# इटखोरी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन सिमरिया विधायक ने किया

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो



**इटखोरी(चतरा)।** जैसे-जैसे गर्मी का तापमान बढ़ते जा रहा है वैसे-वैसे चुनावी तापमान में भी वृद्धि देखने को मिल रही है। जिले के प्रखंड मुख्यालयों में, सभी विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक दलों के अपने-अपने कार्यालय सक्रिय होने लगे हैं। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर अपने-अपने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने का गुहार जनता जनार्दन से लगा रहे हैं।

इसी क्रम में इटखोरी में हजारीबाग इटखोरी मार्ग में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बहुत बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यालय का उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सिमरिया विधायक के द्वारा किया गया। उद्घाटन के पश्चात विधायक ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह ने किया वहीं मंच संचालन का कार्य शिवकुमार राणा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचारों को अभिव्यक्त करते हुए कहा कि हम सब का यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों के बीच जाएं और उनसे अधिक से अधिक मतदान करने का आग्रह करें और भारतीय जनता पार्टी के चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के कर्मठ लोकप्रिय उम्मीदवार कालीचरण सिंह को अपना कीमती वोट देकर विजय दिलाने के प्रति उन्मुख हो। मौके पर बोलते हुए वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के नेता रामकुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में मोदी जी का विकल्प दूसरा कोई नहीं है। भारतीय जनता पार्टी की ताकत एक-एक कार्यकर्ता है और कार्यकर्ताओं का यह दायित्व बनता है कि अधिक से अधिक संख्या में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इसी संकल्प के साथ प्रत्येक गांव गांव और गांव के हर बुथ पर जाकर मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने एक मत से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कालीचरण सिंह को अधिक से अधिक मतों से जीता कर लोकसभा में भेजने का संकल्प लिया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक किशुन कुमार दास ने भारतीय जनता पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि समय बहुत कम रह गया है और इस अल्प समय में हम सब की यह जिम्मेवारी है कि हम सब एक सार्थक कोशिश करें जिससे हमारे प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों की प्राप्ति हो। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प को साकार करने की दिशा में कार्यकर्ताओं को ठोस एवं कारगर कदम उठाने की जरूरत पर बल दिया। कार्यकर्ताओं ने भी पूरे उत्साह के साथ अपनी पूरी ताकत मोदी जी के संकल्प को पूरा कर करने में लगा देने की शपथ ली।

मौके पर मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह, जिला मंत्री सतीश सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार सिंह, निरंजन सिंह, शिवकुमार राणा, रामाधार राम, अनुज कुमार दांगी, आशीष कुमार मिश्रा समेत सैकड़ो की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्य कर्ता उपस्थित थे।

## जिले के मतदान केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय समेत अन्य मूलभूत कमियां दो दिन में करे दूर -डीसी

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर की समीक्षा

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जिले के कलस्टर एवं मतदान केन्द्रों में पोलिंग पार्टी तथा पुलिस बल के लिए आवासन समेत पेयजल, शौचालय, बिजली की उपलब्धता एवं चल रहे मरम्मत कार्य की समीक्षा जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता से मतदान केन्द्र एवं कलस्टर में पेयजल एवं शौचालय के मरम्मतीकरण कार्य में अधतन प्रगति की जानकारी ली । कार्यालय अभियंता ने बताया कि 90 फीसदी कार्य पूर्ण हैं, शेष कार्य दो दिनों के अंदर पूर्ण करने को लेकर आश्वस्त किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पोलिंग पार्टी हों या सुरक्षा बल उनके आवासन तथा मतदान केन्द्र या कलस्टर में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता में कोई कमी नहीं रहे, मरम्मतीकरण कार्य या नए तरीके से निर्माण कराये जा रहे पेयजल आपूर्ति, शौचालय की गुणवत्ता को लेकर उन्होने सख्त हिदायत दी।

साथ ही उप विकास आयुक्त एवं जिला योजना पदाधिकारी को अपने स्तर से सभी कलस्टर एवं मतदान केन्द्रों में बिजली, पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि की उपलब्धता की पुनर्समीक्षा कराने के निर्देश दिए । निर्बाध बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए बिजली कनेक्शनों का मेंटेनेंस कराया गया है। संबंधित क्षेत्र के बिजली विभागीय कर्मचारी को बूथों पर जाकर कनेक्शन की पुनः जांच करने का निर्देश दिया गया । वैसे सभी मतदान केन्द्र जहां चापाकल मरम्मती कार्य किया गया है, उनका भी भौतिक सत्यापन कराते हुए रिपोर्ट समर्पित कराने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केन्द्र हों या कलस्टर कहीं से भी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर कोई शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए, निर्माण कार्य या मरम्मती कार्य की पुनर्समीक्षा सभी बीडीओ, सीओ भी अपने स्तर से करें ।

## पोटका के कोवाली पंचायत की मुखिया सुचित्रा सरदार को दिलाई गई शपथ

### सरकारी राशि गबन के आरोप में दर्ज हुई थी प्राथमिकी

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, पोटका।** त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन 2022 में निर्वाचित मुखिया सुचित्रा सरदार को लगभग ढाई वर्ष बाद मुखिया पद की दोबारा शपथ सोमवार को दिलाई गई। उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर प्राधिकृत पदाधिकारी पोटका की अंचलाधिकारी निकिता बाला ने कोवाली पंचायत भवन में सुचित्रा सरदार को मुखिया पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान,वार्ड सदस्य सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। उपायुक्त द्वारा सीओ को जारी निर्देश में कहा गया कि त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन 2022 में नवनिर्वाचित मुखिया सुचित्रा सरदार जेल (हिरासत) में रहते हुए मुखिया पद पर निर्वाचित हुई। 12 सितंबर 2022 को उन्हें जमानत मिली। जिसके बाद सुचित्रा सरदार ने मुखिया पद की शपथ दिलाने का अनुरोध किया। पंचायत राज अधिनियम धारा -24 के 1 एवं 2 अधीन अंचलाधिकारी निकिता बाला को 13 मई को कोवाली पंचायत भवन में शपथ दिलाने हेतु प्राधिकृत किया गया। शपथ लेने के उपरांत मुखिया सुचित्रा सरदार ने कहा कि पूर्व के गलतियों से सबक लेते हुए पुरी पारदर्शिता के साथ पंचायत के ग्रामीणों की सेवा करुंगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शंशाक मंडल,वार्ड सदस्य श्याम पद भकत, समाजसेवी दिनेश (पिंटू) गुप्ता,सत्येन भकत,रीडू महतो, नवद्वीप भक्त,गुरुपद भक्त, पंचायत सचिव निकुंज मंडल, रोजगार सेवक राजेश बेसरा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। ज्ञात हो की अब तक पंचायत की उप मुखिया काजल बारिक मुखिया के प्रभार में कार्य कर रही थी।

## मतदान जागरूकता संदेश के साथ 14-15 मई को पप्पू मनायेगें माधुरी दीक्षित का जन्मदिन

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,जमशेदपुर।** धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित के प्रशंसक पप्पू सरदार द्धारा माधुरी का जन्मदिन मंगलवार और बुधवार (14-15 मई) को मतदान जागरूकता संदेश के साथ साकची हंडी लाईन स्थित मनोहर चाट दुकान में धूमधाम से मनाया जायेगा। इसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। इसी क्रम में मतदान जागरूकता से संबंधित कई प्रकार के संदेश लिखे बैनर व पोस्टर से दुकान को पाट दिया गया हैं। प्रथम दिन मंगलवार की शाम 05 बजे माधुरी की लंबी उम्र के लिए पंडित संतोष कुमार त्रिपाठी द्धारा दुकान में पूजा की जायेगी। रात 9 बजे आदिवासी समाज की महिलाओं द्धारा सरहूल नृत्य किया जायेगा। रात 10 बजे केक कटिंग का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन बुधवार सुबह 10 बजे करनडीह स्थित चेशायर होम में रहने वाले दिव्यांगों (विशेष लोगों) को भोजन कराकर और उपहार देकर उनके साथ माधुरी की जन्मदिन की खुशियां बाटेगें। हर साल की तरह इस साल भी 15 मई बुधवार की संध्या में निःशुल्क चाट का वितरण किया जायेगा।

## लिट्टीपाड़ा और महेशपुर विधानसभा के प्रखंड अध्यक्षों के साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने की बैठक



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,पाकुड़।** सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पाकुड़ में लिट्टीपाड़ा विधानसभा के आमड़ापाड़ा, लिट्टीपाड़ा, हिरणपुर एवं महेशपुर विधानसभा के पाकुड़िया और महेशपुर प्रखंड अध्यक्षों के साथ जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने बैठक कर लोकसभा चुनाव से संबंधित चर्चा किया और राहुल गांधी जी के मेनिफेस्टो को गांव गांव, घर घर प्रचार करने एवं राजमहल लोकसभा प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा को जिताने के लिए काम करने का निर्देश दिया साथ ही जिला अध्यक्ष ने कहा की बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कैसे हो इसपर कार्य करे और प्रचार में तेजी लाए। सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव में लग जाने के लिए बोले। टोला टोला में जाकर देश में बढ़ती बेतहसा महंगाई बेरोजगारी को बताए और इससे निजात दिलाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करवाने के लिए आग्रह करे। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की गारंटी को जन जन तक पहुंचाएं ताकि लोगो को पता चल सके। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मैं खुद जल्द प्रखंड में जाकर घूमूंगा। बैठक में हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोवर आलम, लिट्टीपाड़ा मुर्शीद अंसारी, पाकुड़िया इस्लाम मिया, महेशपुर कलीमुद्दीन अंसारी, महेशपुर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मेहबूल आलम, लिट्टीपाड़ा विधानसभा युवा अध्यक्ष आबिद इस्लाम, स्टीफेन मुर्मू सहित अन्य मौजूद थे ।

## उपायुक्त ने डाक विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ वोटर आईडी कार्ड वितरण को लेकर की समीक्षा

**प्रतिनिधि,पाकुड़।** सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में डाक विभाग के पदाधिकारियों के साथ वोटर आईडी कार्ड वितरण को लेकर समीक्षा किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर नये वोटर आईडी कार्ड पोस्ट आफिस में प्रत्येक दिन आ रहें हैं। उसका शत प्रतिशत वितरण करना सभी पदाधिकारी एवं कर्मी सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डाक विभाग के सभी पदाधिकारी से अनुरोध किया कि जितने भी वोटर आईडी कार्ड पोस्ट आफिस में आ रहे हैं, उसको अविलंब मतदाता के घर तक पहुंचाया जाय। सभी वोटर आईडी कार्ड को प्रतिदिन प्रेषण करायें। कोई भी वोटर आईडी कार्ड अप्राप्त नहीं होने चाहिए, नहीं तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मौके पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी अभिषेक सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार समेत अन्य डाक विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



## हजारीबाग सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में 16 को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री करेंगे चुनावी जनसभा को सम्बोधित

### भाजपा विधानसभा संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने किया स्थल निरीक्षण, अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से शामिल होने का किया आग्रह

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**बरही।** 20 मई को होने वाले हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए मतदान हेतु मतदाताओं को भाजपा प्रत्याशी मनीष जसवाल के पक्ष में 16 मई को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का चुनावी सभा होना तय है। जिसकी तैयारिया की जा रही है। तैयारियों का जायजा लेने सोमवार को बरही विधानसभा संयोजक सह बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव कार्यक्रम स्थल बरही प्रखंड के आश्रम सह फुटबॉल मैदान पंचमाधव पहुंचे। इस निमित्त बन रहे पंडाल का उन्होंने निरीक्षण किया। साथ ही बरही विधानसभा सहित हजारीबाग लोकसभा की जनता से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया और भाजपा नेता मनीष जसवाल को भारी मतों से विजय बनाने की बात कही। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, करसो पंचायत उप मुखिया बालेश्वर यादव, युवा भाजपा नेता रितेश गुप्ता, रामदेव यादव, राजेंद्र भारती, रामदेव यादव, राजकुमार यादव, नितीश यादव, सतीश यादव, मोहित कुमार, मन्नू कुमार आदि उपस्थित रहे।

## प्रतिबंधित मांस खिलाने वाले के ऊपर मामला दर्ज होने के बाद भी खुलेआम घूम रहा है आरोपी



**प्रतिनिधि,पाकुड।** प्यादापुर भगत सिंह चौक के समीप बीते कुछ दिनों पहले एक होटल संचालक के द्वारा कुछ युवकों को प्रतिबंधित मांस परोसा गया था, जिसपर संज्ञान लेते हुए पाकुड अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डीएन आजाद के निर्देश पर नगर थाना ने मामला दर्ज कर लिया है लेकिन मामला दर्ज होने के बाबजूद आरोपी खुले आम घूमते नजर आ रहे है। आरोपी होटल मालिक बेलडांगा, बांसतल्ला का निवासी है जिसने होटल में खाना खाने आए युवकों पर पोल खुल जाने को लेकर स्थानीय बेलडांगा,प्यादापुर के लोगों की मदद से काफी मारा पीटा और घायल कर दिया,जिसमे होटल मालिक तारिकुल शेख, होटल मालिक का लड़का,मुन्ना,पास की दवा दुकान वाला इस्माइल और भी कई ग्रामीण इकट्ठा होकर खाना खाने आए युवकों को मारा पीटा एवं जानलेवा हमला किया। पीड़ित युवकों के द्वारा नगर थाना में बयान दर्ज करवाने के बाबजूद कई दिनों तक नगर पुलिस विराम मुद्रा में रही,लेकिन आवाज उठाते देख नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया और कांड संख्या 101/24 लगाते हुए मामले की तहकिकात को लेकर टीम बनाई गई है। सोचनीय बातें है कि खुले आम मारपीट करने वाले की इतनी हिम्मत कैसे हो गई। मामला यह भी संज्ञान में आया है कि कोई मुन्ना बोल कर व्यक्ति है जिसने भीड़ को उकसाया और कई विरोधी नारे भी दिए जबकि पता चला कि इसी मुन्ना पर नगर थाना में कई मामले दर्ज है इसके बाबजूद पुलिस हाथ पर हाथ रख कर बैठी हुई है। यह समझ के परे है।

## एमसीएमसी कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने विभिन्न प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के साथ की बैठक



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** सोमवार को एमसीएमसी कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के साथ बैठक हुई। मौके पर एमसीएमसी कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव से सम्बन्धित पोस्टर, बैनर, हैण्डबिल इत्यादि के प्रकाशन के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित चुनाव व्यय अनुश्रवण से सम्बन्धित अनुदेशिका की कंडिका 12⁄ के तहत कई दिशा ङ्क निर्देश दिए गए है। दिशा निर्देश का सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक अनिवार्य रूप से अनुपालन करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति अथवा प्रिटिंग प्रेस चुनाव से सम्बन्धित कोई भी बैनर, पोस्टर, हैण्डबिल इत्यादि का प्रकाशन करते हैं, उक्त प्रकाशित सामग्री में उक्त प्रिन्टर एवं पब्लिसर का नाम एवं पता का अंकण अनिवार्य होगा।

## बीडीओ ने दर्जनों बूथों का निरीक्षण कर सुविधाओं का लिया जायजा




**प्रतिनिधि, पाकुड़।** हिरणपुर प्रखंड में सोमवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी -सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, श्री टुडू दिलीप ने रानीपुर, नया ग्राम, गोपालपुर, बागशीशा, डांगापाड़ा, बिन्दाडीह, आसनजोला, गम्हरिया, कालाझोर, रामाकुड़ा, करणडांगा, शिवनगर अन्तर्गत पड़ने वाले मतदान केंद्रों में पानी, रैम्प, बिजली, शौचालय एवं मतदान के दिन उपयोग में लाये जाने वाले कमरों का निरीक्षण किया एवं संबंधित विद्यालय के शिक्षक, प्राचार्य एवं बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ट्विंकल चौधरी उपस्थित थे।

## अवैध लॉटरी विक्रेता को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रतिनिधि, पाकुड़।** मुफ्फसिल पाकुड़ थाना कांड संख्या- 80/2024, दिनांक 21.04.24, धारा 294 406/420/ 467/ 468/471/34 भा0दविएवं 7(3) लॉटरी विनियमन अधिनियम के प्रा0अभि0 टीपू शेख़ उर्फ काबिल शेख़, उम्र करीब 32 वर्ष, पिता मंसूर शेख़, ग्राम अंजना, थाना पाकुड़ (मुफ्फसिल) को गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेजा गया है। ये गिरफ्तारी पुलिस की कामयाबी मानी जा रही है।

## बड़कागांव के गोंदलपुरा गांव में ग्रामीणों द्वारा साइन बोर्ड लगाकर भाजपा के लोगों का गांव में प्रवेश करने पर लगाई रोक

### भाजपा के विरुद्ध मतदान करने का लिया है ग्रामीणों ने निर्णय

**प्रतिनिधि,बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा गांव में ग्रामीणों द्वारा गांव के बाहर साइन बोर्ड लगाकर भारतीय जनता पार्टी के किसी भी नेता कार्यकर्ता को प्रवेश करने का रोक लगाई गई है। ज्ञात हो कि उक्त गांव में कोयला खनन कंपनी के विरुद्ध विगत 1 वर्ष से अधिक समय से आंदोलन जारी रखते हुए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र के भाजपा सरकार द्वारा इस क्षेत्र के लिए कोल कंपनियों का आवंटन की गई है। साथ ही साथ एक वर्ष के धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन के दौरान कोई भी भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता द्वारा हम लोग के आंदोलन तथा धरना प्रदर्शन को समर्थन एवं गति देने का काम नहीं किया गया। साथ ही साथ ग्रामीणों ने भाजपा के विरुद्ध मतदान करने का निर्णय लेने की बात कही जा रही है।

## भाजपा ने महुगाईकला गांव में किया पथ सभा का आयोजन, केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

### गांव मुहल्ले में रैली निकाल कर भाजपा के पक्ष में मांगा गया समर्थन



**प्रतिनिधि,बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बड़कागांव प्रखंड के महुगाईकला बाजार टांड़ में मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता एवं संचालन में पथ सभा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व गांव के गली मोहल्ले में जुलूस भी निकल गई। लोगों से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी मनीष जयसवाल के पक्ष में समर्थन मांगी गई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने संबोधित करते हुए केंद्र सरकार द्वारा संचालित व्यक्तिगत, सार्वजनिक एवं देश विदेश स्तर की योजनाओं की जानकारी दी गई। वही सभी वक्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत से जानकारी दी। मौके पर जिला प्रभारी वाल्मीकि, हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद, मनोज साहा ,डॉक्टर बालेश्वर महतो, पुष्कर अग्रवाल, ज्ञानेश्वर शर्मा, यूगेश्वर महतो, कजरू साव, मोहन साव, चंद्रदेव ठाकुर, राज किशोर साव, गिरधारी कुमार, चंदन सिंह, जयंती देवी, इंदर साव, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।


## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार टैंकर ने कार में मारी टक्कर

- **बैंक मैनेजर समेत तीन लोगों की मौत, वाहन काटकर निकाले शव**

**संभल , एजेंसी।** कुंदरकी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार टैंकर और कार में जोरदार टक्कर हो गई। इससे कार में सवार चंदौसी के एक्सिस बैंक के ब्रांच मैनेजर समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने वाहन में फंसे शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि सभी लोग कार से चंदौसी जा रहे थे। मुरादाबाद-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम डोमघर में तेज रफ्तार टैंकर (कैप्सूल) और कार की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे के दौरान ही दो लोगों की जान चली गई। तीसरे घायल को लोगों ने बमुश्किल बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां उसने भी दम तोड़ दिया। जान गंवाने वालों में बैंक मैनेजर सौरभ श्रीवास्तव, कैशियर दिव्यांशु और अमित निवासी कुशालपुर मुरादाबाद शामिल हैं। तीनों लोग मुरादाबाद से ड्यूटी करने के लिए चंदौसी जा रहे थे। लोगों ने बताया कि बंदर को बचाने के चलते कार का बैलेंस बिगड़ा। इसके बाद वह सामने से आ रहे टैंकर से टकरा गई। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया।

### कानपुर के इस मामले ने मतदाताओं को दी प्रेरणा, पहले किया मतदान, फिर



### भाई का अंतिम संस्कार

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में मतदान की महत्ता को साबित करने वाली एक ऐसी घटना 13 मई सोमवार को सामने आई, जिसने मतदाताओं को प्रेरणा दी। कई दशकों से संघ से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता 59 वर्षीय बनारसी लाल मिश्र सुबह 6 बजे घर से मतदान के लिए साइकिल पर निकले। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होना था। लेकिन, वह समय से पहले ही मतदान केंद्र पर पहुंच गए थे। बनारसी लाल मिश्र अकबरपुर लोकसभा संसदीय सीट के अंतर्गत वोटर (मतदाता) हैं। रामकृष्ण नगर स्थित आरके मिशन स्कूल के गेट पर पहुंचे ही थे कि उनके चचेरे भाई श्रीनिवास पहुंचे और उन्होंने बनारसी लाल को उनके सगे बड़े भाई करुणा शंकर मिश्र के अचानक देहांत की सूचना दी। सामान्य तौर पर कोई भी व्यक्ति ऐसी खबर पाकर उल्टे पांव लौट जाता, लेकिन बनारसी लाल ने कुछ ऐसा किया कि सभी चकित रह गए। एक श्रेष्ठ नागरिक एवं जागरुक मतदाता का परिचय देते हुए बनारसी लाल अपने भाई के निधन की खबर पाकर पहले फफक पड़े। लेकिन, मतदाता के तौर पर अपनी जिम्मेदारी का अहसास करते हुए मतदान केंद्र के भीतर चले गए। उन्होंने मतदान किया। इसके बाद वह बड़े भाई के अंतिम संस्कार के लिए रवाना हुए। जिसने भी इस वाकये को सुना। उसने इस घटनाक्रम को जागरुक मतदाता के रूप में एक अनूठी मिसाल कहा। वास्तव में यदि देश का हर व्यक्ति इस प्रकार लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपने मताधिकार के लिए जागरुक हो जाए तो एक सशक्त राष्ट्र की संकल्पना में कोई संदेह नहीं रह जाता।

# अदिति सिंह की खामोशी से सियासी बेचैनी...

**भाजपा का थिंकटैंक भी परेशान; शाह की सभा में पहुंचीं लेकिन रहीं चुप**

**रायबरेली , एजेंसी।** भाजपा के लिए लोकसभा का चुनाव अग्नि परीक्षा सरीखा है। पार्टी ने राज्यमंत्री दिनेश सिंह पर दूसरी बार दांव लगाया है। वहीं भाजपा की सदर विधायक अदिति सिंह ने जिस तरह खामोशी और चुनाव से दूरी बना रखी है, उससे सियासी हलकों में भी बेचैनी है।

सदर विधानसभा में अदिति सिंह की राजनीतिक जमीन मजबूत है। ऐसे में भाजपा के लिए वह एक मजबूत कड़ी हैं। उनके चुनाव से दूर रहने से भाजपा का थिंकटैंक खुलकर कुछ कह तो नहीं रहा है लेकिन भीतरखाने वह भी परेशान है।

वहीं एक्स पर उनकी पोस्ट से सियासी गलियारों में हलचल मची हुई है। हालांकि शनिवार को गृहमंत्री अमित शाह के चुनावी सभा में विधायक अदिति सिंह अपनी मां वैशाली सिंह के साथ शिरकत की, लेकिन वह पूरी तरह से चुप्पी साध रखी। सदर विधायक अदिति सिंह भाजपा से विधायक उस दौर में हैं, जब जिले की छह विधानसभा में चार पर सपा का कब्जा है। सपा के बेहतर सियासी समीकरण के बावजूद सदर की महत्वपूर्ण सीट पर अदिति सिंह भाजपा का दबदबा बनाए हुए हैं। लोकसभा के चुनावी महासमर में रायबरेली लोकसभा सीट की पांच विधानसभाओं में सदर विधानसभा का बहुत महत्व है। इस विधानसभा में कांग्रेस हमेशा से हर चुनाव में बड़ी लीड लेती रही है। ऐसे में भाजपा के लिए यह विधानसभा क्षेत्र बहुत मायने रखता है। भाजपा के रणनीतिकार भी इस विधानसभा क्षेत्र में हर हाल में लीड लेना चाहते हैं। ऐसे केवल सदर विधायक अदिति सिंह की रणनीति को मैदान में उतराने पर होगा, लेकिन सदर विधायक की खामोशी एक सवाल सरीखी है। अभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उनकी पोस्ट उसूलों के साथ समझौता नहीं ने खलबली मचा दी है।



### केंद्रीय मंत्री अमित शाह की जनसभा में दिखीं अदिति सिंह

रविवार को जीआईसी मैदान में भाजपा की जनसभा में सदर विधायक अदिति सिंह अपनी मां एवं अमावां ब्लॉक प्रमुख वैशाली सिंह के साथ पहुंची। दोपहर करीब एक बजे वह जनसभा स्थल पर पहुंची। इस दौरान सबसे खास बात यह रही कि वहां बैठे पदाधिकारी उस गर्मजोशी से सदर विधायक से नहीं मिले।

एक-दो नेताओं ने ही उनका हालचाल लिया। वहीं गौर करने वाली बात यह रही कि मंच से संबोधन भी सदर विधायक ने नहीं किया और न ही इसके लिए उनसे कहा गया। प्रदेश की मंत्री प्रतिभा शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित बड़े नेता मंच पर दिखे, लेकिन किसी ने विधायक अदिति सिंह ने कुछ भी बात करने की जरूरत नहीं समझी।

हालांकि जब गृहमंत्री अमित शाह मंच में पहुंचे तो उन्होंने अदिति सिंह का नाम पहले लिया। इससे साफ रहा कि भाजपा हाईकमान की निगाह में अदिति सिंह का कद बना हुआ है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा के रणनीतिकार अदिति को सलाह मशविरा करना चाहते हैं, लेकिन कुछ कारण ऐसे भी हैं, जिनसे रणनीतिकार भी अपने अपने पैर पीछे हटाने को मजबूर होते हैं।

## लोकसभा चुनावः नामांकन से पहले अनुप्रिया पटेल ने विंध्यवासिनी दरबार में टेका मत्था, मिर्जापुर से लड़ रहीं चुनाव

**मिर्जापुर , एजेंसी।** केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद अनुप्रिया पटेल मिर्जापुर लोकसभा से तीसरी बार नामांकन करने जा रही हैं। इसके पूर्व उन्होंने आदि शक्ति जगत जननी मां विंध्यवासिनी देवी के दरबार में मत्था टेका। मंदिर में पहुंच कर मां का दर्शन पूजन करने के उपरांत नामांकन दाखिल करने के लिए रवाना हुईं। मिर्जापुर लोकसभा चुनाव में तीसरी बार उन्होंने मां से जीत का आशीर्वाद मांगा। अनुप्रिया, मिर्जापुर सीट से दो बार सांसद बन चुकी हैं। मिर्जापुर लोकसभा चुनाव में अभी तक कोई भी प्रत्याशी तीसरी बार सांसद नहीं बन सका है। केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद अनुप्रिया पटेल को दर्शन पूजन नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने कराया। इस दौरान उनकी बहन अमन पटेल और जिलाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा मोर्चा राम कुमार विश्वकर्मा मौजूद रहे।

## श्रीश्री रवि शंकर का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची।** श्री श्री रवि शंकर का जन्म दिवस सोमवार को रांची के राज योग केंद्र में धूमधाम के साथ मनाया गया। जेल रोड स्थित राजयोग केंद्र में शाम साढ़े चार बजे से गुरुदेव के स्वास्थ्य कल्याण हेतु आयुष होम बंगलुरु आश्रम से आये हुए पंडितों ने किया। इसके पश्चात सभी गुरुओं और गुरु तत्व की आराधना के लिए गुरु पूजा एवं गुरु भजन का कार्यक्रम साढ़े पांच बजे से हुआ जिसे साध्वी आत्मस्वरूपा एवं वरीय प्रशिक्षक प्रवीण जी ने किया। छह बजे से नाना प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन महिलाओं एवं बच्चों द्वारा किया गया। साढ़े छः बजे से महासत्संग शुरू हुआ जिसमे ऋषि, मानस, सौरभ, राजा, शम्पा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुमधुर भजनों की संध्या करीब आठ बजे तक चली। भक्तगण सपरिवार भजनों में झूमते नज़र आये। भक्तों के लिए इसके पश्चात महाभोग वितरित की गयी। मुख्य भजनों में गुरु कृपा करो गुरु ? जय जय सद्गुरु ?÷, ÷अजो अनंताय नित्याय शुद्धाय÷ इत्यादि प्रमुख रहे। झारखण्ड अपैक्स बॉडी के सदस्यों एवं वरीय प्रशिक्षकों के अलावा भूतपूर्व सांसद महेश पोद्दार एवं डिस्ट्रिक्ट जज राकेश रंजन के अलावा अनेक गण्यमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

## भिड़े स्क्रैप कारोबारी, 5.28 करोड़ रुपये के विवाद में जमकर हाथापाई

**मुरादाबाद , एजेंसी।** सर्किट हाउस के नजदीक दिल्ली रोड स्थित एक होटल के बाहर रविवार की दोपहर स्क्रैप खरीद के अनुबंध की शर्तों को लेकर दो व्यापारियों के बीच हाथापाई हो गई। इस दौरान कुछ युवकों ने दोनों पक्षों के साथ अभद्रता की। खींचतान में गोरखपुर के व्यापारी के साथ आए दो लोगों के कपड़े भी फट गए।

हंगामे की जानकारी मिलने पर मझोला पुलिस दोनों पक्षों को लेकर थाने ले गई। पुलिस सीसीटीवी की मदद से हमलावर युवकों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक बिजनौर के मैसर्स शांति शुगर इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर अजय कुमार माहेश्वरी और मैसर्स ट्रिनिटी मेटल्स के प्रोपराइटर अमरदीप गोयल, निवासी गोरखपुर के बीच प्लांट, मशीनरी एवं उसके स्क्रैप के खरीदने के लिए अनुबंध हुआ था।

अमरदीप गोयल ने मझोला पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि रविवार को अजय कुमार माहेश्वरी ने फोन करके उनको होटल के सामने बुलाया ताकि विवाद का निपटारा हो सके। वह अपने परिवार के सदस्यों को लेकर होटल के बाहर पहुंचा।

अजय माहेश्वरी के साथ उनका बेटा अंबुज माहेश्वरी के अलावा संजय अग्रवाल और तीन-चार अज्ञात लोग आए थे। बातचीत के दौरान अजय माहेश्वरी और उनके साथ के लोगों ने दबाव बनाना शुरू किया। आरोप है कि विरोध करने पर उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया।

गला दबाने की कोशिश की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। हो हल्ला की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो उसकी जान बच सकी। दूसरे पक्ष ने भी इस मामले में तहरीर दी है। थाना प्रभारी केके वर्मा ने बताया कि अमरदीप गोयल ने आठ करोड़ में बिजनौर में फैक्टरी का स्क्रैप खरीदा है।



पांच करोड़ 28 लाख दे दिए थे। दो करोड़ 72 लाख रुपये बचे हैं। इसी को लेकर होटल के बाहर दोनों पक्षों में विवाद हो गया है। इस दौरान अज्ञात युवक आए थे। उन्होंने दोनों पक्षों के लोगों से बदतमीजी कर दी। इस दौरान अमरदीप गोयल पक्ष के दो लोगों के कपड़े भी फटे हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात युवकों की पुलिस तलाश कर रही है।

## सिर्फ नाम की स्पेशल ट्रेनें.. किराया और यात्रा का समय दोगुना, राहत के बजाय मुसीबत भरा सफर

**मुरादाबाद , एजेंसी।** गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों की सहूलियत के लिए रेलवे ने लगभग 50 स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। इन ट्रेनों का किराया सामान्य की अपेक्षा में डेढ़ गुना है। इसी तरह यात्रा पूरी करने में भी ये ट्रेनें सामान्य की अपेक्षा दोगुना समय ले रही हैं। रविवार को (04313) मुजफ्फरपुर-देहरादून स्पेशल एक्सप्रेस मुरादाबाद जंक्शन पर 11 घंटे लेट पहुंची।

इस ट्रेन को शनिवार देर रात 210 बजे मुरादाबाद पहुंचना था लेकिन यह रविवार दोपहर एक बजे पहुंची। इसी तरह रोजाना कई ट्रेनें लेट हो रही हैं। सैकड़ों यात्रियों को स्टेशन पर घंटों इंतजार करना पड़ता है। रविवार को (04073) सहरसा-नई दिल्ली स्पेशल एक्सप्रेस नौ घंटे लेट पहुंची। इसे रविवार सुबह 515 बजे मुरादाबाद पहुंचना था लेकिन दोपहर 221 बजे पहुंची। इसके अलावा (04529) बनारस-बठिंडा स्पेशल एक्सप्रेस 630 घंटे, (04067) दरभंगा-दिल्ली स्पेशल एक्सप्रेस 14 घंटे 22 मिनट लेट पहुंची। इसे मुरादाबाद जंक्शन पर रविवार दोपहर 130 बजे पहुंचना था लेकिन एनटीईएस पर इसके पहुंचने का समय सोमवार सुबह 3:52 बजे दिखाया। वहीं दूसरी ओर अंबाला में किसान आंदोलन के कारण पंजाब व जम्मू जाने वाली ट्रेनें लगातार प्रभावित हैं। फिरोजपुर से धनबाद के लिए चलने वाली (13308) गंगा सतलुज एक्सप्रेस 8 घंटे 43 मिनट, जम्मूतवी से बनारस जाने वाली (12238) बेगमपुरा एक्सप्रेस 8 घंटे 53 मिनट, जलंधर से दरभंगा जाने वाली (22552) अंत्योदय एक्सप्रेस 6 घंटे 18 मिनट व अमृतसर से सहरसा के लिए चलने वाली (12204) गरीबरथ एक्सप्रेस 9 घंटे 45 मिनट लेट पहुंची।





**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, राँची**
(समाहरणालय भवन, ब्लॉक-बी, कमरा संख्या-413,
ईमेल-itda-ranchi@jharkhandmail.gov.in):0651-2209737
(PB & ETBPs Cell)

**प्रेस - विज्ञप्ति**

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28A में निहित प्रावधानानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के क्रम में **5th Phase, 6th Phase & 7th Phase** के मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्त मतदान कर्मी यथा मतदान दल के कर्मी, माईक्रो आब्जर्वर, सेक्टर दण्डाधिकारी, विडियोग्राफर, वेब कास्टिंग कर्मी सभी प्रकार के पुलिस पदाधिकारी आवश्यक सेवा मे लगे अनुपस्थित मतदाता, वाहन चालक आदि के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु निम्नानुसार सुविधा केन्द्र (FC) एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर (PVC) का अधिष्ठापन किया गया है :-

1. सुविधा केन्द्र (Facilation Centre) रा0 + 2 उच्च विद्यालय, कांके (बी0 एड0 कॉलेज)

| क्र0 सं0 | लोकसभा/विधानसभा का नाम | मतदान की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | 5th Phase, 6th Phase & 7th Phase | |
| | 5th Phase | |
| 1 | 4- चतरा, लोकसभा<br>5- कोडरमा लोकसभा<br>14-हजारीबाग लोकसभा | दिनांक 16.05.2024 से प्रारम्भ दिनांक 19.05. 2024 तक |
| | 6th Phase | |
| 2 | 6-गिरीडीह लोकसभा<br>7-धनबाद लोकसभा<br>9-जमशेदपुर लोकसभा | दिनांक 19.05.2024 से प्रारम्भ दिनांक 23.05. 2024 तक |
| | 6th Phase | |
| 3 | 8-रॉची/61- सिल्ली विधान सभा एवं 50- ईचागढ विधान सभा | दिनांक 16.05.2024 से प्रारम्भ दिनांक 23.05. 2024 तक |
| 4 | 8-रॉची/62- खिजरी विधान सभा | |
| 5 | 8-रॉची/63- रॉची विधान सभा | |
| 6 | 8-रॉची/64- हटिया विधान सभा | |
| 7 | 8-रॉची/65-कॉके विधान सभा | |
| | 7th Phase | |
| 8 | 1- राजमहल लोकसभा<br>2- दुमका लोकसभा<br>3- गोडडा लोकसभा | दिनांक 24.05.2024 से प्रारम्भ दिनांक 28.05. 2024 तक |

2- सुविधा केन्द्र (Facilation Centre) Police Line Ranchi

| क्र0 सं0 | लोकसभा/विधानसभा का नाम | मतदान की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | 5th Phase, 6th Phase & 7th Phase | |
| | 5th Phase | |
| 9 | 4- चतरा, लोकसभा<br>5- कोडरमा लोकसभा<br>14-हजारीबाग लोकसभा | दिनांक 16.05.2024 से प्रारम्भ दिनांक 19.05. 2024 तक |
| 10 | 6th Phase | |
| | 6-गिरीडीह लोकसभा<br>7-धनबाद लोकसभा<br>9-जमशेदपुर लोकसभा | दिनांक 19.05.2024 से प्रारम्भ दिनांक 23.05. 2024 तक |
| | 6th Phase | |
| 11 | 8-रॉची/61- सिल्ली विधान सभा एवं 50- ईचागढ विधान सभा | दिनांक 16.05.2024 से प्रारम्भ दिनांक 23.05. 2024 तक |
| 12 | 8-रॉची/62- खिजरी विधान सभा | |
| 13 | 8-रॉची/63- रॉची विधान सभा | |
| 14 | 8-रॉची/64- हटिया विधान सभा | |
| 15 | 8-रॉची/65-कॉके विधान सभा | |
| 16 | 7th Phase | |
| | 1- राजमहल लोकसभा<br>2- दुमका लोकसभा<br>3- गोडडा लोकसभा | दिनांक 24.05.2024 से प्रारम्भ दिनांक 28.05. 2024 तक |

3. सुविधा केन्द्र (वाहन कोषांग के समीप हॉकी स्टेडियम मोराबादी, राँची स्थित कमरा सं0- 42)

| क्र0 सं0 | लोकसभा/विधानसभा का नाम | मतदान की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | 5th Phase, 6th Phase & 7th Phase | |
| 17 | 5th Phase | |
| | 4- चतरा, लोकसभा<br>5- कोडरमा लोकसभा<br>14-हजारीबाग लोकसभा | दिनांक 16.05.2024 से प्रारम्भ दिनांक 19.05.2024 तक |
| | छठा चरण | |
| | 8-रॉची लोक सभा क्षेत्र | दिनांक 16.05.2024 से प्रारम्भ दिनांक 23.05.2024 तक |
| | 6-गिरीडीह लोकसभा<br>7-धनबाद लोकसभा<br>9-जमशेदपुर लोकसभा | दिनांक 19.05.2024 से प्रारम्भ दिनांक 23.05.2024 तक |
| | सप्तम चरण | |
| | 1-राजमहल लोकसभा<br>2 -दुमका लोकसभा<br>3- गोडडा लोकसभा | दिनांक 24.05.2024 से दिनांक 28.05.2024 तक |

4. डाक मतदान केन्द्र (Postal Voting Centre समाहरणालय स्थित 'A' Block में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची के कार्यालय कक्ष के बगल में कमरा संख्या -204)

| क्र0 सं0 | लोकसभा/विधानसभा का नाम | मतदान की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | 5th Phase, 6th Phase & 7th Phase | |
| 18 | 5th Phase | |
| | 4- चतरा, लोकसभा<br>5- कोडरमा लोकसभा<br>14-हजारीबाग लोकसभा | दिनांक 14.05.2024 से प्रारम्भ दिनांक 16.05.2024 तक |
| | छठा चरण | |
| | 8-रॉची लोक सभा क्षेत्र<br>6-गिरीडीह लोकसभा<br>7-धनबाद लोकसभा<br>9-जमशेदपुर लोकसभा | दिनांक 19.05.2024 से प्रारम्भ दिनांक 21.05.2024 तक |
| | सप्तम चरण | |
| | 1-राजमहल लोकसभा<br>2 -दुमका लोकसभा<br>3- गोडडा लोकसभा | दिनांक 26.05.2024 से दिनांक 28.05. 2024 तक |

8-रॉची लोक सभा के वरिष्ट मतदाता (उम्र 85+) एवं दिव्यांग (40% एवं इससे उपर) मतदाता का HOME VOTING (गृह मतदान)

| क्र0सं0 | लोकसभा का नं0 एव नाम | मतदान की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | 8- रॉची लोक सभा<br>(61- सिल्ली 62-खिजरी,63-रॉची,64-हटिया एवं 65- कॉके विधान सभा) | दिनांक 15.05.2024 से दिनांक 21.05.2014 तक |

निर्वाचन कार्य से जुड़े वैसे मतदाता जो मतदान दल डियूटी में रहेंगे एवं अपने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान नहीं कर पायेंगे उपरोक्त निर्धारित तिथि को सम्बन्धित सुविधा केन्द्र में एवं आवश्यक सेवा के मतदाता डाक मतदान केन्द्र में जाकर तथा **वरिष्ट मतदाता (उम्र 85+) एवं दिव्यांग (40% एवं इससे उपर) मतदाता HOME VOTING (गृह मतदान) के तहत अपने-अपने घर पर रहकर** पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान करेंगे।

नोडल पदाधिकारी,
पोस्टल बैलेट एवं ETBPs कोषांग, राँची।

वरीय पदाधिकारी,
पोस्टल बैलेट एवं ETBPs कोषांग
-सह-परियोजना निदेशक, ITDA,
राँची।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-
उपायुक्त, राँची

PR 324756 Ranchi(24-25)#D

# दिल्ली के राममनोहर लोहिया अस्पताल में भ्रष्टाचार का मामला बेहद चिंताजनक

**संपादकीय**

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि अस्पताल जैसी जिस जगह पर लोग अपनी किसी गंभीर बीमारी का इलाज कराने, जान बचाने की भूख में जाते हैं, वहां अन्य कर्मचारियों से लेकर खुद कुछ चिकित्सक तक उनकी सेहत को कई बार दांव पर लगा देते हैं। सीबीआइ ने छानबीन के बाद दिल्ली के राममनोहर लोहिया अस्पताल में चल रहे जिस भ्रष्ट तंत्र का खुलासा किया है, वह बेहद चिंताजनक है। गौरतलब है कि इस अस्पताल के दो चिकित्सकों सहित ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो एक ओर रिश्वत के बदले वहां कुछ खास कंपनियों के उत्पाद के कारोबार को बढ़ावा दे रहे थे, वहीं मरीजों पर भर्ती होने के लिए पैसे भी लिए जाते थे। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि खबरों के मुताबिक, किसी गर्भवती के परिजन जब तक रिश्वत की रकम नहीं चुकाते थे, तब तक उन्हें वार्ड में जगह नहीं दी जाती थी। मरीजों और उनके परिजनों को धमकाने के भी आरोप हैं। हैरानी की बात यह है कि देश की राजधानी में सबसे अहम माने जाने वाले अस्पतालों में से एक में इस तरह का भ्रष्टाचार धड़ल्ले से चल रहा था और उस पर किसी की नजर नहीं जा रही थी या फिर जानबूझ कर उसकी अनदेखी की जा रही थी। माना जाता है कि देश की राजधानी होने के नाते दिल्ली में चिकित्सा व्यवस्था की तस्वीर चाकचौबंद होगी और यहां इस तरह के भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं बन सकती। मगर इस जाने-माने अस्पताल में कुछ चिकित्सकों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों ने रिश्वत के बदले कुछ खास कंपनियों के उत्पादों और उपकरणों के कारोबार को जिस तरह बढ़ावा दिया, वह हैरान करने वाला है। सवाल है कि इस भ्रष्टाचार को खुद अस्पताल के तंत्र के भीतर या फिर सरकार के संबंधित महकमों की नजर और फिर कार्रवाई के दायरे में आने में इतना वक्त कैसे लग गया? चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति और उनके उपयोग पर नजर रखने के लिए क्या वहां कोई व्यवस्था नहीं है? अगर है, तो कुछ खास कंपनियों के सामानों पर लगातार मेहरबान होने पर किसी को शक क्यों नहीं हुआ? अगर मरीजों से गलत तरीके से पैसे वसूले जाते थे या फिर कुछ खास ब्रांड के उत्पाद ही लेने पर मजबूर किया जाता था, तो यह इतनी देर से पकड़ में क्यों आया? जाहिर है, भ्रष्टाचार का यह दुश्चक्र अस्पताल के कुछ डाक्टर और अधिकारियों या कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना नहीं चल रहा होगा। यह छिपा तथ्य नहीं है कि कई बार मरीजों को कुछ डाक्टर गैरजरूरी दवाइयां लेने की सलाह भी देते हैं। दवा या चिकित्सा उपकरणों के कारोबार को बढ़ावा देने के एवज में दवा कंपनियों की ओर से डाक्टरों को दुनिया के अलग-अलग देशों के दौरे पर ले जाने या महंगा तोहफा देने के प्रस्ताव की खबरें आम रही हैं। इस तरह के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं, जिसमें किसी खास दवा कंपनी से धन या सुविधाओं के बदले डाक्टर मरीजों को वैसी दवाएं लेने या जांच कराने की सलाह दे देते हैं, जो निहायत ही गैरजरूरी होती हैं।

# आवश्यक है वर्तमान की रोशनी में अतीत की समीक्षा

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

अन्तर्राष्टीय मंच पर देश की साख निरंतर बढती जा रही है। विश्व समुदाय के मध्य भारत की मौजूदा नीतियां शीर्षगामी हो रही हैं। ईरान के व्दारा विगत 17 अप्रैल को जप्त किये पुर्तगाली झंडे वाले जहाज एमएससी एरीज के चालक दल के 17 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया था। इस कन्टेनर जहाज का इजरायल के साथ संबंध होने के कारण ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स नेवी ने होर्मुज जलडमरू मध्य के निकट घेर कर कब्जे में ले लिया था। चालक दल में 6 भारतीय थे जिसमें एक महिला चालक दल सदस्या को भारत की कूटनीति के कारण तत्काल रिहा कर दिया गया था और अब शेष बचे 5 भारतीय भी छोड दिये गये हैं। देश का बढता सम्मान निरंतर शीर्षोन्मुख हो रहा है। अभिनन्दन की पाकिस्तान से वापिसी से लेकर यूक्रेन से भारतीय छात्रों को जंग के मध्य रास्ते देने की घटनायें समय-समय पर सामने आती रहीं है जबकि अतीत में विमान अपहरण के बहाने आतंकियों को छुडाने जैसी ब्लैक मेलिंग देखने को मिलती रही है। अमेरिका के आगे काले गेहूं के लिए हाथ फैलाये जाते रहे हैं। पाकिस्तान के आतंकी प्रहारों का रोना विश्व समुदाय के सामने रोया जाता रहा है। दंगों, विस्फोटों और खूनी झडपों के तांडव से देश कराहता रहा है। राष्ट विरोधी गतिविधियों का सैलाब नित नये गुल खिलाता रहा है। कहीं तिरंगे को लाल-हरा झंडों ने दागदार करने की कोशिश की गई तो कहीं छद्म्मवेशधारियों ने बहुरूपिये मुखौटे पहनकर व्यवस्था को धूल धूसित किया। समय के साथ बदलाव की आंधी आई और नकारात्मकता को रौंदने का हौसला लेकर विकास ने कदमताल करना शुरू कर दिया। अमेरिका और रूस के साथ संतुलन स्थापित किया। इजराइल और ईरान के साथ सामंजस्य बनाये रखा। अनेक मुस्लिम राष्टों का विश्वास जीता। विश्वगुरु के सिंहासन पर पुनः आसीन होने के लिए भागीरथी प्रयास तेज किये गये। परिणामस्वरूप यूक्रेन और रूस दौनों ही भारत पर विश्वास करते हैं। इजराइल और ईरान दौनों ही भारत का सम्मान करते हैं। नये भारत के परिपेक्ष में परिणामों की बानगी का सूक्ष्म विश्लेषण नूतन अध्याय की नवीन भूमिका परिलक्षित करा रही है। ऐसे में देश की लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया पर नजरें गडाये बैठा समूचा संसार अब अप्रत्यक्ष में इसे अपने ढंग से प्रभावित करने का प्रयास भी कर रहा है। मित्र राष्टों का समर्थन देश की समृध्दि के साथ है तो शत्रु देशों की जमात विनाशकारी तत्वों के समर्थन में कूद पडी है। मां भारती की गोद में किलकारी भरती दलगत राजनीति के अनेक लाडले अब राष्टभक्ति की भावना को तिलांजलि देकर स्वार्थ को अंगीकार करने लगे हैं। विकास के वास्तविक मापदण्डों से परे जाकर मगृमारीचिका के पीछे मतदाताओं को दौडाने की होड लगी है। लुभावने वादों, मुफ्तखोरी की घोषणाओं और संपन्नता के सपनों से वर्ग-संघर्ष की चालें चलीं जा रहीं है। लालू का मुस्लिम आरक्षण, ममता की सीएए न लागू होने देने की घोषणा, राहुल की जातिगत जनगणना, अखिलेश की वर्ग विशेष को सुविधायें, मायावती का खास लोगों के उत्थान का वायदा, केजरीवाल की लिंग भेदी सुविधा, मणिशंकर का पाकिस्तानी बम, ओवैसी की आतंकी धमकी, सैम पित्रोदा की पैत्रिक सम्पत्ति, महबूबा का पाक प्रेम, फारूख का कश्मीर विशेष और मोदी का विकसित राष्ट आज मतदाताओं के मध्य शंखनाद कर रहा है। दूरगामी परिणामों वाले षडयंत्र की किस्तों में परिणति करने वाली पार्टी का असली चेहरा पिछ्ले कुछ सालों में नागरिकों दिखने लगा है। पैत्रिक परम्पराओं का निर्वहन करने वाली पार्टी के दिग्गजों ने देश के अन्दर और बाहर एक साथ मातृभूमि को अपमानित करने का ही काम किया है। कभी लंदन में देश को कोसा तो कभी अमेरिका में मनगढन्त कहानियां सुनाकर आंसू बहाये। कभी देश के टुकडे-टुकडे करने के मंसूबे वाली जमात में खडे हुए तो कभी सेना के साहस पर प्रश्नचिन्ह अंकित किये। इसी पार्टी पाठशाला से पढकर निकले लोगों ने कभी बंगाल में घुसपैठियों की दम पर आतंक फैलाया तो कभी महाराष्ट में विभेदकारियों को संरक्षण दिया। झंडा, डंडा और कंडा की तिपाई पर चढकर देशवासियों को खूनी दावानल में झौंकने वाले अब चुनावी दौर में निरंतर रंग बदल रहे हैं, अस्थिरता पैदा कर रहे हैं और कर रहे हैं राष्टघाती प्रयास। शब्दों की मर्यादा तो कब की तार-तार हो चुकी है। बेशमी भरे वाक्यों की सरेआम नुमाइश लग रही है। आपत्तिजनक भाषा ने निर्लज्यता के सारे कीर्तिमान ध्वस्त कर दिये हैं। सम्प्रदायगत, जातिगत, भाषागत, क्षेत्रगत, लिंगगत खाई खोदने वालों ने चुनावी मंचों पर, मीडिया के कैमरों के सामने और वक्तव्यों की गूंज से देश में आग लगाने की पुरजोर कोशिश की है। कहीं भाई को सालार का बेटा बताकर तोप का नाम दिया जा रहा है तो कहीं जांच एजेन्सी पर हमला करने वालों को बचाने हेतु उच्चतम न्यायालय तक दौड लगाई जा रही है। कही सब्जबाग की खेती लहलहा रही है तो कहीं लालच की लपसी से ललचाने की कबायत चल रही है। ज्यों-ज्यों निर्वाचन के दौर आगे बढ रहे हैं त्यों-त्यों सत्ता के लालचियों का सब्र टूटता जा रहा है। डर, भय और अनहोनी की भविष्यवाणियों से वातावरण को प्रभावित करने वाले निकट अतीत के परिणामों के साथ इतिहास की तुलना करने से परहेज कर रहे हैं। संविधान निर्माण से लेकर उसकी समसामयिक समीक्षा तक के चरणों को झुठलाया जा रहा है। वर्तमान परिस्थितियों, सामूहिक सोच और कुटिलता की चालों का विश्लेषण किये बिना ही राष्ट की बागडोर सौपने के निर्णय को किसी भी हालत में सुखद नहीं कहा जा सकता। पाकिस्तान की कंगाली का जीवन्त उदाहरण अपनी हकीकत खुद बयान कर रहा है। स्वाधीनता के बाद से चन्द लोगों ने अपने सोचे-समझे षडयंत्र के तहत बहुत ही चालाकी से देशवासियों की सुकोमल भावनाओं का किस्तों में कत्ल किया, अपनी कुटिलता से जहर को चीनी की चासनी में लपेटकर औषधि के नाम पर खिलाया और फिर समय-समय पर कानूनों में संशोधन करके देश को आन्तरिक कलह, वर्ग-संघर्ष तथा विभाजन के मुहाने तक पहुंचा दिया। आवश्यक है वर्तमान की रोशनी में अतीत की समीक्षा अन्यथा राजनैतिक दलों के व्दारा निर्मित किये गये भ्रामक वातावरण में उत्पन्न बनावटी कथानकों के दुःखद अन्त की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

**भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर क्षेत्रीय दलों का प्रयास यही रहता रहा है कि इसे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश करार दिया जाए। कांग्रेस ने इन दलों के भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षक की भूमिका निभाई है। कारण स्पष्ट है यदि कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के भ्रष्टाचार के मामले उठाती है तो उसे अपनी गिरेबां में भी झाकना होगा। इससे ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार के मामलों में छिछालेदार करने लगेंगे। ऐसी हास्यादपद स्थिति से बचने के लिए ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं करते हैं। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के मामलों में मौन साधे रखा है। यहां तक की कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार का जिक्र तक करना जरूरी नहीं समझा। कांग्रेस को अंदाजा था कि इसका जिक्र करते ही भाजपा गठबंधन खिल्ली उड़ाने से चूकेगा नहीं। यही वजह रही कि कांग्रेस घोषणा पत्र में देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के खात्मे को लेकर कोई वादा नहीं किया।**

# देश में भ्रष्टाचार का खंड बन गया है झारखंड

(योगेंद्र योगी)

भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर क्षेत्रीय दलों का प्रयास यही रहता रहा है कि इसे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश करार दिया जाए। कांग्रेस ने इन दलों के भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षक की भूमिका निभाई है।

गैरभाजपा राजनीतिक दलों के लिए देश में व्याप्त भ्रष्टाचार कोई चुनावी मुद्दा नहीं रह गया है। यही वजह है कि खासतौर से क्षेत्रीय दलों की सरकारों में बेशर्मी से लूटने की होड़ मची हुई है। झारखंड में एक मंत्री के निजी सहायक के नौकर के घर से मिले करीब 35 करोड़ रुपए मिलने पर किसी भी दल ने कठोर कार्रवाई की मांग तो दूर बल्कि इस भारी-भरकम भ्रष्टाचार के लिए अफसोस तक जाहिर नहीं किया। यह पहला मौका नहीं है जब इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की असलियत उजागर हुई हो। इससे पहले भी असीम सुर्खियों में रहे भ्रष्टाचार के मामलों में भी क्षेत्रीय दलों की सत्तारुढ़ सरकारो के काले कारनामे सामने आ चुके हैं।

भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर क्षेत्रीय दलों का प्रयास यही रहता रहा है कि इसे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश करार दिया जाए। कांग्रेस ने इन दलों के भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षक की भूमिका निभाई है। कारण स्पष्ट है यदि कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के भ्रष्टाचार के मामले उठाती है तो उसे अपनी गिरेबां में भी झाकना होगा। इससे ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार के मामलों में छिछालेदार करने लगेंगे। ऐसी हास्यादपद स्थिति से बचने के लिए ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं करते हैं। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के मामलों में मौन साधे रखा है। यहां तक की कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार का जिक्र तक करना जरूरी नहीं समझा। कांग्रेस को अंदाजा था कि इसका जिक्र करते ही भाजपा गठबंधन खिल्ली उड़ाने से चूकेगा नहीं। यही वजह रही कि कांग्रेस घोषणा पत्र में देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के खात्मे को लेकर कोई वादा नहीं किया। आश्चर्य यह है कि झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहयोगी जहांगीर के यहां छापा मार कर प्रवर्तन निदेशालय ने 35 करोड़ रुपए बरामद किए। इस पर भी मंत्री आलम ने त्याग पत्र देना जरूरी नहीं समझा। झारखंड में सत्ता में शामिल कांग्रेस ने आलम के इस्तीफ की मांग तक नहीं की। अलबत्ता कांग्रेस ने इससे अपना दामन बचाने की कोशिश जरूर की। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आयोजित राहुल गांधी की सभा में मंच पर कांग्रेस कोटे से ग्रामीण विकास मंत्री बने आलमगीर आलम को जगह नहीं मिली। कांग्रेस ने आलमगीर को महज यह संदेश देकर औपचारिकता निभाई की पहले जांच से बरी होकर आओ।

इससे पहले झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भी भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। सोरेन को जमानत नहीं मिल सकी है। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन 6 अक्टूबर 2023 को नई हेमंत सोरेन को कथित भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया था। जैसा कि अक्सर होता है हर भ्रष्टाचारी ऐसे मामलों को फसाने की साजिश करार देता है, इसी तर्ज पर सोरेन ने भी आरोप से इनकार किया। कांग्रेस ने सोरेन की गिरफ्तारी की निंदा की और इसे संघवाद के लिए झटका बताया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा था कि भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा लोकतंत्र को नष्ट करने का अभियान चला रही है।



कांग्रेस यह भूल गई कि पिछले साल दिसंबर में भी झारखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू के ठिकानों से इनकम टैक्स ने 350 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश बरामद किया था। इस पर साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि छापेमारी में जो कैश बरामद किया गया है, वो मेरी शराब की कंपनियों का है। शराब का कारोबार नकदी में ही होता है और इसका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों से 290 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश मिला था। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने साहू से जुड़े ओडिशा और झारखंड के उनके ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान विभाग को अलमारी में करोड़ों रुपये भरे हुए मिले। धीरज साहू के पास कितना कैश बरामद हुआ है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लगातार तीन दिन छापेमारी कर नोट गिनने पड़े। आलम ये रहा है कि नोट गिनने के लिए लाई गई मशीनों की क्षमता कम पड़ गई। नोट गिनने के लिए तीन दर्जन मशीनों को मंगाया गया था, जो कम पड़ गई। पीएम मोदी ने ओडिशा की रैली में किया नकद बरामदगी का जिक्र चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नकद बरामदगी का जिक्र भी किया। उन्होंने केंद्र द्वारा जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग पर विपक्ष के आरोप का जवाब देते हुए पूछा कि पड़ोसी राज्य झारखंड में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं।

मोदी ने कहा कि अब आप ही बताइए, अगर मैं उनकी चोरी, उनकी कमाई, उनकी लूट बंद कर दूं, तो क्या वे मोदी को गाली देंगे या नहीं? गालियों के बावजूद, क्या मुझे आपका पैसा नहीं बचाना चाहिए। झारखंड और भ्रष्टाचार का चोली दामन का साथ है। संयुक्त बिहार में ही झारखंड मे हुए चारा घोटाले से शुरू हुई थी और बड़े भ्रष्टाचार की कहानी आज भी बदस्तूर जारी है। चारा घोटाले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का नाम सामने आया था। इस घोटाले में पशुओं के चारे की चोरी की गई। 950 करोड़ के इस घोटाले मे 53 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि कुल 170 आरोपी बने गए थे। इस मामले का खुलासा 1996 में हुआ था। इसके बाद मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल मे शेल कंपनियों के जरिए काली कमाई को सफेद करने का मामला सामने आया। करीब 4 हजार करोड़ का ये घोटाले अपने आप मे देशभर के बड़े घोटालों में से एक था। आज भी मामला अदालत में है। मधु कोड़ा को मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद जेल भी जाना पड़ा था। अलग झारखंड राज्य की मांग को अटल बिहारी वाजपेयी की तत्कालीन सरकार ने वर्ष 2000 में पूरा तो कर दिया था। लेकिन जिस मकसद से अलग राज्य की मांग हो रही थी, वह मकसद पीछे छूट गया। झारखंड में लूट का सिलसिला शुरू हो गया। बिहार से अलग झारखंड बनाने की मांग इसलिए हो रही थी कि इसका समुचित विकास अपने ही संसाधनों से सुचारू ढंग से हो पाएगा। इसकी झलक भी पहले बजट में दिखी थी। राज्य सरकार का शुरुआती बजट सरप्लस था। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद जिस विकास और खुशहाली का सपना लोगों ने देखा था, वह तो पूरा नहीं हुआ, उल्टे यहां लूट की संस्कृति दिन प्रतिदिन मजबूत होती गई। हाल के तीन साल में जिस तरह नौकरशाहों और नेताओं के घर से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम नोटों का जखीरा बरामद करती आ रही है, उससे तो झारखंड का अघोषित नाम लूटखंड हो गया है।

गौरतलब है कि दिल्ली शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। ईडी तीन दक्षिणी राज्यों तेलंगाना, केरल और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की भी जांच कर रही है। सभी नेताओं ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है। क्षेत्रीय दल चाहे झारखंड का हो, दिल्ली, तमिलनाडू या फिर पश्चिमी बंगाल के, सब आकंठ तक भ्रष्टाचार के मामलों में डूबे हुए हैं। इन राज्यों के विपक्षी दलों के करीब एक दर्जन नेता जेलों में बंद हैं। इनमें से ज्यादातर की जमानत तक नहीं हो सकी है। इसी से विपक्षी दलों का यह आरोप कमजोर पड़ जाता है कि केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा जांच एजेंसियों को दुरुपयोग राजनीतिक रंजिश के कारण कर रही है। अभी तक किसी भी न्यायालय ने नेताओं के भ्रष्टाचार के भी मामले में यह निर्णय नहीं दिया कि केंद्रीय एजेंसियों ने दुर्भावनावश कार्रवाई की है। कांग्रेस इस मुद्दे पर मुंह इसलिए नहीं खोल सकती है, क्योंकि कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान भी भ्रष्टाचार के आरोपों से रंगा हुआ है।

# चुनावी मुद्दों समेत भारतीयता की विकृत व्याख्या के सियासी मायने को ऐसे समझिए

**दुनिया का सबसे बड़ा और सर्वाधिक सफल लोकतंत्र समझा जाने वाला भारतीय लोकतंत्र में कतिपय नेताओं द्वारा वक्त-वक्त पर किस प्रकार से जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, पहाड़, मैदान, तुष्टीकरण और नस्लीय वैचारिक विकृति पिरोयी गई, यह राजनैतिक और सामाजिक शोध का विषय है। क्योंकि सिर्फ बहुमत प्राप्ति की गरज से नेताओं ने जिन नीतिगत उलटबांसियों को तवज्जो दी, उससे शांतिपूर्ण और सहिष्णु भारतीय समाज का बहुत बड़ा अहित हुआ है। वहीं, इन बातों का दुष्प्रभाव चुनावी राजनीति पर भी पड़ा है।**

(कमलेश पांडे)

यदि पिछले तीनों लोकसभा चुनावों यानी 2014, 2019 और 2024 में कतिपय कांग्रेसी नेताओं के बयानों पर गौर किया जाए तो मणिशंकर अय्यर, शशि थरूर से लेकर सैम पित्रोदा तक पार्टी नेताओं की ऐसी फेहरिस्त है, जिनके बयानों से पीएम मोदी की सरकार को अकस्मात चुनावी संजीवनी मिली।

दुनिया का सबसे बड़ा और सर्वाधिक सफल लोकतंत्र समझा जाने वाला भारतीय लोकतंत्र में कतिपय नेताओं द्वारा वक्त-वक्त पर किस प्रकार से जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, पहाड़, मैदान, तुष्टीकरण और नस्लीय वैचारिक विकृति पिरोयी गई, यह राजनैतिक और सामाजिक शोध का विषय है। क्योंकि सिर्फ बहुमत प्राप्ति की गरज से नेताओं ने जिन नीतिगत उलटबांसियों को तवज्जो दी, उससे शांतिपूर्ण और सहिष्णु भारतीय समाज का बहुत बड़ा अहित हुआ है। वहीं, इन बातों का दुष्प्रभाव चुनावी राजनीति पर भी पड़ा है।

सच कहूं तो ऐसे नेताओं की शतरंजी सियासी चालों से न केवल क्षेत्रीयता बल्कि राष्ट्रीयता का भाव भी प्रभावित हुआ है। वहीं, परिवारवाद और सम्पर्कवाद के खेल ने सियासी स्थिति-परिस्थिति को और अधिक जटिल बना दिया है। ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूँ कि एनआरआई बुद्धिजीवी सैम पित्रोदा ने भारतीयता की जो शर्मनाक व्याख्या की है, वह आम चुनाव 2024 को आने वाले दिनों में एक नई दिशा देगी। उनके हालिया बयानों से जो बहस छिड़ेगी, उसका उत्तर देना बिल्कुल आसान नहीं होगा। क्योंकि इससे पहले शायद ही किसी ने विभिन्न रूप रंग वाले भारतीयों को ऐसी उपमा दी हो। जो बेतुकी ही नहीं, बल्कि आपत्तिजनक भी है। इसलिए आशंका है कि गत तीन चरणों के चुनावों में कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन को जो तवज्जो मिली, वह चौथे चरण से प्रभावित भी हो सकता है।

सैम पित्रोदा के शब्दों में, हम भारत जैसे विविधता से। भरे देश को एकजूट रख सकते हैं। जहाँ पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं,




पश्चिम के लोग अरब और उत्तर के लोग गोरों जैसे दिखते हैं, जबकि दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, हम सब भाई-बहन हैं। भारत में अलग-अलग क्षेत्र के लोगों के रीति-रिवाज, खान-पान, धर्म, भाषा भिन्न हैं, लेकिन भारत के लोग एक दूसरे का सम्मान करते हैं। इससे पहले उन्होंने कहा है कि, हम 75 साल से बहुत सुखद माहौल में रह रहे हैं, जहां कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह रहे हैं।

देखा जाए तो भारतीयों की पहचान को विदेशी मूल से जोड़कर देखने का सैम पित्रोदा ने जो दुस्साहस किया है, उससे आगबबूला हुई भाजपा ने उनके बेतुके बयान को ही चुनावी मुद्दा बना दिया। पार्टी का आरोप है कि धर्म के आधार पर हुए राष्ट्र विभाजन के पश्चात अब चमड़ी व रंग के आधार पर कांग्रेस देश को बांटने की साजिश रच रही है। समझा जाता है कि उनके बयान के बाद बैक फुट पर दिखाई पड़ी कांग्रेस को राजनैतिक धर्मसंकट से बचाने के लिए उन्होंने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया, जिसे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा स्वीकार कर लिया गया है, जो कि बड़ी बात है।

वहीं, कांग्रेस ने उनकी टिप्पणियों से खुद को पूरी तरह से अलग कर लिया है, क्योंकि उसका मानना है कि भारत की विविधता को चित्रित करने के लिए एक पॉडकास्ट में पित्रोदा द्वारा दी गई उपमाएं बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं। बता दें कि पिछले दिनों भी सैम पित्रोदा ने भारत में अमेरिका की तर्ज पर विरासत टैक्स की पैरवी कर कांग्रेस की खूब किरकिरी कराई थी। उससे पहले वह यह भी कह गए थे कि अयोध्या में निर्मित राम मंदिर भारत के विचार के विपरीत है।

यदि पिछले तीनों लोकसभा चुनावों यानी 2014, 2019 और 2024 में कतिपय कांग्रेसी नेताओं के बयानों पर गौर किया जाए तो मणिशंकर अय्यर, शशि थरूर से लेकर सैम पित्रोदा तक पार्टी नेताओं की ऐसी फेहरिस्त है, जिनके बयानों से पीएम मोदी की सरकार को अकस्मात चुनावी संजीवनी मिली। यही वजह है कि इस बार कांग्रेस नेतृत्व ने समय रहते ही निर्णय ले लिया और पित्रोदा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया, ताकि चुनावी डैमेज कंट्रोल किया जा सके।

मेरा स्पष्ट मानना है कि गोरे अंग्रेजों से लेकर काले अंग्रेजों तक ने कभी बहुमत प्राप्ति की गरज से तो कभी किसी लॉबी को संतुष्ट करने के लिए जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, लिंग, पहाड़, मैदान, उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम, तुष्टीकरण और नस्लीय आधार पर व्यक्तियों के विभाजन का जो सिलसिला प्रारंभ किया, वह आज तक जारी है। इसके आधार पर हुई गोलबंदी से भारतीय संविधान भी अछूता नहीं बचा और उनके निर्माण से लेकर विभिन्न संशोधनों तक में जो वैचारिक विकृति की बू आती है, वह चुनाव दर चुनाव किसी न किसी त्रासदी को जन्म देती आई है, जिससे बचे जाने की जरूरत है।

कहना न होगा कि एक भारत और श्रेष्ठ भारत का विचार उत्तम है, लेकिन मौजूदा कानूनी विसंगतियों के उन्मूलन के बिना उसे कतई नहीं पाया जा सकता, यही शाश्वत सत्य है। यह कड़वा सच है कि जब तक भारतीय मतदाताओं को बरगलाने का सिलसिला जारी रहेगा, तबतक सियासी स्थायित्व की कल्पना बेमानी है। लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक।



# ऐसी आदतें और बातें जिनकी मदद से समझें कि बच्चा जीनियस है

**कुछ बच्चे जीनियस होते हैं और उनमें ऐसी कई आदतें और बातें होती हैं जिनकी मदद से आप समझ सकते हैं कि वो बच्चा जीनियस है।**

ये तो हम सभी जानते और समझते हैं कि हर बच्चा अलग होता है और जो खास बातें एक बच्चे में होती हैं, वो दूसरे में नहीं हो सकती हैं। कुछ बच्चे पढ़ाई में बहुत होशियार होते हैं, तो कुछ खेल-कूद में आगे रहते हैं। इस तरह हर बच्चा एक-दूसरे से अलग होता है। इसी तरह कुछ बच्चे जीनियस भी होते हैं और इनमें कुछ बातें या आदतें अलग होती हैं जिनकी मदद से आप ये जान और समझ सकते हैं कि ये बच्चे जीनियस हैं। इस आर्टिकल में हम आपको बता रहे हैं कि साइकोलॉजी के अनुसार जीनियस बच्चों में क्या गुण और आदतें होती हैं।

## सकारात्मक दृष्टिकोण

आपको बता दें कि इन बच्चों का जीवन के हर पहलू को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण रहता है। बात समाज की हो या फिर व्यक्तिगत पहलुओं की, ये हर चीज और मुश्किल के सामने सकारात्मक नजरिया रखते हैं और चुनौतियों से घबराते नहीं हैं बल्कि उनका डटकर सामना करते हैं।

## फैसला लेना

जीनियस बच्चों के बारे में ये कहा जाता है कि ये फैसले लेने में निपुण होते हैं। इनमें सही और गलत के बीच फर्क समझने का कौशल और क्षमता होती है और ये अपने हर निर्णय के फायदे और नुकसानों का आंकलन करने की भी क्षमता रखते हैं। कहा जा सकता है कि जीनियस बच्चे अपने फैसले खुद ले सकते हैं।

## आत्म-नियंत्रण की भावना

इन बच्चों को अपनी भावनाओं और गुस्से को कंट्रोल करना आता है। आप सोच रहे होंगे कि बच्चे तो इन सभी चीजों के लिए बहुत छोटे होते हैं फिर वो कैसे इतना सब कर सकते हैं। आपको बता दें कि यहां बात जीनियस बच्चों की हो रही है और ये बच्चे खुद पर कंट्रोल रखना जानते हैं।

## रचनात्मक होते हैं

जीनियस बच्चों में रचनात्मकता का गुण भी देखा जाता है। इनके कामों ही नहीं बल्कि इनकी सोच और विचारों में भी रचनात्मकता देखी जा सकती है। अगर आप भी एक पैरेंट हैं, तो अपने बच्चे में इस गुण के तलाशकर देखें और अगर उसमें ये गुण नहीं है, तो आप कुछ तरीकों से इसे विकसित भी कर सकते हैं।



## जिज्ञासु होते हैं

सबसे महत्वपूर्ण बात कि जीनियस बच्चे जिज्ञासु होते हैं। ये हर चीज के बारे में जानने की उत्सुकता रखते हैं और नए अनुभवों के लिए तैयार रहते हैं। आप ये कह सकते हैं कि इनके सामने जो कुछ भी आता है, ये उसके बारे में जानना चाहते हैं और नई चीजों को समझने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

इसके अलावा अगर आपका बच्चा आपसे बहुत सवाल करता है, तो उसे रोके या डांटे नहीं बल्कि उसके जिज्ञासु मन को शांत करें। इससे बच्चों के ज्ञान का दायरा बढ़ता है और वो बुद्धिमान बनते हैं। ये बच्चे ज्ञानी और बुद्धिमान बन सकते हैं इसलिए आप अपने बच्चे के हर सवाल का जवाब देने की कोशिश करें।



# रिश्ते में कड़वाहट को बढ़ने से इस तरह रोकें

**पति-पत्नी के रिश्ते में गुस्सा, नाराजगी, प्यार, मोहब्बत सब धूप-छांव की तरह होते हैं। लेकिन यदि गुस्से और नाराजगी का अनुपात ज्यादा हो जाए तो रिश्ता बिगड़ने लगता है। यदि आप भी किसी ऐसे आदमी के साथ रिश्ते में बंधी हैं, जिसे अपने गुस्से पर कंट्रोल नहीं रहता है तो जान लें इन्हें कैसे हैंडल करना चाहिए।**

आज कल लोगों की मनोदशा बहुत तरीके से प्रभावित हो रही है, जिसके कारण वह अपने इमोशन को सही तरह से कंट्रोल करने में समर्थ नहीं है। इससे बहुत ज्यादा गुस्सा आना, मानसिक दबाव महसूस होने जैसी समस्याएं लोगों में बहुत ही बढ़ गई है। ऐसे में रिश्तों को कैसे बचा कर रखा जा सकता है, आप इस लेख में प्रिडिक्शन्स फॉर सक्सेस के संस्थापक और रिलेशनशिप कोच विशाल भारद्वाज से जान सकते हैं। खासतौर पर यदि आप एक गुस्सैल पति या पत्नी के साथ बंधन में बंधे हुए हैं, तो यह टिप्स आपके लिए बहुत काम आ सकते हैं।

## धीरज रखें

जब आपके पति क्रोध में हों तो ऐसी स्थिति में आपका गुस्सा करना चीजों को और भी खराब कर सकता है। ऐसे में अपनी बात को कहने के लिए उन्हें पूरे तरीके से शांत होने दें। ध्यान रखें कि जब भी पति गुस्से में हो तो पति का शांत रहना बहुत जरूरी है वरना छोटी सी बात भी लड़ाई में बदल जाती है।

## पति से उनके गुस्से के बारे में बात करें

अपने पति के एंगर इश्यू के बारे में उनसे खुलकर बात करें। अपने पति से बात करते हुए उन्हें अपनी भावनाओं के बारे में बताएं। उन्हें समझाएं कि किस तरह से उनका गुस्सा आपके रिश्ते को खोखला कर रही है। ध्यान रखें कि उन्हें ऐसा महसूस न हो कि आप उन पर कोई आरोप लगा रही हैं या उनमें कमी निकाल रहीं हैं।

## उचित समय का चयन करें

किसी भी विषय पर उनसे चर्चा करने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि उनका मूड अच्छा हो। यदि वह पहले से थके या चिड़चिड़े होंगे तो उनके क्रोधित होने की संभावनाएँ ज्यादा होंगी। जिससे आपको एक बार फिर बिना किसी बात के उनका सामना करना पड़ जाएगा। इस समस्या का कारण खोजें बैठ कर आत्म चिंतन करें कि ऐसी कौन सी बातें हैं जो आपके पति को क्रोध दिलाती है। और ऐसी कौन सी बातें हैं या फिर परिस्थिती है जिनके कारण वे क्रोधित होते हैं जब आपको एक बार इसका सही-सही अनुमान हो जाएगा तब आप इसका समाधान बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

## एक्सपर्ट की मदद लें

यदि आप और आपके पति स्वयं अपनी इस समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं तो ऐसे में आप किसी पेशावर से मदद ले सकते हैं। ये तरीका आपके लिए काफी असरदार साबित हो सकती है। ध्यान रखें प्यार और शादी के रिश्ते में इस तरह की चुनौतियां आना आम बात है। ऐसी स्थिति में आप अपने जीवन साथी की समस्याओं से निकलने में सबसे अधिक सहायता कर सकते हैं।



# सुविधाओं से ज्यादा सही उत्पाद महत्व रखता है

**ऑनलाइन शॉपिंग में अच्छा डिस्काउंट मिल जाता है और घर बैठे सामान भी आ जाता है। लेकिन बड़े सामानों में इन सुविधाओं से ज्यादा सही उत्पाद महत्व रखता है।**

## केवल लुक पर ना जाएं

कुछ अच्छा दिख रहा है, बस, इसीलिए उसे खरीदने की तैयारी ना कर लें। ऑनलाइन फर्नीचर की प्रस्तुति में कमरे की सज्जा अलग होती है, वैसी आपके घर की नहीं होगी। साथ ही माप का भी ध्यान रखें।

## कुछ बातें साफ हों

फर्नीचर को बार-बार बदलना संभव नहीं होगा। इसलिए बेहद सोचकर चुनिए। किस कमरे के लिए लेना है या कमरे की बाकी चीजों के अनुसार लेना है, जूतों के लिए रैक ले रहे हैं या बालकनी के लिए मुड्ढे, जब सब कुछ दिमाग में साफ होगा तो चुनने में आसानी होगी।

## मेल का ख्याल रखें

घर में सारा लकड़ी का फर्नीचर है और आपको मेटल या केन फर्नीचर पसंद आ जाता है। इसलिए जो भी फर्नीचर चुनें तो पहले जगह निर्धारित कर लें कि उसे कहां रखेंगे, ताकि वो बाकी फर्नीचर के साथ बेमेल ना लगे। हां, कुछ बदलाव चाहते हैं तो ऐसे फर्नीचर का भी चुनाव कर सकते हैं जो एक दूसरे के पूरक हों।

## ये पहले पता करें

फर्नीचर बुक करते समय यह भी जानकारी लें कि फर्नीचर को असेंबल करने की सुविधा दी जा रही है या नहीं। यदि हां तो किस समय तक असेंबल होगा। साथ ही डिसमेंटल करने के बारे में भी कंपनी की सुविधाओं को जान लें। क्योंकि अगर आपको घर बदलना पड़ा और आपका फर्नीचर लिफ्ट के जरिए या सीढ़ियों से जाना पड़ा, तो क्या संभव होगा। इन सभी बातों पर गौर करें।

## यह भी समझें


मटेरियल पर भी ध्यान दें। किस तरह की लकड़ी का इस्तेमाल किया गया है, फर्नीचर पर यदि कपड़ा चढ़ा है तो वह किस गुणवत्ता का है। इन सभी बातों को नजरअंदाज ना करें। वेबसाइट पर उत्पाद के नीचे फर्नीचर के मटेरियल की सारी जानकारी होती है, उसे ध्यान से पढ़ें। इसके अलावा कस्टमर के रिव्यू भी देख लें, ताकि पता चल सके कि फर्नीचर में क्या खराबी आ सकती है या किन बातों का ख्याल आपको रखना पड़ेगा।


## खास मौके के लिए

यदि किसी खास मौके (त्योहार, फंक्शन आदि) के लिए फर्नीचर बुक कर रहे हैं, ताकि उस खास दिन घर अलग लगे, तो आखिरी समय का इंतजार ना करें। ये भी हो सकता है कि फर्नीचर डिलीवरी के दौरान किसी तरह की टूट-फूट हो जाए। ऐसे में उसे बदलना होगा जिसमें वक्त लग सकता है। इसलिए पहले ही मंगा लें और बदलने के लिए भी कुछ दिनों की गुंजाइश रखें।

## गुणवत्ता की परख

ऑनलाइन खरीदारी में गुणवत्ता पता करना जरा मुश्किल होता है। इसलिए किसी भी वेबसाइट पर अच्छी डील या डिस्काउंट के कारण ना जाएं, बल्कि फर्नीचर के लिए जानी-मानी कंपनी की वेबसाइट से ही खरीदारी करें।





**कई बार हम पुराने दिनों को याद करते हैं और उन्हीं दिनों में वापिस लौट जाना चाहते हैं। लेकिन वो कहते हैं ना कि बीता हुआ समय वापिस लौटकर नहीं आता। ऐसे में आप पुराने दिनों को तो वापिस नहीं ला सकते, लेकिन पुराने जमाने के लुक्स को रिक्रिएट करके पुरानी यादों को ताजा अवश्य किया जा सकता है। खासतौर से, एक विंटेज लुक के लिए सबसे जरूरी है हेयरस्टाइल पर फोकस करना।**

# विंटेज लुक के लिए फोकस करें जरूरी हेयरस्टाइल पर

अगर आपने ध्यान दिया हो तो आपने अवश्य पाया होगा कि पुराने समय में कुछ खास हेयरस्टाइल्स को बेहद पसंद किया जाता था। लेकिन अब उन हेयरस्टाइल्स को कोई नहीं बनाता। ऐसे में अगर आप अपने लुक में एक बदलाव चाहती हैं और कुछ अलग करना चाहती हैं तो ऐसे में इन हेयरस्टाइल्स को बना सकती हैं। इन्हें बनाना इतना भी मुश्किल नहीं है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही विंटेज हेयरस्टाइल्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपके बालों में भी बेहद अच्छे लगेंगे-

## वेव्स हेयरस्टाइल्स

जब विंटेज लुक की बात होती है तो ऐसे में बालों को कर्ल करना सबसे अच्छा माना जाता है। इसके लिए आप पहले बालों को कर्ल करें। इसके बाद, आप फ्रंट से भी बालों को अंदर की तरफ कर्ल करें। यह आपके बालों को एक डिफरेंट लुक मिलेगा। इसके बाद, आप बालों में हेडबैंड लगाएं। बस आपका हेयरस्टाइल रेडी है।

## बंडाना विंटेज हेयरस्टाइल

यह हेयरस्टाइल ना केवल देखने में अच्छा लगता है, बल्कि आपके बालों को एक डिफरेंट लुक देता है। इसके लिए, आप फ्रंट से थोड़े बालों को साइड पार्टिंग करके उसे रोल करें। अब आप बचे हुए बालों को पीछे ले जाएं और बन बनाएं। आप इसे पिन की मदद से फिक्स करें। आखिरी में, अपने हेयरस्टाइल को बंडाना की मदद से और भी अधिक खूबसूरत बनाएं।

## साइड स्वेप्ट विंटेज हेयरस्टाइल

यह साइड स्वेप्ट विंटेज हेयरस्टाइल आपके लुक को केजुअल्स में भी खास बनाता है। इसके लिए आप फ्रंट से थोड़े हेयर लेकर उसे रोल करें और फिर पिन की मदद सिक्योर करें। इसके बाद आप फ्रंट के दोनों साइड्स के हेयर्स को भी रोल करें और पिन की मदद से सिक्योर करें। अब आप अपनी हेयर लेंथ को लाइट कर्ल लुक दें।

## विंटेज रोल बन हेयरस्टाइल

अगर आप वेडिंग सीजन में या फिर किसी खास अवसर के लिए एक विंटेज लुक क्रिएट कर रही हैं तो ऐसे में आप अपने बालों में पीछे ले जाकर चिग्नॉन हेयरस्टाइल बनाएं और अपने बालों को एक विंटेज लुक देने के लिए आप साइड में रोल बनाकर उसे पिन की मदद से फिक्स करें। यह हेयरस्टाइल बेहद ही एलीगेंट और ब्यूटीफुल लुक देता है।

## कर्ल हाफ अप विंटेज हेयरस्टाइल

इसके लिए आपको बालों को कॉम्ब करने के बाद साइड पार्टिंग करनी है। अब आप बालों को बैक में हल्का पफ लुक दें और बालों को पिनअप करें। इसके बाद, बालों को अधिक वॉल्यूम और विंटेज लुक देने के लिए हेयर लेंथ को कर्ल करें। आप कर्ल हेयर को अपने शोल्डर पर फ्लॉन्ट करें। यह विंटेज हेयरस्टाइल हाउस पार्टीज आदि के लिए एक अच्छा ऑप्शन है।

## बॉब कट विंटेज हेयरस्टाइल

अगर आपके बालों को बॉब कट लुक दिया है तो ऐसे में आप बालों को बेहद आसानी से विंटेज लुक दे सकती हैं। इसके लिए आप फ्रंट से बालों को रोल करके सेट करती जाएं। इसके अलावा, आप साइड व पीछे के हेयर्स को भी लूज कर्ल लुक दें।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटिश विश्लेषक ने गार्जियन के संपादकीय की आलोचना की

**लंदन, एजेंसी।** एक प्रमुख ब्रिटिश राजनीतिक विश्लेषक ने द गार्जियन के एक संपादकीय का हवाला देते हुए कहा है कि पश्चिमी मीडिया भारत के प्रति पक्षपाती है, जिसमें भारतीयों से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को एक और लोकप्रिय जनादेश देने के बारे में गंभीरता से सोचने के लिए कहा गया है। दो दशकों से अधिक समय तक दक्षिण एशिया पर काम करने वाले राजनीतिक विश्लेषक और अमेरिका स्थित गैर-लाभकारी संस्था ग्लोबल फ्रेंड्स ऑफ अफगानिस्तान के सह-संस्थापक क्रिस ब्लैकबर्न ने कहा कि भारत के आम चुनावों पर यूके का दैनिक संपादकीय स्पष्ट रूप से पूर्वाग्रह का संकेत देता है। ब्लैकबर्न



ने गुरुवार को डेली एक्सप्रेस में लिखा- एक चुनौती भारत को एक संकीर्ण चश्मे से देखने की प्रवृत्ति थी, जो पूर्वकल्पित धारणाओं या सनसनीखेज कथाओं से आकार लेती थी। इससे मुद्दों का अत्यधिक सरलीकरण और विरूपण हो सकता है। रूढ़िवादिता कायम हो सकती है। विचाराधीन संपादकीय में कहा गया है कि प्रधान मंत्री मोदी के एक दशक तक सरकार के शीर्ष पर रहने के कारण भारतीय लोकतंत्र 2024 के आम चुनावों में हारा हुआ था। लोकतंत्र तब सबसे अच्छा चलता है जब विचारों की प्रतिस्पर्धा होती है और नागरिकों के साथ समान व्यवहार होता है। मोदी के भारत में इनकी कमी है। मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी ने पाया कि उसके बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। यह कोई संयोग नहीं हो सकता कि प्रवर्तन और कर अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी प्रमुख भारतीय राजनेता विपक्ष के हैं और कोई भी सत्तारूढ़ दल का नहीं है। ब्लैकबर्न ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे ब्रिटिश दैनिक ने भारत के कथित विदेशी हत्या कार्यक्रम पर एक लेख प्रकाशित करने के लिए पाकिस्तानी खुफिया जानकारी पर भरोसा किया था। लोकतांत्रिक भारत के बजाय पाकिस्तान के कुख्यात जासूसों पर भरोसा करना एक चिंताजनक विकल्प है जो पत्रकारिता की अखंडता और गुप्त उद्देश्यों पर सवाल उठाता है। यह पूर्वाग्रह पश्चिमी मीडिया आउटलेट्स के कवरेज को प्रभावित करता है जो घरेलू दर्शकों के हितों या भू-राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने वाले आख्यानों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिसके परिणामस्वरूप उनके प्रकाशनों में भारत का विषम चित्रण होता है।

### इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर बस दुर्घटना में 11 लोगों की मौत

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत के एक पहाड़ी रिसॉर्ट शहर में एक बस दुर्घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस प्रवक्ता ने डीपीए को बताया कि 60 से



अधिक लोगों को ले जा रही बस शनिवार शाम पश्चिम जावा के सुबांग में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि एक समारोह के बाद छात्र और शिक्षक अपने घर लौट रहे थे। दुर्घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। इस हादसे से जुड़ी अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

# भारी बारिश के कारण नदी का स्तर बढ़ा, 20 लाख लोग प्रभावित



### मरने वालों की संख्या 140 के पार

**रियो डी जेनेरियो , एजेंसी।** भूकंप के बाद आई भयंकर बाढ़ के कारण ब्राजील में तबाही मच गई। रविवार को भारी बारिश के कारण दक्षिणी ब्राजील में नदी का स्तर फिर एक बार बढ़ गया। बाढ़ के कारण अबतक 145 लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण रियो ग्रांडे डो सुल के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो सप्ताह से मूसलाधार बारिश के कारण नदियों का पानी कस्बों और क्षेत्रीय राजधानी के कुछ इलाकों में घुस गया।


**भयंकर तबाही के कारण 20 लाख लोग प्रभावित-** इस भयंकर तबाही के कारण लगभग 20 लाख लोग प्रभावित हुए। मौसम विशेषज्ञ इस जयवायु परिवर्तन को अल नीनो से जोड़ रहे हैं। राज्य प्रशासन ने बताया कि सभी प्रमुख नदियों का स्तर बढ़ रहा है। बाढ़ के कारण 132 लोग लापता हो गए, जबकि 619,000 लोगों को अपने घरों को छोड़ कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। बाढ़ग्रस्त इलाकों में बचाव कार्य जारी है।

### स्थानीय लोगों ने मौजूदा स्थिति पर बात की

पोर्टो एलेग्रे में बाढ़ के पानी में घरों के सामान जैसे सोफा एवं अन्य चीजों को तैरते हुए देखा गया। साओ लियोपोल्डो में कई सारी कार आधी पानी में डुब गई। 36 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन क्लाउडियो द सिल्वा पड़ोस में स्थिति का जायजा लेने गए। उन्होंने बताया कि उनका घर पूरी तरह से टूट चुका है। मौजूदा स्थिति पर बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरे जीजाजी के घर के बगल वाले घर की दूसरी मंजिल तक पानी भरा हुआ था। पानी का स्तर अब थोड़ा नीचे चला गया है और आप दूसरी मंजिल तक जा सकते हैं, लेकिन सब खराब हो गया। 50 वर्षीय एंटोनियो वेनजन ने इस स्थिति को गंभीर बताया। उन्होंने कहा, अगर बारिश बंद नहीं हुई तो क्या होगा नदी का स्तर बढ़ गया है। पोर्टो एलेग्रे के दक्षिण में पेलोटास शहर की स्थिति बदतर हो चुकी है। यहां करीब 14 लाख लोगों के घर पानी में डूब गए।

# हेडलाइन के पीछे न भागें, खबरों की जांच करें

### रूसी हमलों के बीच जेलेंस्की का नागरिकों से अनुरोध



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षात्मक लड़ाइयां जारी है। कुछ ऐसे गांव हैं, जो ग्रे-जोन से युद्ध क्षेत्र में बदल गए। इन क्षेत्रों में रूस पैर जमाने की कोशिश कर रहा है।

रूस द्वारा हाल ही में यूक्रेन पर किए गए हमले को लेकर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच भीषण युद्ध जारी है और कुछ क्षेत्रों में स्थिति बहुत खराब है। जेलेंस्की ने रूसी पीएसवाईओपी (मनोवैज्ञानिक अभियानों) के खिलाफ भी चेतवनी दी। उन्होंने एक वीडियो जारी करते हुए यूक्रेन के नागरिकों को संदेश दिया। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने नागरिकों से अनुरोध करते हुए सेना पर भरोसा रखने को कहा। इसके साथ उन्होंने हर खबरों की दोबारा जांच करने की भी अपील की।

जेलेंस्की ने जारी किया वीडियो

जेलेंस्की ने वीडियो जारी कर रूसी हमलों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस वीडियो में कहा, आज का मुख्य मुद्दा रूसी अभियानों को लेकर हमारी प्रतिक्रिया है। दिन भर कमांडर इन चीफ, खुफिया विभाग और आंतरिक मंत्रालय से रिपोर्टें आती रहीं। उन्होंने आगे बताया कि खार्किव क्षेत्र में विशेष तौर पर ध्यान दिया जा रहा है, जहां रूस अपना पैर फैलाने की कोशिश कर रहा है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षात्मक लड़ाइयां जारी है। कछ ऐसे गांव हैं, जो ग्रे-जोन से युद्ध क्षेत्र में बदल गए। इन क्षेत्रों में रूस पैर जमाने की कोशिश कर रहा है। जेलेंस्की ने इस दौरान यूक्रेनी सेना का धन्यवाद किया। उन्होंने आगे बताया कि वोवचांस्क के बाहरी इलाकों में स्थिति बहुत खराब है।

# यूएन महासचिव गुटेरेस बोले- गाजा में तत्काल युद्धविराम हो, बंधकों को बिना शर्त रिहाई मिले

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा संघर्ष को भयानक मानवीय पीड़ा बताया। कहा कि युद्ध के परिणामस्वरूप जीवन तबाह हो गया, परिवार टूट गए और बड़ी संख्या में लोग बे-घर, भूखे और सदमे में आ गए। उन्होंने तत्काल मानवीय युद्धविराम का आग्रह किया। साथ ही बिना शर्त बंदियों को रिहा करने की मांग की।




संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रविवार को कहा कि तत्काल मानवीय युद्धविराम समय की मांग है। मैं गाजा पट्टी में तत्काल मानवीय युद्धविराम, सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई और मानवीय सहायता में वृद्धि का आग्रह करता हूं, लेकिन युद्धविराम केवल शुरुआत होगी। इस युद्ध की तबाही और आघात से उबरने में काफी समय लगेगा। गुटेरेस ने यह टिप्पणी कुवैत में एक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए की। जिसका आयोजन मानवीय समन्वय के लिए जिम्मेदार संयुक्त राष्ट्र एजेंसी (ओसीएचए) और अंतरराष्ट्रीय इस्लामिक धर्मार्थ संगठन (आईआईसीओ) द्वारा किया गया था।

**गाजा संघर्ष से तबाह हुआ जीवन, परिवार टूटकर बे-घर हुए** - गुटेरेस ने गाजा संघर्ष को भयानक मानवीय पीड़ा बताया। कहा कि युद्ध के परिणामस्वरूप जीवन तबाह हो गया, परिवार टूट गए और बड़ी संख्या में लोग बे-घर, भूखे और सदमे में आ गए। वहीं, गाजा पट्टी में रविवार को भी इस्राइली हमले जारी रहे। इस्राइली रक्षा बलों ने शहर के पूर्वी इलाकों में अपनी सैन्य घुसपैठ पर अंतरराष्ट्रीय आक्रोश के बावजूद रफाह के लिए निकासी आदेश का विस्तार किया। जबकि, हमास के 7 अक्टूबर के हमले के दौरान इस्राइल से अगवा किए गए बंधकों की रिहाई के लिए मध्यस्थों के माध्यम से बातचीत के बीच, ऑपरेशन का दायरा अभी भी सीमित है।

**मिस्र का इस्राइल के साथ काम करने से कथित तौर पर इनकार** - मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गाजा पट्टी में इस्राइल की घुसपैठ के कारण मिस्र क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा में माल की व्यवस्था करने के लिए इस्राइल के साथ काम करने से कथित तौर पर इनकार कर रहा है। आईडीएफ के आकलन से संकेत मिलता है कि लगभग तीन लाख फिलिस्तीनियों ने राफा के मूल निकासी क्षेत्र और आसपास के इलाकों को मानवीय क्षेत्र में स्थानांतरित करने के लिए छोड़ दिया है।

### अमरीका के रेस्तरां में गुप्तांग से गंदा किया खाना 140 लोगों को परोसा, आरोपी ने खुद किया कबूल

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमरीकी राज्य कैनसस में एक कर्मचारी पुलिस के सामने खुद स्वीकार किया कि उसने ग्राहकों को परोसे खाने में अपने गुप्तांग के जरिए गंदा किया था। यही नहीं उसने खाने में थूक और पेशाब भी मिलाया था। आरोपी हियरफोर्ड हाउस स्टीकहाउस में काम करने वाले 21 वर्षीय जेस क्रिश्चियन हैनसन है। अमरीकी समाचार मीडिया आउटलेट्स के मुताबिक अमरीकी संघीय जांच ब्यूरो (एफ.बी.आई.) एजेंटों ने खाद्य संदूषण की रिपोर्ट की जांच करते हुए इस मामले में पुलिस को सूचित किया था। हैनसन पर आपराधिक धमकी का गंभीर आरोप है और उसे 13 महीने तक की जेल और 1 लाख डॉलर का जुर्माना हो सकता है। वह 1 लाख डॉलर के मुचलके पर है और 6 जून को उसकी अदालत में तारीख है। लगभग 140 लोगों ने कहा कि घटना के समय उन्होंने रेस्तरां में खाना खाया था।



#### 20 से ज्यादा बार की हरकतें

उसने पुलिस को बताया कि वह 20 से ज्यादा बार ऐसी हरकतें कर चुका है। उसने पुलिस को बताया कि डेटिंग ऐप्स और फेटिश साइट्स पर उससे मिले लोगों ने उसे उकसाया और उससे ये कृत्य करने का अनुरोध किया, लेकिन स्थानीय पुलिस ने उसकी हरकतों के लिए उसे गिरफ्तार कर लिया। उसने यह भी कहा कि उन्होंने रेस्तरां के वॉक-इन कूलर में हस्तमैथुन किया, लेकिन किसी भी खाद्य उत्पाद पर अपने शारीरिक तरल पदार्थ डालने से इनकार किया। उसने कहा कि उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उसे यह काम पसंद नहीं आया, लेकिन उसने कहा कि जब उसे अपने काम में मजा आने लगा तब भी उसने ऐसा करना जारी रखा। 1957 में खुले हियरफोर्ड हाउस ने एक बयान में कहा है कि यह हमारे ग्राहकों और रेस्तरां से जुड़े हम सभी के लिए एक परेशान करने वाली स्थिति है।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सुरक्षा बलों ने मार गिराए चार टीटीपी आतंकवादी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सुरक्षा बलों के हाथों प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के चार आतंकवादी मारे गए हैं, जिनमें एक 'लक्षित हत्यारा (टारगेट किलर) शामिल है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) ने लाहौर में अप्रैल में



पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में पिछले हफ्ते टीटीपी के 'लक्षित हत्यारे फैजान अहमद बट को गिरफ्तार किया था। सीटीडी के प्रवक्ता ने कहा, ''सीटीडी की टीम रविवार तड़के 'लक्षित हत्यारे बट को हथियारों की बरामदगी के लिए लाहौर के बाहरी इलाके में स्थित करोल जंगल में ले गई। उसकी निशानदेही पर एक पिस्तौल और दो हथगोले बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि सीटीडी की टीम जब अतंकवादी के गुप्त ठिकाने पर पहुंची थी तभी टीटीपी आतंकवादी माने जाने वाले छह लोग इलाके में पहुंचे और बट को छुड़ाने के लिए पुलिस दल पर गोलीबारी करनी शुरू कर दी। प्रवक्ता ने कहा, ''पुलिस दल ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी में बट सहित चार आतंकवादी मारे गए। अन्य तीन घटनास्थल से भागने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से दो क्लाश्निकोव रायफल और एक पिस्तौल भी बरामद की गई। पिछले महीने तीन पुलिसकर्मियों की अज्ञात बंदूकधारियों ने लाहौर में हत्या कर दी थी और इस हमले की जिम्मेदारी टीटीपी ने ली थी। सोशल मीडिया में जारी एक बयान में टीटीपी के खुरासान धड़े ने हमले की जिम्मेदारी ली थी। पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. उस्मान अनवर ने टीटीपी के लक्षित हमलों के मद्देनजर पुलिसकर्मियों के लिए नए दिशानिर्देश जारी किये हैं, जिसमें उन्हें चौकियों पर कर्तव्यों का निर्वहन करते समय, खासकर शहर के प्रवेश-निकास बिंदुओं पर बुलेटप्रूफ जैकेट पहनने का निर्देश दिया गया है। कर्तव्यों के निर्वहन या कार्यालय छोड़ते समय पुलिसकर्मियों को हथियारों से लैस रहने का भी निर्देश दिया गया है।

# विमान के 3 घंटे तक जानबूझ कर लगवाए चक्कर

- **फिर बिना लैंडिंग गियर ऑस्ट्रेलियन एयरपोर्ट पर उतारा**

**मेलबर्न , एजेंसी।** एयरपोर्ट से उड़ान भरते ही एक विमान के 3 घंटे तक जानबूझ कर हवाई अड्डे के चक्कर लगाने और फिर बिना लैंडिंग गियर एयरपोर्ट पर उतारने की घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में तीन लोगों को लेकर जा रहे एक विमान को सोमवार को न्यूकैसल हवाई अड्डे पर बिना लैंडिंग गियर के सुरक्षित रूप से उतारा गया। विमान ने ईंधन खत्म करने के लिए करीब तीन घंटे तक



हवाईअड्डे के ऊपर का चक्कर लगाया। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कार्पोरेशन (एबीसी) और पुलिस ने कहा कि ट्विन-टर्बोप्रॉप बीचक्राफ्ट सुपर किंग विमान ने सिडनी के उत्तर में स्थित हवाईअड्डे से पोर्ट मैक्केरिए की 180 किलोमीटर की यात्रा के लिए उड़ान भरी ही थी तभी सुबह करीब 9.30 बजे पायलट ने यांत्रिक समस्या की ओर ध्यान दिलाया। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि विमान लगभग तीन घंटे बाद स्पष्ट रूप से बिना किसी घटना के हवाई पट्टी पर उतरा। आपातकालीन सेवाओं के लिए दमकल गाड़ियां और एम्बुलेंस तैयार खड़ी थीं। पुलिस के एक बयान में कहा गया कि विमान में यांत्रिक समस्याएं थीं, जबकि एबीसी ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से कहा कि लैंडिंग गियर ख़राब हो गया था। विमान का स्वामित्व पोर्ट मैक्केरिए की ईस्टर्न एयर सर्विसेज के पास है। ईस्टर्न एयर सर्विसेज ने घटना पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# कपल ने की बेशर्मी की हदें पार

### बच्चों-परिवारों के बीच ही फ्लाइट में करने लगे गंदी हरकतें

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। खबर है कि मंगलवार को उड़ान के दौरान फ्लाइट में ही एक कपल ने बेशर्मी की हद पार कर दी और सभी के सामने सेक्स एक्ट या यौन गतिविधियां करने लगे। नाराज यात्रियों ने इसका वीडियो भी रिकॉर्ड किया है। कहा जा रहा है कि कपल की हरकतें परिवार और बच्चों की मौजूदगी के बीच भी जारी रहीं।



मिरर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को लंदन हीथ्रो से डबलिन के लिए फ्लाइट रवाना हुई थी। इसमें मौजूद एक कपल करीब 20 मिनट तक एक-दूसरे को अश्लील तरीके से छूता रहा। 26 वर्षीय फैरा भी उसी फ्लाइट में थीं। उन्होंने अखबार से बातचीत में बताया, मैं बोलते समय हर बार अपने भाई की तरफ देख रही थी और तब मैंने दूसरी तरफ की सीटों पर हरकतें देखीं।

उन्होंने कहा, एकदम स्पष्ट था। लड़की फ्लाइट में 15 से 20 मिनट तक लड़के साथ अश्लील हरकतें कर रही थी। उन्होंने आगे बताया, वे इन गतिविधियों में लगे रहे, जो कि बहुत हैरान करने वाला था, क्योंकि फ्लाइट में बच्चे भी मौजूद थे। एक बच्चा वहां भाग रहा था, जो ये सब देख सकता था। जब उन्हें सीट बेल्ट लगाने के लिए कहा गया, तो जाहिर तौर पर उसने कपड़े ठीक किए। वो सब बहुत घिनौना था।

खबर है कि फैरा ने इस मामले का वीडियो भी बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, उन लोगों ने खुद को स्कार्फ से ढक लिया था, लेकिन सब समझ रहा था कि क्या हो रहा है...।

# किंग चार्ल्स अपने बेटे से नाराज

### प्रिंस हैरी से मिलने से किया था इनकार, अब डेविड बेकहम से की मुलाकात

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के शाही घराने में प्रिंस हैरी से उनके पिता किंग चार्ल्स की नाराजगी जगजाहिर है। इस सप्ताह की शुरुआत में खबर आई थी कि किंग चार्ल्स की अपने बेटे हैरी से मुलाकात नहीं हो पाएगी। हालांकि, इन सब दावों के बीच किंग ने डेविड बेकहम के साथ एक निजी बैठक की।



**बेकहम से इस वजह से मिले-** एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 49 साल के इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉल कप्तान ने शुक्रवार को 75 साल के किंग्स चार्ल्स के साथ किंग्स फाउंडेशन पर चर्चा करने के लिए एक निजी बैठक की। कहा जा रहा कि बेकहम ने राजा से उनके चैरिटी फाउंडेशन के बारे में अधिक जानने के लिए उनसे मुलाकात की थी।

**सात मई को आए लंदन दौरे पर-** ड्यूक ऑफ ससेक्स कहे जाने वाले प्रिंस हैरी इनविक्टस गेम्स के आयोजन के लिए सात मई को लंदन पहुंचे थे। प्रिंस हैरी अपनी पत्नी मेगन के साथ अमेरिका में रहते हैं। बीते दिनों नेटफ्लिक्स की एक डॉक्यूमेंट्री में और प्रिंस हैरी की आत्मकथा स्पेयर में शाही परिवार से जुड़े कई खुलासे किए गए थे। इसके चलते किंग चार्ल्स प्रिंस हैरी से नाराज हैं।

प्रिंस के प्रवक्ता ने मीडिया को बताया था कि वे अपने पिता किंग चार्ल्स से नहीं मिलेंगे। इसकी वजह किंग चार्ल्स के व्यस्त कार्यक्रम को बताया गया था। वहीं रॉयल कमेंटेटर चार्लेट ग्रिफिथ्स का मानना है कि प्रिंस हैरी ने किंग चार्ल्स से मुलाकात के लिए कुछ शर्तें रखी थीं, जिनकी वजह से किंग चार्ल्स ने प्रिंस हैरी से न मिलने का फैसला किया। प्रिंस हैरी की शर्त थी कि जब वे अपने पिता से मिलें तो उस वक्त कौन कमरे में रहेगा और कौन नहीं, ये वे तय करेंगे। हालांकि, किंग चार्ल्स ने हैरी की ये शर्त मानने से इनकार कर दिया।

# ऑरमैक्स ने जारी की अप्रैल की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों की सूची, आलिया ने मारी बाजी

हिन्दी सिने अभिनेत्रियों के लिए यह साल खास रहने वाला है। फीमेल सेंट्रिक फिल्मों के अलावा अभिनेत्रियाँ अपनी अभिनय प्रतिभा से दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं। अप्रैल के महीने में क्रू जैसी फिल्म ने धमाका किया था। आने वाले वक्त में जिगरा जैसी फीमेल सेंट्रिक फिल्म दस्तक देने वाली है। ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि हमारी ये हीरोइन किसी बड़े हीरो से कम है क्या। ऑरमैक्स ने अप्रैल की सबसे पॉपुलर अभिनेत्रियों की एक सूची जारी की है। इस सूची में इन अभिनेत्रियों ने अपनी जगह बनाने में सफलता प्राप्त की है।

### आलिया भट्ट



ऑरमैक्स की लिस्ट में टॉप पर आलिया भट्ट हैं। अप्रैल का महीना एक्ट्रेस के लिए कई मायनों में खास है। शादी की सालगिरह के अलावा एक्ट्रेस को कई इवेंट में स्पॉट किया गया था। आलिया ने दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ जैसी एक्ट्रेसेज को पीछे छोड़ अपनी जगह बनाई।

### दीपिका पादुकोण



सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस की लिस्ट में दूसरे नंबर पर दीपिका पादुकोण हैं। एक्ट्रेस अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर खबरों में बनी हुई हैं। हाल में उन्हें पति रणवीर सिंह के साथ बेबीमून के साथ भी देखा गया था।

### कृति सेनन



इस लिस्ट में कैटरीना कैफ से पहले कृति सेनन के नाम ने सभी को हैरान कर दिया है। एक्ट्रेस अपनी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया, क्रू जैसी फिल्मों की सफलता के लिए खबरों में बनी हुई हैं।

### कैटरीना कैफ



कभी पहले नंबर पर रहने वाली कैटरीना कैफ को इस लिस्ट में चौथा नंबर मिला है। एक्ट्रेस स्क्रीन के साथ पैपराजी के कैमरों से भी गायब ही चल रही हैं। कैट को धमाका करते देखने का इंतजार हो रहा है।



### कियारा अडवाणी

कियारा अडवाणी ने इस लिस्ट में पांचवे नंबर पर हैं। एक्ट्रेस पिछले कुछ समय से अपनी अपकमिंग फिल्म डॉन 3, वॉर 2 जैसी फिल्मों के लिए खबरों में बनी हुई हैं।

### करीना कपूर

इस लिस्ट में छठे नंबर पर करीना कपूर हैं। इस लिस्ट में कृति और कियारा ने बेबो को पीछे छोड़ दिया है। सांतवे नंबर पर श्रद्धा कपूर, आठवें पर प्रियंका चोपड़ा, नौवें नम्बर पर दिशा पाटनी और अंत में अनुष्का शर्मा का नाम शामिल है।



# हीरामंडी के दूसरे सीजन का न सिर्फ बनना मुश्किल, विचार करना भी मुश्किल



संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज धूम मचा रही है। दुनियाभर से मिली तारीफों के बाद आज मुंबई में सफलता का जश्न मनाया गया था। इस खास मौके पर सीरीज के सभी कलाकारों को एक बार फिर साथ देखा गया। तवायफ़ों पर बेस्ड ये कहानी सुपरहिट साबित हुई है। ऐसे में ऑडियंस अगर दूसरे सीजन की उम्मीद करती है तो ग़लत नहीं होगा। कहानी के दूसरे सीजन में क्या फ़रीदन और मल्लिकाजान हीरामंडी की कुर्सी के लिए लड़ना बंद कर देंगी या वहीदा होगी नई मल्लिकाजान। अगर दूसरा सीजन भविष्य में कभी बनता है तो ऑडियंस को इन किरदारों के बारे में जानने में मज़ा आने वाला है। हीरामंडी संजय लीला भंसाली का ड्रीम प्रोजेक्ट था। सालों से इसे स्क्रीन पर उतारने की कोशिश कर रहे थे। अब ये सीरीज दुनिया भर में अपने काम और ग्रैंड सेट के लिए तारीफें बटोर रही है। सीरीज में लाहौर के रेडलाइट एरिया को बड़ी ही इज्जत के साथ ऑडियंस के सामने परोसा गया है। सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, संजीदा शेख, अदिति राव हैदरी और ऋचा चड्ढा के किरदार जैसे सीरीज देखने वालों के जहन में उतर गए हैं। अब अगर इसका दूसरा सीजन बनता है तो ये ऑडियंस के लिए ट्रीट होगा। संजय लीला भंसाली एक प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए सालों ले लेते हैं। ग्रैंड सेट, एक्टर्स के पहनावे, ज्वेलरी, गीतों पर बारीकी से काम करते हैं। उनका कोई भी ऐसा प्रोजेक्ट नहीं है जिसमें साल भर से कम समय लगा हो। ऐसे में हीरामंडी का अगला पार्ट बनना मुश्किल भरा होगा। साथ ही दूसरे सीजन में पहले से ज़्यादा समय लगने की संभावना है। हीरामंडी 2 का विचार करना भी मुश्किल है।

# पैपराजी से परेशान हुई प्रीति जिंटा भड़क गई, मुझे डरा रहे हो



एक्ट्रेस प्रीति जिंटा (49) को लेकर फैंस में खासा क्रेज देखने को मिलता है। लोग आज भी उनकी खूबसूरती के दीवाने हैं। फिलहाल प्रीति फिल्मी दुनिया में कम ही एक्टिव नजर आती हैं। हालांकि वह इन दिनों आईपीएल-17 में मैच के दौरान अपनी टीम पंजाब किंग्स का हौसला बढ़ाने के लिए स्टेडियम में पहुंचती हैं। तब तमाम कैमरे बार-बार उनकी झलक दिखाते रहते हैं। प्रीति हाल ही में पैपराजी के कैमरों से परेशान नजर आईं और भड़क गईं। वायरल हो रहे वीडियो में प्रीति स्लीव्लेस टीशर्ट, ब्लू जीन्स के साथ स्लीपर्स पहने कैजुअल लुक में दिखीं। उनके हाथ में एक ब्लैक हैंडबैग और ब्लू जैकेट था। प्रीति को देखते ही पैपराजी उनके पीछे-पीछे भागने लगे और उनका नाम पुकारते हुए उन्हें पोज देने के लिए कहने लगे।

इस पर प्रीति नाराज हो गईं और पैपराजी को डांट लगा दी। प्रीति ने पैप्स से कहा कि गाइज, आप लोग मुझे डरा रहे हो। हालांकि प्रीति के गुस्से के बावजूद पैपराजी उन्हें आवाज देकर पोज देने के लिए कहते रहे। आखिर में प्रीति कुछ क्षणों के लिए रुकीं और हल्की-सी स्माइल के साथ पोज भी दिया।

पैपराजी के ऐसे रवैये को देख फैंस सोशल मीडिया पर उनकी क्लास लगा रहे हैं। प्रीति के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म लाहौर 1947 से वापसी करने जा रही हैं। फिल्म में सनी देओल लीड एक्टर हैं। राजकुमार संतोषी के डायरेक्शन और आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस तले बन रही फिल्म के अगले साल रिलीज होने की उम्मीद है। प्रीति ने फिल्म 'दिल से' के साथ करिअर की शुरुआत की थी। प्रीति की शादी साल 2016 में अमेरिकी के फाइनेंस एनालिसिस्ट जीन गुडएनफ के साथ हुई है। वे साल 2021 में जुड़वा बच्चों जय और जिया के माता-पिता बने।

रेड 2 की रिलीज डेट में किया बदलाव!

# सिंघम अगेन के लिए फूंक-फूंक कर कदम रख रहे अजय देवगन



अजय देवगन हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे व्यस्त कलाकारों में से एक हैं। वे इन दिनों कई फिल्मों में काम कर रहे हैं। सिंघम अगेन और औरों में कहां दम था के अलावा इस लिस्ट में रेड 2 का नाम भी शामिल है। अब इस अजय की इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है।

**रेड 2 की रिलीज डेट में बदलाव**

राज कुमार गुप्ता के निर्देशन में बन रही इस क्राइम ड्रामा फिल्म में अभिनेता एक बार फिर आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। इसका निर्माण पैनोरमा स्टूडियो और टी-सीरीज की ओर से किया जा रहा है। फिल्म की शूटिंग जल्द खत्म होने वाली है। पहले यह माना जा रहा था कि इसे 15 नवंबर 2024 को रिलीज किया जाएगा, लेकिन हालिया मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव हो सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि सिंघम 3 की वजह से यह फिल्म या तो तय समय से पहले या बाद में रिलीज की जाएगी।

**सिंघम अगेन है वजह**

रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी सिंघम अगेन इस साल की बहुप्रतिक्षित फिल्मों में से एक है। इसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होने के वाली थी, लेकिन नवीनतम रिपोर्ट्स की मानें तो अब इस फिल्म को दिवाली पर रिलीज करने की तैयारी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक बार सिंघम अगेन की रिलीज की तारीख का आधिकारिक रूप से एलान हो जाने के बाद रेड 2 के मेकर्स अपनी फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा करेंगे।

**रेड 2 की एडिटिंग शुरू**

बताया जा रहा है कि राज कुमार गुप्ता फिलहाल रेड 2 की एडिटिंग कर रहे हैं और जुलाई के अंत तक इसका फाइनल प्रिंट तैयार हो जाने की संभावना है। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह फिल्म सिंघम अगेन से पहले रिलीज हो सकती है। हालांकि, इसको लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

# किरण राव की लापता लेडीज़ देखने के बाद भावुक हुई जान्हवी कपूर



अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने किरण राव की लापता लेडीज़ की अपनी समीक्षा साझा की, जो ओटीटी पर रिलीज होने के बाद से व्यापक प्रशंसा प्राप्त कर रही है, और व्यंग्य नाटक की प्रशंसा की। उन्होंने फिल्म के कलाकारों और क्रू के लिए सराहना के शब्द भी साझा किए।

शनिवार को, जान्हवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा किया और लिखा, प्रतिभा सांता, आपकी मूक ताकत; नितांशी सिंह, आपकी मासूमियत और दिल छू लेने वाली मुस्कान; स्पर्श श्रीवास्तव, आपकी ईमानदारी और निश्छल हास्य!!! आप लोगों और किरण राव को सलाम, मॉम, इतनी सुंदर कलाकृति और इतनी विशेष प्रस्तुति बनाने के लिए। इससे पहले, प्रियंका चोपड़ा, राजकुमार राव और अनन्या पांडे के साथ, किरण राव की लापता लेडीज़ की समीक्षा करने वाले सितारों की लीग में शामिल हुईं। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया और लिखा, मनोरंजन और शिक्षा के लिए धन्यवाद

लापता लेडीज़ में नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव और रवि किशन महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।



# लम्बे अंतराल के बाद जरा हटके जरा बचके को मिली ओटीटी रिलीज डेट

विक्की कौशल और सारा अली खान की वो सुपरहिट फिल्म याद है? जिसमें दोनों के बीच बेशुमार प्यार के साथ जबरदस्त तकरार भी दिखाई गई. इस फिल्म में प्यार, शादी और तलाक तक का प्रोसेस दिखाया गया है। फिल्म की कहानी इतनी जबरदस्त थी कि लोगों ने थिएटर्स में इसका खूब आनंद उठाया। फिल्म तो पिछले साल रिलीज हुई थी और तब से फैंस इसके ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे थे।

अब फाइनली जरा हटके जरा बचके को ओटीटी रिलीज डेट मिल चुकी है। जरा हटके जरा बचके एक फैमिली फिल्म है और इसके गाने सुपरहिट हैं। साथ ही ये कहां और कब देखना है इसके बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

### जरा हटके जरा बचके इस दिन होगी ओटीटी पर रिलीज

जियो सिनमा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर विक्की कौशल को टैग करते हुए फिल्म का ट्रेलर शेयर किया है। इस पोस्ट में लिखा, सह परिवार शादी की थी, अब सह परिवार तलाक भी होगा। तो आप सब डिवॉर्स में जरूर आना। जरा हटके जरा बचके 17 मई से जियो सिनेमा प्रीमियम पर स्ट्रीम करेगी।

2 जून 2023 को फिल्म जरा हटके जरा बचके रिलीज हुई थी। पहले इसे दिसंबर 2023 ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा था लेकिन जियो सिनेमा पर इस फिल्म को स्ट्रीम के लिए डेट नहीं मिल पा रही थी लेकिन अब ये फिल्म 17 मई से जियो सिनेमा के प्रीमियम पर स्ट्रीम करने लगेगी।

# अब तीसरी शादी करेंगी दलजीत!



दलजीत कौर अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि दलजीत ने अपने दूसरे पति निखिल पटेल से तलाक ले लिया है। अभिनेत्री भारत वापस आ गई हैं और अपने प्रोफेशनल लाइफ में काफी बिजी भी हो गई हैं। अब हाल ही में, दलजीत ने अपनी एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह सिंदूर लगाए नजर आ रही हैं। लोगों का कहना है कि दलजीत ने तीसरी शादी कर ली है या फिर वह जल्द फिर से शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। हालांकि, दलजीत ने अभी तक अपने तलाक को लेकर फैंस से कोई भी अपडेट साझा नहीं किया है।

# 16 मई को प्रदर्शित होगी पृथ्वीराज सुकुमारन की गुरुवायूर अंबाला



पृथ्वीराज सुकुमारन की पिछली फिल्म आदुजीविथम ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। फिल्म ने भारत के बाहर भी अच्छा कारोबार किया था। पृथ्वीराज ने हिंदी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में भी अभिनय किया था। उनके प्रशंसक अब अगली फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। प्रशंसकों को पता है कि पृथ्वीराज सुकुमारन जल्द ही फिल्म गुरुवायूर अंबाला नदायिल को लेकर आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन की गुरुवायूर अंबाला नदायिल 16 मई को रिलीज होने के लिए तैयार है। शुक्रवार को इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे फैंस काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। फिल्म निर्माता इसका धुआंधार प्रचार कर रहे हैं। इसका निर्देशन विपिन दास ने किया हैं, जो इससे पहले फिल्म जया जया जया जया हे को निर्देशित कर चुके हैं। पिछले महीने की शुरुआत में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई थी। फिल्म का निर्माण ई4 एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। गुरुवायूर अंबाला नदायिल की कहानी दीपू प्रदीप ने लिखी है। पृथ्वीराज सुकुमारन के अलावा बेसिल जोसेफ, निखिला विमल, अनस्वरा राजन और जगदीश भी अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी शादी पर केंद्रित है। यह एक पारिवारिक ड्रामा फिल्म है। पृथ्वीराज को उम्मीद है कि उनकी यह फिल्म भी अच्छा प्रदर्शन करेगी और लोग इसे पसंद करेंगे।

- साभार एजेंसी


# टी20 विश्व कप से पहले टॉम मूडी ने टीम इंडिया पर उठाए सवाल!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 विश्व कप नजदीक आने के साथ ही पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने सवाल उठाया है कि क्या भारत विश्व कप जीतने के लिए उस स्तर का क्रिकेट खेल पाएगा, जो वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए जरूरी है। टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में निर्धारित है, जबकि आईपीएल 26 मई को समाप्त होगा।

आईपीएल 2024 के लिए आधिकारिक टीवी ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट विशेषज्ञ और कमेंटेटर टॉम मूडी ने आईएएनएस को बताया, ऑस्ट्रेलिया ने ऐतिहासिक रूप से इन आईसीसी प्रतियोगिताओं में बहुत प्रदर्शन किया है क्योंकि वे बड़े टूर्नामेंट अच्छा खेलते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत को एक बहुत मजबूत टीम मिली है और उनके पास बहुत सारे मैच विनर हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या वे इस टीम को इतने कम समय में स्टेबल बना सकते हैं। आईपीएल के तुरंत बाद वर्ल्ड कप का आगाज होना है और टीम के पास तैयारियों के लिए ज्यादा समय नहीं होगा। आईपीएल के लीग चरण के समापन के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ियों का पहला बैच अमेरिका के लिए रवाना होगा। नॉकआउट चरण में आगे बढ़ने वाले खिलाड़ी आईपीएल 2024 फाइनल के बाद टीम में शामिल होंगे। इससे कई लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि क्या खिलाड़ी नई परिस्थितियों के साथ इतने कम समय में तालमेल बिठा पाएंगे।

टॉम मूडी ने कहा, इस स्तर पर यह कहना बहुत मुश्किल है, लेकिन मुझे लगता है कि यह विश्व कप जैसा ही होगा। हमें अभी तक यह समझ में नहीं आया है कि अमेरिका में परिस्थितियां कैसी होंगी। वहां ड्रॉप-इन पिचें होंगी। अभी नहीं पता कि वे तेज और उछाल भरी होंगी या स्पिन को सपोर्ट करेंगी या धीमी होंगी। हमें अभी यह समझना होगा कि वे पिचें किस टीम को सूट करेंगी। भारत अपने सभी ग्रुप चरण के मैच अमेरिका में खेलेगा। वह अपने ग्रुप ए मुकाबलों में आयरलैंड, पाकिस्तान, अमेरिका और कनाडा से भिड़ेंगे। अगर भारतीय टीम आगे क्वालीफाई करेगी तो उन्हें नॉकआउट चरण के लिए कैरेबियाई देश जाना होगा। हालांकि, वहां की परिस्थितियां भारतीय टीम के लिए काफी हद तक परिचित होंगी।



# चोटिल रमित टंडन स्क्वैश विश्व चैंपियनशिप से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के रमित टंडन को मिस्र के काहिरा में स्क्वैश विश्व चैंपियनशिप में दुनिया के 7वें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद अल शोरबागी के खिलाफ दूसरे दौर के मैच में चोट लगने के कारण रिटायर होना पड़ा।

दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी रमित टंडन ने पहले गेम में पूर्व विश्व चैंपियन मोहम्मद अलशोरबागी को कड़ी टक्कर दी और 11-8 से गेम हारे। इसी दौरान उन्हें पिंडली में चोट लग गई। इसके बावजूद वह दूसरा गेम खेलने उतरे, लेकिन दर्द बढ़ने पर बीच में ही मैच छोड़ना पड़ा

उस समय वह 3-4 से पीछे थे। यह पूर्व विश्व नंबर 1 मिस्री-इंग्लिश खिलाड़ी के साथ टंडन का पहला मुकाबला था। टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश पाने वाले विश्व नंबर 36 भारतीय ने पहले दौर में विश्व नंबर 57, अमेरिका के फ़राज खान पर 11-1, 11-3, 11-3 से आसान जीत दर्ज की थी।

आईपीएलः 2024

# दिल्ली के खिलाफ जीत के बाद जश्न में डूबे आरसीबी के खिलाड़ी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** आरसीबी ने इस सीजन की शुरुआत अच्छी तरह नहीं की थी और लगातार छह मैच हारे थे जिससे उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना धूमिल हो गई थी। हालांकि, आरसीबी ने लगातार हार के बाद अपने खेल के तरीके को बदला और जीत की पटरी पर लौटने में सफल रही।

फाफ डुप्लेसिस की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम ने रविवार को होम ग्राउंड पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार जीत दर्ज कर प्लेऑफ में जाने की अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं। यह आरसीबी की लगातार पांचवीं जीत है और उसने खराब शुरुआत के बाद जबरदस्त वापसी की है। आरसीबी ने इस सीजन की शुरुआत अच्छी तरह नहीं की थी और लगातार छह मैच हारे थे जिससे उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना धूमिल हो गई थी। हालांकि, आरसीबी ने लगातार हार के बाद अपने खेल के तरीके को बदला और जीत की पटरी पर लौटने में सफल रही।

## मैच में क्या हुआ?

आईपीएल 2024 के 62वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 47 रनों से हरा दिया। यह आरसीबी की लगातार पांचवीं जीत रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 187 रन बनाए थे। रजत पाटीदार ने 32 गेंद में 52 रन और विल जैक्स ने 29 गेंद में 41 रन की पारी खेली थी। विराट कोहली ने 27 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली की टीम 19.1 ओवर में 140 रन पर सिमट गई। ऋषभ पंत की जगह मैच में कप्तानी कर रहे अक्षर पटेल ने 39 गेंद में 57 रन बनाए। यश दयाल ने तीन और लोकी फर्ग्यूसन ने दो विकेट झटके।



## प्लेऑफ की दौड़ में बरकरार आरसीबी

टीम अभी भी प्लेऑफ की रेस में बरकरार है। उसके 13 मैचों के बाद छह जीत और सात हार के साथ 12 अंक हैं। दिल्ली पर जीत के साथ टीम पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। बेंगलुरु को आखिरी मैच 18 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चिन्नास्वामी में ही खेलना है। इस मैच पर दोनों ही टीमों की किस्मत निर्भर होगी।

चेन्नई की जीत पर आरसीबी प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। वहीं, अगर बेंगलुरु जीतती है तो उसे अच्छें अंतर से जीत हासिल करनी होगी, ताकि नेट रन रेट चेन्नई से बेहतर हो सके। इसके बाद भी बेंगलुरु को अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा।

## जीत के बाद भावनाओं पर काबू नहीं रखे खिलाड़ी

दिल्ली के खिलाफ मिली जीत आरसीबी के लिए किसी जीवनदान से कम नहीं थी। अगर टीम दिल्ली के खिलाफ हार जाती तो उसके लिए आगे दरवाजे लगभग बंद हो जाते।

आरसीबी के खिलाड़ी इस बात से पूरी तरह परिचित थे, इसलिए जीत के बाद वे अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और खिलाड़ियों ने ड्रेसिंग रूम में जीत का जश्न मनाया। आरसीबी के कोचिंग स्टाफ ने टीम के हर एक सदस्य की सराहना की जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसका वीडियो आरसीबी ने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया जिसमें कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे खिलाड़ी जश्न में डूबे नजर आ रहे हैं।




# सूर्यकुमार को लेकर गंभीर को है इस बात का पछतावा, खुद किया खुलासा

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव लंबे समय से आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं और ना सिर्फ टीम के बल्लेबाजी क्रम मजबूती देते हैं बल्कि नेतृत्व करने की क्षमता भी रखते हैं। मुंबई में अपने शानदार प्रदर्शन से सूर्यकुमार यादव भारत की सीमित ओवर टीम में शामिल हुए और अब आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। सूर्यकुमार मुंबई से पहले 2014 से 2017 तक कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए खेलते थे। उस वक्त केकेआर के कप्तान रहे गौतम गंभीर ने अब इस बात का खुलासा किया है कि उन्हें सूर्यकुमार की क्षमता ना पहचान पाने का मलाल है।

## सूर्यकुमार ने मुंबई से शुरू किया था करियर

सूर्यकुमार ने 2012 से अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उन्होंने उस सीजन मुंबई के लिए सिर्फ एक ही मैच खेला था। इसके बाद मुंबई ने सूर्यकुमार को रिलीज कर दिया था और 2014 में वह केकेआर के साथ जुड़े। सूर्यकुमार के पहले ही सीजन में केकेआर ने गंभीर की कप्तानी में आईपीएल का खिताब जीता। सूर्यकुमार चार साल तक केकेआर से जुड़े रहे और 54 मैचों में 608 रन बनाए, लेकिन उनके ज्यादातर स्कोर निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए आए।

## सूर्यकुमार की बल्लेबाजी लाइनअप तय नहीं कर पाने का मलाल

केकेआर को अपनी कप्तानी में दो बार आईपीएल का खिताब दिलाने वाले गंभीर ने इस बात को स्वीकार किया कि अपने कार्यकाल में सूर्यकुमार की क्षमता और बल्लेबाजी लाइनअप तय नहीं कर पाने का उन्हें आज भी मलाल है। गंभीर ने कहा, एक लीडर की भूमिका सर्वश्रेष्ठ क्षमता की पहचान करना और उसे दुनिया के सामने लाने की होती है। अपने सात साल के कप्तानी के कार्यकाल में कोई एक चीज जिसका मुझे मलाल है वो सूर्यकुमार की क्षमता का अच्छे से इस्तेमाल नहीं कर पाना है। इसी कारण हम उसे संयोजन में निचले क्रम पर उतारते थे। आप किसी एक खिलाड़ी को ही नंबर तीन पर उतार सकते हो और एक कप्तान के तौर पर आपको प्लेइंग-11 में शामिल अन्य 10 खिलाड़ियों के बारे में भी सोचना होता है। सूर्यकुमार नंबर तीन पर अच्छा खेलते, लेकिन वह सातवें नंबर पर भी उसी तरह बल्लेबाजी करते थे।

## गंभीर ने की सूर्यकुमार की तारीफ

गंभीर ने टीम के एक साथी के तौर पर सूर्यकुमार की काफी प्रशंसा की और बताया कि क्यों 2015 में उन्हें टीम का उपकप्तान बनाया था। गंभीर ने कहा, सूर्यकुमार टीम के प्रति समर्पित खिलाड़ी हैं। कोई भी अच्छा खिलाड़ी हो सकता है, लेकिन टीम के लिए समर्पित होना एक कठिन कार्य है। चाहे आप उन्हें छठे या सातवें नंबर पर खिलाएं या एकादश से बाहर कर दें, वह हमेशा मुस्कुराते हैं और टीम के लिए प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहते हैं। इसलिए हमने उन्हें उपकप्तान नियुक्त किया था।

# सीन विलियम्स ने कहा टी20 क्रिकेट को अलविदा, वनडे और टेस्ट में खेलना रखेंगे जारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के स्टार ऑलराउंडर सीन विलियम्स ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने बांग्लादेश में हाल ही में समाप्त हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज के बाद यह फैसला लिया है। जिम्बाब्वे के स्टार ऑलराउंडर सीन विलियम्स ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने बांग्लादेश में हाल ही में समाप्त हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज के बाद यह फैसला लिया है। बांग्लादेश ने शुरुआती चार मैचों में जीत दर्ज की जबकि आखिरी मुकाबला जिम्बाब्वे ने जीता।

विलियम्स इस सीरीज के पहले और आखिरी मैच में खेलते नजर आए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह वनडे और टेस्ट में खेलना जारी रखेंगे। जिम्बाब्वे के अधिकारी ने कहा, उन्होंने (विलियम्स) ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया और खेल के बाद अपने टीम के साथियों को अपने फैसले के बारे में सूचित किया। विलियम्स ने जिम्बाब्वे के लिए 81 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इनमें उन्होंने 126.38 की स्ट्राइक रेट से 1691 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने 48 विकेट भी हासिल किए।

बांग्लादेश वर्सेस जिम्बाब्वे

# जिम्बाब्वे ने आठ विकेट से जीता सीरीज का आखिरी मैच, बांग्लादेश को क्लीन स्वीप करने से रोका



**ढाका, एजेंसी।** कप्तान सिकंदर रजा और ब्रायन बेनेट की शानदार पारियों की मदद से जिम्बाब्वे ने रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज करके बांग्लादेश को पांच मैच की शृंखला में क्लीन स्वीप नहीं करने दिया। बांग्लादेश ने 6 विकेट पर 157 रन बनाए। जिम्बाब्वे ने 18.3 ओवर में 2 विकेट पर 158 रन बनाकर जीत हासिल की।

बांग्लादेश ने इस तरह से यह सीरीज 4-1 से जीत ली। जिम्बाब्वे की पारी का आकर्षण कप्तान रजा और बेनेट के अर्धशतक रहे। रजा ने नाबाद 72 रन बनाए जबकि बेनेट ने 70 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी की जिससे जिंबाब्वे नौ गेंद शेष रहते ही जीत हासिल करने में सफल रहा।

इससे पहले बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। महमुदुल्लाह (54) और कप्तान नजमुल (36) की पारियों से टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंची। बेनेट ने 20 रन देकर दो विकेट लिए।

# जडेजा आईपीएल में मैदान में बाधा डालने पर आउट होने वाले तीसरे खिलाड़ी, सैमसन ने इस तरह भेजा पवेलियन

**चेन्नई, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के 61वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से हुआ। चेपॉक में खेले गए इस मुकाबले को सीएसके ने पांच विकेट से अपने नाम किया। हालांकि, मैच में चेन्नई की पारी के दौरान एक दिलचस्प वाकया भी देखने को मिला। रवींद्र जडेजा मैदान में बाधा डालने या फिर यूं कहें क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने के लिए आउट करार दिए गए। आईपीएल में इस तरह से आउट होने वाले वह सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बने। हालांकि, जडेजा के आउट होने से सीएसके को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की नाबाद 42 रन की पारी और समीर रिज्वी के नाबाद 15 रन की बदौलत चेन्नई ने पांच विकेट से जीत हासिल की।

## क्या है पूरा मामला?



राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 141 रन बनाए थे। जवाब में चेन्नई ने धीमी बल्लेबाजी की और एक वक्त चार विकेट गंवाकर 121 रन बना लिए थे। 16वें ओवर में आवेश खान गेंदबाजी के लिए आए।

तब ऋतुराज के साथ जडेजा क्रीज पर थे। ओवर की पांचवीं गेंद पर जडेजा ने थर्ड मैन पर शॉट खेला और रन के लिए दौड़ पड़े। एक रन लेने के बाद वह दूसरे रन के लिए दौड़े और आधे पिच तक दौड़ गए थे। हालांकि, ऋतुराज ने स्ट्राइक एंड से उन्हें वापस जाने के लिए कहा। तब तक सैमसन के ग्लव्स में गेंद आ चुकी थी और उन्होंने नॉन स्ट्राइक एंड पर थ्रो किया।

# पाकिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ 16.5 ओवर में चेज किए 194 रन, बाबर सबसे कामयाब टी20 कप्तान

पाक वर्सेस ऑयरलैंड

**डबलिन, एजेंसी।** पहला मैच आयरलैंड ने पांच विकेट से अपने नाम किया था। अब सीरीज का निर्णायक मुकाबला 14 मई को खेला जाएगा। पाकिस्तान के टी20 कप्तान रहते हुए बाबर की यह 45वीं जीत थी। वह पाकिस्तान के सबसे कामयाब टी20 कप्तान हैं। पाकिस्तान ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में जबरदस्त वापसी करते हुए दूसरा मैच सात विकेट से अपने नाम किया। डबलिन में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 193 रन बनाए थे। लोर्कन टकर ने 51 रन की पारी खेली। जवाब में पाकिस्तान ने 16.5 ओवर में ही तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान बाबर आजम फेल रहे और खाता भी नहीं खोल सके। वहीं, मोहम्मद रिजवान ने 46 गेंद में 75 रन की नाबाद पारी खेली। फखर जमान ने 40 गेंद में 78 रन बनाए। आजम खान ने 10 गेंद में 30 रन की नाबाद पारी खेली। सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। पहला मैच आयरलैंड ने पांच विकेट से अपने नाम किया था। अब सीरीज का निर्णायक मुकाबला 14 मई को खेला जाएगा। पाकिस्तान के टी20 कप्तान रहते हुए बाबर की यह 78 मैचों में 45वीं जीत थी। वह दुनिया के सबसे कामयाब टी20 कप्तान बन गए हैं। उनके रहते पाकिस्तान की टीम को 26 मैचों में हार मिली है। सात मैचों का कोई नतीजा नहीं निकला। बाबर ने युगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा का रिकॉर्ड तोड़ा। ब्रायन की कप्तानी में युगांडा ने 44 मैच जीते थे।

## आयरलैंड की पारी

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड के लिए लॉर्कन टकर ने सर्वाधिक 51 रनों की पारी खेली। दरअसल, सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे कप्तान पॉल स्टर्लिंग सिर्फ 11 रन और एंडी बलबरिनी 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा टकर और टेक्टर ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 62 रनों की साझेदारी हुई जिसे अब्बास ने तोड़ा। टेक्टर 28 गेंदों में 32 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। इस मैच में कर्टिस कैम्फर ने 22, जॉर्ज डॉकरेल ने 15 और मार्क डेयर ने नौ रन बनाए। वहीं, गेरेथ डलेनी 28 और ग्राहम ह्यूम दो रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के लिए शाहीन अफरीदी ने तीन और अब्बास अफरीदी ने दो विकेट लिए। वहीं, मोहम्मद आमिर और नसीम शाह को एक-एक सफलता मिली।



## पाकिस्तान की पारी

194 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के लिए मोहम्मद रिजवान और फखर जमान ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। दरअसल, टीम ने दो विकेट 13 रनों के स्कोर पर खो दिए थे। सईम अयूब छह और कप्तान बाबर आजम बिना कोई रन बनाए आउट हुए। इसके बाद मोर्चा रिजवान और जमान ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 140 रनों की साझेदारी हुई। जमान छह चौकों और छह छक्कों की मदद से 78 रन बनाने में कामयाब हुए। इसके बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे आजम खान ने रिजवान के साथ टीम को जीत दिलाई। सलामी बल्लेबाज 75 और आजम 30 रन बनाकर नाबाद रहे। आयलैंड के लिए मार्क डेयर, ग्राहम ह्यूम और बेन व्हाइट ने एक-एक विकेट चटकाया।

## बतौर कप्तान सबसे ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने वाले कप्तान

| कप्तान | मैच | जीते |
| --- | --- | --- |
| बाबर आजम | 78 | 45 |
| ब्रायन मसाबा | 56 | 44 |
| असगर अफगान | 52 | 42 |
| इयोन मोर्गन | 72 | 42 |
| रोहित शर्मा | 54 | 41 |
| एमएस धोनी | 72 | 41 |

## संक्षिप्त समाचार

### अयोग्यों को चुन लिया गया, कॉलेजियम से खफा हिमाचल के 2 जज, सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**शिमला, एजेंसी।** कॉलेजियम के तहत हिमाचल प्रदेश के दो जिला न्यायाधीशों ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दोनों न्यायाधीशों ने अपने नामों पर विचार किए जाने की मांग की है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि हाईकोर्ट कॉलेजियम ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सलाह को भी नजरअंदाज किया है और जूनियर्स के नामों को आगे बढ़ाया है।



रिपोर्ट के अनुसार, बिलासपुर और सोलन के जिला न्यायाधीश चिराग भानू और अरविंद मल्होत्रा ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। इस याचिका के जरिए उन्होंने शीर्ष न्यायालय से 4 जनवरी के प्रस्ताव के अनुसार हाईकोर्ट कॉलेजियम को उनके नामों पर दोबारा विचार करने निर्देश जारी करने की मांग की है। दोनों न्यायाधीशों का कहना है कि उनके नामों पर दोबारा विचार करने के सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के फैसले के बाद केंद्रीय कानून मंत्री का भी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र गया था। इस पत्र के जरिए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से सिंह और मल्होत्रा के नामों पर दोबारा विचार करने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीशों का कहना है कि कानून मंत्री के पत्र और सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सलाह को दरकिनार कर दिया। खास बात है कि बीते साल 12 जुलाई को हाईकोर्ट जज के तौर पर नियुक्ति के लिए हाईकोर्ट कॉलेजियम ने सिंह और मल्होत्रा के नामों की सिफारिश की थी। खबर है कि इसे शुरू में रोक दिया गया था। 4 जनवरी को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाले कॉलेजियम ने उनके नामों पर दोबारा विचार के लिए एचसी कॉलेजियम को भेजा।
अब याचिकाकर्ताओं का कहना है कि हाईकोर्ट कॉलेजियम ने उनके नामों को जानबूझकर हटा दिया है। साथ ही दावा किया है कि उनकी वरिष्ठता को नजरअंदाज करते हुए दो अयोग्य जूनियर अधिकारियों के नामों की सिफारिश हाईकोर्ट जज के तौर पर की है।

### क्या कांग्रेस के हो जाएंगे शरद पवार और उद्धव ठाकरे? -शशि थरूर

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि जिन पार्टियों की विचारधारा एक जैसी है उन्हें ग्रैंड ओल्ड पार्टी कांग्रेस में ही शामिल हो जाना चाहिए। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, जहां तक बात है कि छोटी पार्टियों के मर्जर की तो मुझे भी लगता है कि अगर विचारधारा एक जैसी है तो फिर अलग-अलग क्यों रहना। अब आगे देखिए क्या होता है। बता दें कि हाल ही में एनसीपी-एसपी चीफ शरद पवार ने कहा था कि अगले ही कुछ सालों में क्षेत्रीय दल कांग्रेस के साथ मिल जाएंगे।



तिलक भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शशि थरूर ने कहा कि देश का माहौल बदल गया है और 4 जून के इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा, यह लोकसभा चुाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। भाजप ने संविधान और लोकतंत्र को ताक पर रख दिया है। विविधिता का खुलेआम अपमान किया जा रहा है। तीन चरणों के मतदान में ही माहौल बदल गया है। दिल्ली से भाजपा की सरकार जा रही है और 4 जून को इंडिया गठबंधन सत्ता में आ रहा है।
कांग्रेस नेता ने भाजपा पर आरोप लगाया कि नागरिकता के मामले में भी वह धर्म ले आए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल सार्वजनिक रूप करते हैं, वैसी भाषा हम बंद कमरे में भी नहीं बोलते।

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास निकास का रास्ता खुला

# दिल्ली से आने वाले वाहनों को होगी सुविधा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने रविवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी से आगे निकास रास्ता खोल दिया। इससे दिल्ली की तरफ से आने वाले वाहन चालकों को राहत मिलेगी। वह इस कट से एक्सप्रेसवे से बाहर आ सकेंगे। एक्सप्रेसवे से बाहर निकलने के लिए लोगों को इससे पहले डासना तक 10 किलोमीटर लंबा अतिरिक्त चक्कर काटना पड़ रहा था। यहीं पर दो सप्ताह पहले प्रवेश का रास्ता भी खोला गया है। मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी और आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए प्रवेश और निकास का स्थान नहीं था। इस कारण दिल्ली की तरफ जाने के लिए वाहन चालकों को एनएच-9 पर चलना पड़ रहा था। एनएच-9 पर वाहनों का दबाव रहने से जाम लगता था। सुबह और शाम भीषण जाम से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। दिल्ली की तरफ से एक्सप्रेसवे से आने वाले वाहन चालकों के लिए क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी के पास बाहर निकलने के लिए निकास स्थान नहीं था। वाहन चालकों को बाहर आने के लिए डासना तक करीब दस किलोमीटर अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा था। लोग डासना से वापस की तरफ जाते थे। इस तरह आसपास के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। स्थानीय लोग निकास और प्रवेश रास्ते की मांग कर रहे थे। इसके लिए लोगों ने केंद्रीय मंत्री वीके सिंह को ज्ञापन दिया था। वीके सिंह ने एनएचएआई अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर निकास और प्रवेश स्थान बनाने के निर्देश दिए थे। फरवरी में निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। एनएचएआई ने दो सप्ताह पहले क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी के पास प्रवेश रास्ता वाहन चालकों के लिए खोला था। दिल्ली की तरफ से आने वाले लोगों के लिए दस दिन पहले निकास स्थान बनाने का काम शुरू हुआ था। यह रास्ता क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी से आगे एबीईएस कॉलेज के पास बनाया है।




### एनएच-9 पर वाहनों का दबाव कम होगा


नए निकास और प्रवेश स्थान बनने से एनएच-9 पर वाहनों का दबाव कम होने की उम्मीद है। इससे लोगों को राहत मिलेगी। सुबह और शाम वाहनों का दबाव होने से जाम लगा रहता है, लेकिन अब वाहन आसानी से मेरठ एक्सप्रेसवे पर प्रवेश कर सकेंगे।

### केंद्रीय मंत्री के प्रयास से लोगों को मिली सुविधा

मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास निकास और प्रवेश स्थान के लिए वीके सिंह ने एनएचएआई अधिकारियों को कहा था। इसके बाद अधिकारियों ने डिजाइन तैयार किया। मंत्रालय से मंजूरी होने के बाद कार्य शुरू कराया गया। एनएचएआई के अधिकारी धीरज सिंह मेरठ एक्सप्रेसवे पर निकास रास्ता वाहन चालकों के लिए खोल दिया गया है। इससे पहले प्रवेश रास्ता खोला गया था। अब वाहन चालकों को राहत मिलने लगी है।

### *अहमदाबाद एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी*

# सीआईएसएफ अलर्ट, बढ़ाई गई सुरक्षा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में उस वक्त हड़कंप मच गया जब राष्ट्रीय राजधानी के 21 अस्पतालों में बम होने की धमकी का ई-मेल भेजा गया। इसके बाद पुलिस, दमकल और बम स्क्वॉड की टीमों ने छानबीन की लेकिन उन्हें कुछ भी नहीं मिला। इसी तरह अहमदाबाद एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी रविवार को ई-मेल के जरिए मिली। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने एयरपोर्ट परिसर की तलाशी ली। हालांकि यह अफवाह साबित हुई। इस दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने कहा कि धमकी भरा ई-मेल दोपहर में सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजा गया था। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने पूरे हवाईअड्डे को खंगाला। धमकी अफवाह निकली क्योंकि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने कहा- बम की धमकी की जानकारी मिलते ही सीआईएसएफ तुरंत हरकत में आ गया। दोपहर में पूरे हवाईअड्डे की गहन तलाशी ली गई लेकिन कुछ भी नहीं मिला। एहतियात के तौर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।


बता दें कि राजधानी दिल्ली के 21 अस्पतालों में बम होने की धमकी का ई-मेल भेजा गया। इनमें बुराड़ी अस्पताल और संजय गांधी अस्पताल ने सबसे पहले करीब दोपहर 3 बजे ई-मेल देखकर पुलिस को सूचित किया। छानबीन के दौरान सामने आया कि ये मेल अन्य अस्पतालों को भी भेजा गया है। इसके बाद संबंधित अस्पतालों को पुलिस ने इसकी जानकारी दी। संजय गांधी अस्पताल और बुराड़ी अस्पताल को भेजे गए मेल में इन अस्पतालों के ई-मेल को भी शामिल किया गया था।

दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग ने रविवार को बताया कि आईजीआई हवाईअड्डे को भी ई-मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी मिली। बता दें कि इसी तरह 11 दिन पहले, एक मई को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 150 से ज्यादा स्कूलों को ईमेल मिला था जिसमें उन्हें बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसकी वजह से छात्रों और अभिभावकों में दहशत फैल गई थी। अधिकारियों को जांच के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला था।

### जंगपुरा हत्याकांड

## घर की नौकरानी निकली दिल्ली के डॉक्टर के मर्डर की मास्टरमाइंड, लूटपाट के लिए रची थी साजिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के पॉश इलाके जंगपुरा इलाके में 63 वर्षीय डॉक्टर योगेश चन्द्र पॉल की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के घर काम करने वाली नौकरानी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में 62 वर्षीय बसंती, हिमांशु जोशी और आकाश जोशी शामिल हैं। हिमांशु और आकाश दोनों सगे भाई हैं। पुलिस ने दोनों के पास से 55 हजार रुपये और ज्वेलरी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वारदात की मास्टरमाइंड बसंती है। उसने अपनी सहेली के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। इसके बाद अपने जानकारों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर ही है। सभी आरोपी नेपाल भाग गए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गत शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे जंगपुरा सी 14 में रहने वाली महिला डॉक्टर ने पुलिस को अपने पति की हत्या की सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 63 वर्षीय डॉक्टर योगेश चन्द्र के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की थी। नौकरानी बसंती को हिरासत में लिए जाने के बाद उसने बताया कि पूरी वारदात उसकी मुखबिरी पर हुई थी और वही इस वारदात की मास्टरमाइंड है। दो आरोपियों को पुलिस ने हरिद्वार से दबोच लिया, जबकि अन्य आरोपी फिलहाल नेपाल भाग गए हैं।



### क्लीनिक से पीछा कर रहे थे आरोपी

बीरबल रोड स्थित डॉक्टर के क्लीनिक के पास के लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से पुलिस को पता चला कि 10 मई की दोपहर जब डॉक्टर घर के लिए निकले तो दो आरोपियों ने उनका पीछा शुरू कर दिया। कॉलोनी के सीसीटीवी की फुटेज में दिखा कि आरोपी डॉक्टर के घर के अंदर जाने के बाद कुछ ही देर में अंदर चले गए और फिर करीब 3.05 बजे घर से तीन लोग निकलते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने संदिग्धों की पहचान की। 5 बजे एक महिला को आरोपियों के साथ देखा। आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाने पर पता चला कि वह डॉक्टर के घर काम करने वाली बसंती के जानकार हैं।

### दिल्ली में अवैध पार्किंग पर होगा ऐक्शन

# मेयर ने एमसीडी कमिश्नर से 5 दिन में मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेयर शैली ओबेरॉय ने एमसीडी कमिश्नर ज्ञानेश भारती को पत्र लिखकर दिल्ली में अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, मेयर शैली ओबेरॉय ने आयुक्त से संबंधित अधिकारियों को दिल्ली के सभी अवैध पार्किंग स्थलों की पहचान करने और उनकी लिस्ट तैयार करने, उनके खिलाफ कार्रवाई करने और पांच दिनों के भीतर ऐक्शन टेकन रिपोर्ट सौंपने का निर्देश देने को कहा है। मेयर शैली ओबेरॉय ने पत्र में कहा है कि मेरे संज्ञान में आया है कि दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में बहुत सारी अवैध पार्किंगें चल रही हैं। ये अवैध पार्किंगें ट्रैफिक जाम की वजह बन रही है। इससे आम लोगों के लिए परेशानी और असुविधा हो रही है। ये अवैध पार्किंगें निगम की छवि भी खराब कर रही हैं। इससे दिल्ली नगर निगम को राजस्व का भारी नुकसान भी हुआ है। मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा है कि ऐसे में यह जरूरी है कि दिल्ली में चल रही विभिन्न अवैध पार्किंगों की पहचान की जाए और सभी अवैध पार्किंगों की एक सूची तैयार की जाए ताकि इनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। सभी अवैध पार्किंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस संबंध में पांच दिनों के भीतर ऐक्शन टेकन रिपोर्ट मेयर कार्यालय को सौंपने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया जाए। बयान में यह भी कहा गया है कि मीडिया रिपोर्टों पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त से अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है। बयान में यह भी बताया गया है कि सुभाष नगर, करोल बाग, गफ्फार मार्केट, अजमल खान रोड समेत अन्य बाजारों में ऐसी अवैध पार्किंग की सूचना मिली है।



## पाकिस्तान आईएमएफ के साथ करेगा अर्थव्यवस्था बढ़ाने की चर्चा, वित्त मंत्री औरंगजेब ने निजीकरण को बताया जरूरी

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** आईएमएफ का प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के अधिकारियों से मुलाकात करेगा। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इस दौरान बेहतर शासन और मजबूत आर्थिक वृद्धि की आधारशिला रखने पर चर्चा की जाएगी।

पिछले महीने पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ तीन अरब डॉलर का सहायता कार्यक्रम पूरा किया और कर्ज न चुका पाने (डिफॉल्ट) वाली श्रेणी से बाहर आ गया। इस्लामाबाद के राहत पैकेज के लिए अनुरोध करने के बाद वॉशिंगटन स्थित वैश्विक ऋणदाता का एक दल बातचीत करने शुक्रवार को पाकिस्तान पहुंचा। पाकिस्तान में आईएमएफ के स्थानीय प्रतिनिधि एस्तेर पेरेज रुइज ने कहा, आईएमएफ के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख नाथन पोर्टर के नेतृत्व में एक दल अगले चरण की चर्चा के लिए अगले सप्ताह अधिकारियों से मुलाकात करेगा।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने बाल यौन शोषण में ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटा, आरोप मुक्त किए 2 लोगों को नोटिस जारी



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने बाल यौन शोषण से जुड़े एक मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा आरोप मुक्त करने के फैसले को स्थगित कर दिया है। साथ ही आरोप मुक्त किए गए दो आरोपियों को नोटिस जारी किया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि भले ही आपराधिक मामलों में जनहित याचिका पर आम तौर पर विचार नहीं किया जाता है, लेकिन ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित आदेश में कई तथ्यों की अवहेलना की गई है। अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि एडिशनल सेशन जज ने पॉक्सो अधिनियम की धारा 2 (डी) के तहत बच्चे की परिभाषा पर संज्ञान नहीं लिया।

इसी कानून की धारा 2(डी(ए)) के तहत बाल अश्लीलता( बाल पोर्नोग्राफी) का प्रावधान है। अदालत ने कहा कि किसी बच्चे से जुड़ी या किसी बच्चे को चित्रित करने वाली कोई भी स्पष्ट यौन सामग्री बाल पोर्नोग्राफी की परिभाषा के अंतर्गत आएगी, जिससे यह पता चलता है कि किसी बच्चे की भागीदारी का केवल प्रथम दृष्टया अनुमान ही पर्याप्त है। मामला अब रोस्टर के अनुसार एकल-न्यायाधीश के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा।

### यह है मामला

विशेष न्यायालय (पॉक्सो) कड़कड़डूमा द्वारा पारित आदेश के खिलाफ तुलिर चैरिटेबल ट्रस्ट नामक संगठन द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई थी। बाल यौन शोषण सामग्री से जुड़े 73 वीडियो उनके उपकरणों से बरामद होने के बाद सीबीआई ने इस मामले में दो लोगों को आरोपी बनाया था। उन पर आईटी अधिनियम की धारा 67 बी (बच्चों को यौन कृत्यों में स्पष्ट रूप से चित्रित करने वाली सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित करने के लिए सजा), धारा 15 (2) (किसी भी रूप में अश्लील सामग्री रखना) के तहत आरोप पत्र दायर किया गया था।

## सड़क किनारे बस में गुजारनी पड़ी यात्रियों को रात, यमुनोत्री समेत चारों धामों में भीड़ से आफत



**देहरादून, एजेंसी।** केदारनाथ-बदरीनाथ चारधाम में तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ से आफत हो गई है। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की वजह से शनिवार रात से ही सभी व्यवस्थाएं पटरी से उतर गई थी। यात्रियों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से इजाफा होने से यात्रियो को जगह जगह रास्तों में ही रोक दिया गया। कई जगह यात्रियों को रात बस में ही गुजारनी पड़ी। रविवार को डामटा, दोबाटा, बड़कोट, गंगानी, खरादी, उपली खरादी, कुथनौर और पालीगाड़ आदि स्थानों पर यात्री वाहनों को रोक लिया। देहरादून में विकासनगर में भी वाहनों को रोका गया। जिससे बाहर से यात्री परेशान नजर आए। यमुनोत्री में श्रद्धालुओं को हुजूम उमड़ने से शनिवार रात से प्रशासन के हाथपांव फूल गए। सरकार ने यमुनोत्री के लिए प्रतिदिन यात्री सीमा नौ हजार तय की है। लेकिन यात्री दोगुने से भी ज्यादा पहुंच गए। यात्रियों की आमद लगातार बढ़ने से वाहनों को रास्ते में ही रुकवाना शुरू कर दिया गया। इसके कारण डामटा, दोबाटा, बड़कोट, गंगानी, खरादी, उपली खरादी, कुथनौर और पालीगाड़ आदि स्थानों जाम की स्थिति पैदा हो गई। आज दोपहर दो बजे तक जगह जगह जाम की स्थिति बनीं रही। यमुनोत्री धाम में शुक्रवार, शनिवार के मुकाबले रविवार को स्थिति काफी नियंत्रित है।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)